

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 10 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## इजरायल-हमास जंग के बीच पीएम मोदी ने की फिलिस्तानी राष्ट्रपति से बात

### कहा- विवाद पर भारत का रुख कायम

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की और गाजा के अल-अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त की. इजराइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच पीएम मोदी ने यह आश्वासन दिया कि भारत फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजेगा. इस बारे में पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत के लंबे समय से चले आ रहे सिद्धांतों को दोहराया है.



पीएम मोदी ने ट्वीट कर बताया कि दोनों देशों के बीच चर्चा हुई है. उन्होंने लिखा कि "फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महामहिम महमूद अब्बास से बात की. गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिक जीवन की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की. हम फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे. क्षेत्र में हिंसा, बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और आतंकवाद पर हमारी गहरी चिंता साझा की." इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया.

#### गाजा के अस्पताल में हुए धमाके से 500 लोगों की हुई थी मौत

इससे पहले हमास की ओर से संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि 17 अक्टूबर की रात को अल-अहली अल-अरबी, जिसे बैपटिस्ट अस्पताल भी कहा जाता है, पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 500 लोग मारे गए. हालांकि इजरायल रक्षा बलों ने कहा था कि अस्पताल में विस्फोट के पीछे उसका हाथ नहीं था. यह गाजा आतंकवादियों द्वारा लॉन्च किए गए एक मिसफायर रॉकेट के कारण अस्पताल में विस्फोट हुआ. अस्पताल में हुए धमाके को लेकर फि लिस्तीनियों और अधिकांश अरब जगत ने इजरायल को दोषी ठहराया था. उन्होंने कहा था कि इजरायल ने चिकित्सा केंद्र पर हमला किया और सैकड़ों लोग मारे गए. इसको लेकर जॉर्डन, तुर्की, मिस्त्र, सऊदी अरब और अन्य लोगों ने यरूशलेम की निंदा की थी.

#### इजरायली पीएम और राष्ट्रपति ने हमास को ही ठहराया था दोषी

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मौतों के लिए 'गाजा में बर्बर आतंकवादियों' को जिम्मेदार ठहराया था. नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, 'तो पूरी दुनिया जानती हैः गाजा में बर्बर आतंकवादी वे हैं जिन्होंने गाजा अस्पताल पर हमला किया, आईडीएफ (इजरायल रक्षा बल) नहीं.' उन्होंने जोर देकर कहा, 'जिन्होंने हमारे बच्चों की बेरहमी से हत्या की, वे अपने बच्चों की भी हत्या करते हैं.' इजरायली राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने हमास के आरोपों को 'खूनी अपमान' बताया था. हर्जोग ने एक ट्वीट में कहा, एक इस्लामिक जिहाद मिसाइल ने गाजा के अस्पताल में कई फिलिस्तीनियों को मार डाला है- एक ऐसी जगह जहां जिंदगियां बचाई जानी चाहिए.

## मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिलने से सपा मुखिया अखिलेश यादव नाराज हैं.

**समाज जागरण**

लखनऊः मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'इंडियन नेशनल इंक्लूसिव डेवलपमेंटल एलाइंस' गठबंधन के तहत कांग्रेस द्वारा सीट नहीं दिए जाने से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ना-



राज हैं. अखिलेश यादव ने कहा कि अगर उन्हें पता होता कि विपक्ष का गठबंधन विधानसभा स्तर के चुनाव के लिए नहीं है तो उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में गठबंधन के लिए बातचीत ही नहीं करती. उन्होंने यह कहा कि अगर सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए तालमेल की बात होगी तो उस पर ही विचार किया जाएगा.

अखिलेश यादव ने शाहजहांपुर में पार्टी के कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए लिए जाते वक्त रास्ते में सीतापुर में संवाददाताओं से बातचीत में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने के बावजूद मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा बुधवार को 22 और सीट पर प्रत्याशी घोषित किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हाल में मध्य प्रदेश के एक पूर्व मुख्यमंत्री ने बैठक बुलाई थी और सपा के लोगों से बातचीत की थी.

उन्होंने कहा, "उस बैठक में सपा नेताओं ने मध्य प्रदेश में अपनी पार्टी के पिछले प्रदर्शन के बारे में बताया था. उस वक्त उन्हें आश्वासन दिया गया था कि गठबंधन के तहत सपा को छह सीट देने पर विचार किया जाएगा लेकिन जब प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए तो समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी गई." उन्होंने कहा, "अगर यह मुझे पहले दिन पता होता कि विधानसभा स्तर पर 'इंडिया' का कोई गठबंधन नहीं है तो हमारी पार्टी के लोग उस बैठक में नहीं जाते, न हम सूची देते और न ही कांग्रेस के लोगों का फोन उठाते." उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, "अगर उन्होंने (कांग्रेस वालों ने) यही बात कही है कि गठबंधन नहीं है तो हम स्वीकार करते हैं. जैसा व्यवहार समाजवादी पार्टी के साथ होगा, वैसा ही व्यवहार उन्हें यहां (उत्तर प्रदेश) पर देखने को मिलेगा." उन्होंने कहा, "प्रदेश स्तर पर कोई गठबंधन नहीं है, तो नहीं है. हमने इसे स्वीकार कर लिया, इसीलिए हमने पार्टी के टिकट घोषित कर दिए. इसमें हमने क्या गलत किया है?" सपा अध्यक्ष ने एक सवाल पर किसी का नाम लिए बगैर कहा, "मैं कांग्रेस के बड़े नेताओं से अपील करूंगा कि अपने छोटे नेताओं से इस तरह के बयान न दिलवाएं."

## UK से MBA फिर Bumble ऐप से डेटिंग, पुलिस के हत्थे चढ़ी दिल्ली-NCR को लूटने वाली 'खतरनाक हसीना'

**समाज जागरण**

गुरुग्राम. डेटिंग ऐप के जरिए युवाओं से दोस्ती कर उन्हें शराब में नशीला पदार्थ देकर लूटपाट करने वाली जालसाज हसीना को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने वारदात में शामिल उसके दो साथियों को भी काबू कर जेल भेज दिया है. आरोपी महिला ने पिछले दो महीने में ही दिल्ली-एनसीआर में 10 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दिया था. पुलिस की मानें तो इन दो महीनों में इन आरोपियों ने युवाओं को शराब में नशीला पदार्थ देकर करीब 30 लाख रुपए लूटे हैं.

एसीपी डॉ कविता ने बताया कि दरअसल, 10 अक्टूबर को सेक्टर-29 डीएलएफ थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि साक्षी उर्फ पायल नामक युवती ने उससे डेटिंग ऐप इ्रैुी के जरिए दोस्ती की थी. ये युवती उससे मिलने के लिए गुरुग्राम आई थी जहां वह उसे अपने घर ले गया. युवती ने शराब पीने के दौरान उससे बर्फ लाने के लिए कहा था. जब वह बर्फ लेने रसोई में गया तो उसने शराब में नशीला पदार्थ मिला दिया जिसके बाद वह बेहोश हो गया.

दो दिन बाद जब उसे होश आया तो उसने पाया कि उसके पास मौजूद नकदी, सोने की चेन, एटीएम कार्ड सहित मोबाइल व अन्य सामान गायब है. इस पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी. मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी महिला को काबू कर लिया जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई. उसने बताया कि वह दो महीने में 10 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दे चुकी है. पूरी वारदात की मास्टरमाइंड यही है और इसके दो साथी विशाल और सुशील इसका सहयोग करते



हैं जिन्हें भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी युवती ने यूनाइटेड किंग्डम से टइअ किया है और वह दिल्ली-एनसीआर खास तौर पर गुरुग्राम में रहने वाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर वारदातों को अंजाम देती थी. पूछताछ में उसने बताया कि दिल्ली के लक्ष्मी नगर और गुरुग्राम के सेक्टर-50 में भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया है. इसके अलावा कुछ अन्य वारदातों के बारे में उससे पूछताछ की जा रही है.

उसने बताया कि इन दो महीने में वह करीब 30 लाख रुपए की लूट कर चुकी है. फिलहाल पुलिस ने इसके दोनों साथियों को जेल भेज दिया है जबकि आरोपी महिला को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है. पूछताछ के दौरान और भी जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## भाजपा लखनऊ महानगर के सभी मंडलों में वोटर चेतना महा अभियान कार्यशाला आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । गुरुवार भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा लखनऊ के सभी 25 मंडलों में वोटर चेतना महा अभियान कार्यशाला आयोजित की गई।

प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कैंट मंडल 3 में स्थित आर्य समाज मंदिर में , नीरज सिंह ने मध्य 1 के विश्व संवाद केंद्र जियामाऊ में, एमएलसी मुकेश शर्मा ने कैंट 2 ऐशबाग में और उत्तर 4 में निराला नगर के जेसी गेस्ट हाउस में, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पश्चिम मंडल तीन के उर्मिला गेस्ट हाउस व केंट मंडल -1 ओम नगर लांन में, महापौर सुषमा खर्कवाल ने उत्तर मंडल -4 के पुरनिया विधायक कार्यालय में,विधायक नीरज बोरा ने उत्तर 1 में कल्याण मंडप मुशाहब गंज और उत्तर 2 मंडल की पुरानिया कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। अन्य मंडलों में एमएलसी रामचंद्र



प्रधान, अंजनी श्रीवस्तव,रजनीश गुप्ता,राजीव दीक्षित,अमित गुप्ता, स्वेता सिंह, जितेंद्र सिंह और विनोद कुमार ने उपस्थित रहकर कार्यकताओं को वोट बढ़ाने के लिए पार्टी की कार्ययोजना बताई।

आनंद दिवेदी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अपने देश की सामाजिक व्यवस्था में रोजगार और अन्य कार्यों से मतदाता अपना स्थान से पलायन करते रहते हैं बहुत बड़ी संख्या मतदाता सूची में ऐसी होती है जो अपने मूल स्थान पर निवास नहीं कर रहे हैं पलायन करके दूसरी जगह चले गए हैं और अवैध और फर्जी रूप से भी वोटर बनाने का कार्य विपक्षी दलों द्वारा किया गया है , बहुत से लोग जो 18 वर्ष के हो चुके हैं लेकिन अभी मतदाता सूची में उनके नाम नहीं है तो इलेक्शन कमीशन प्रतिवर्ष और भारतीय जनता पार्टी की इकाई भी राजनीतिक गतिविधियों में अच्छे से भागीदारी निभाते हैं

#### मतदाता सूची का अध्ययन करने के उद्देश्य से

27 अक्टूबर से आरम्भ होगा। मन की बात के कार्यक्रम के उपरांत प्रत्येक बूथ पर हम मतदाता सूची का अध्ययन करें। 18 वर्ष के पूर्ण हो चुके लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए हमें उनसे संपर्क कर प्रेरित करना है और फार्म भरवाना है। ऑनलाइन फॉर्म भरे जाने के लिए माध्यमों की जानकारी भी नए मतदाताओं तक पहुंचाने का कार्य करना है।

27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक मतदाता सूची का प्रकाशन और आपत्तियो का समय रहेगा। मल्टी स्टोरी बिल्डिंगों में रहने वालों की सुविधा के लिए बिल्डिंग परिसर में पोलिंग बूथों का व्यवस्था की जा रही है।

दूसरा चरण 30 अक्टूबर से 5 नवंबर शुरू होगा जिसमें अभियान चलाकर हमें घर-घर संपर्क करके नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म भरवा कर मतदान केंद्र पर बीएलओ को दिलवाना है। 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक अगले चरण में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अंतिम रूप से बचे हुए नागरिकों एवं युवाओं का ऑनलाइन फॉर्म 6 भरवा कर मतदाता बनाना है।

## श्रीराम बारात शोभायात्रा का भव्य आयोजन, नगरवासियों ने जगह-जगह किये स्वागत

नोएडा।श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के पंचम दिन भगवान श्रीराम की बारात एवं शोभायात्रा सेक्टर 20 के हनुमान मंदिर से एस एम गुप्ता, सुधीर पोरवाल, शांतनु मित्तल,राकेश कुमार, मनोज गोयल, मुकेश गर्ग, एडवोकेट मनोज गुप्ता, बजरंगलाल गुप्ता, संदीप पोरवाल एवं प्रवीण गोयल के संयोजन में बड़े धूम धाम से निकाली गयी। समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने नारियल फोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। सेक्टर 20 से निकली भगवान श्रीराम की बारात सैकडों की संख्या में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगा कर वाता वरण को राममय कर दिया। ढोल, बेंड बाजे, घोड़ों , रथों के साथ निकली राम बारात का जगह जगह फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया । भगवान गणेश , ब्रहमा, शंकर, राम, लक्ष्मण ,भरत ,शत्रुघ्न ,ऋषि वशिष्ठ एवं अन्य राजा अपने अपने रथों एव घोड़ों पर सवार होकर निकले। हुनमान मंदिर समिति द्वारा बारात का भव्य स्वागत किया गया

इसके उपरांत चारमंडपों में श्रीराम



जानकी सहित चारों भाइयों का विधि विधान से विवाह संपन्न होता है। विवाह के पश्चात राजा जनक से अयोध्या नगरी वापस जाने की आज्ञा माँगने पर राजा जनक की आखों से अश्रु छलक पड़ते हैं। जानकी विदाई का मार्मिक मंचन किया गया जिसमे जानकी विदाई के समय राजा जनक की हृद यवस्था का मार्मिक मंचन किया गया। राजा दशरथ गुरू वशिष्ठ जी से कहते हैं कि मेरी एक अभिलाषा हैं कि राम को युवराज पद दे दिया जाये यह सुनकर मुनि वशिष्ठ अति प्रसन्न हुए। राजा ने अपने मंत्री और सेवकों को बुलाकर पूछा अगर आप लोगों को अच्छा लगे तो राम का राजतिलक कर दिया जाये। राम के राज तिलक की बात सुनकर सभी अयोध्या वासी खुशी से झूम उठते हैं और गाते हैं । उधर देवता सोचते हैं कि अगर राम को वनवास नहीं होता हैं तो निशाचरों का नाश कैसे होगो इसके लिए उन्होंने सरस्वती जी से



प्रार्थना की और सरस्वती कैकेयी की दासी मंथरा की बुद्धि फेर देती हैं। मंथरा कैकेयी को समझाती हैं कि इस राजतिलक में सिर्फ राम का भला है । भरत को कुछ नहीं मिलेगा। कैकेयी कोप भवन में चली जाती हैं और जब राजा दशरथ कैकेयी से कोप भवन में जाने का कारण पूछते हैं तो वह राजा को पहले दिये गये उनके वचन को याद दिलाती है कि समय आने पर दो वरदान मांग लेना, मैं पहला वरदान भरत को राज व दूसरा रामको 14 वर्ष का वनवास मांगती हूँ। राजा के समझाने के बावजूद कैकेयी नहीं मानती तो यह सुनकर दशरथ हेराम हेराम कहते हुए मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़ते हैं। मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि कल 20 अक्टूबर को निषादराज गुहा से भेंट, राम केवट संवाद, भरत कैकई संवाद, भरत मिलाप, सुपर्णखा का प्रणय निवेदन लेकर राम लक्ष्मण के पास जाना, नासिक छेदन, खर दूषण वध, रावण दरबार में सुपर्णखा, सीता हरण, सीता की खोज में जाना, शबरी आश्रम में पहुंचना आदि प्रसंगों का मंचन किया जायेगा।

## 'विराट ने मुझे कहा कि लोग क्या कहेंगे....'

### बांग्लादेश पर जीत के बाद केएल राहुल ने बताई किंग कोहली के शतक की पूरी कहानी

नई दिल्ली. विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ वर्ल्ड कप मैच में भारत की जीत में नायक बनकर उभरे. उन्होंने न सिर्फ छक्का लगाकर भारत की जीत पक्की की बल्कि अपने वनडे करियर का 48वां शतक भी लगाया. एक वक्त पर ऐसा लग रहा था कि विराट कोहली अपने शतक से चूक जाएगा. भारत को जीत के लिए जितने रन चाहिए थे, उतने ही रन की दरकार विराट कोहली को अपने शतक के लिए थी. ऐसे में केएल राहुल ने अंत के ओवरों में विराट कोहली के शतक को पूरा करने में अपने सहयोग की पूरी कहानी के बारे में बताया.




विराट कोहली जब 70 रन पर खेल रहे थे. भारत को मैच जीतने के लिए करीब 30 ही रन चाहिए थे. केएल राहुल ने कहा, "जब 30 रनों की जरूरत थी, तो मैंने विराट से कहा कि मैं सिर्फ ब्लॉक करूंगा, तुम शॉट्स के लिए जाओ. अंत में, विराट ने मुझसे कहा कि उन्होंने अपने आराम के लिए इसे बहुत करीब कर दिया है. मैंने सिंगल लेने से इनकार कर दिया. विराट ने कहा कि अगर आप सिंगल नहीं लेंगे तो यह बुरा होगा, लोग सोचेंगे कि मैं व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए मैं खेल रहा हूं, लेकिन मैंने उन्हें कहा कि हम आराम से जीत रहे हैं. आप अपना शतक पूरा करें."

#### विराट ने जड़ा 48वां वनडे शतक

विराट कोहली ने मैच में 97 गेंदों पर छह छक्के और चार चौकों की मदद से नाबाद 103 रन बनाए. यह उनके वनडे करियर का 48वां शतक था. यह पहला मौका है जब विराट ने वर्ल्ड कप में रन चेज के दौरान शतक जड़ा. इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच क अवॉर्ड दिया गया. विराट कोहली मौजूदा वर्ल्ड कप में शानदार फॉर्म में हैं. भारत की वर्ल्ड कप में यह लगातार चौथी जीत है. लगभग सभी मैचों में किंग कोहली ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई है. रन चेज के दौरान विराट और भी घातक हो जाते हैं. इस दौरान उनका औसत 80 के करीब का है

## भारत की चौथी जीत,

### पॉइंट टेबल में न्यूजीलैंड के साथ टॉप पर, क्या बनाएगा लगातार जीत का रिकॉर्ड?

नई दिल्ली. भारत ने वर्ल्ड कप 2023 में अपना लाजवाब प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार चौथा मैच जीत लिया है. उसने पुणे में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया. भारतीय जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने 103 रन की नाबाद पारी खेली. वर्ल्ड कप हिस्ट्री में यह सिर्फ तीसरा मौका है, जब भारत ने लगातार 4 जीत दर्ज की हैं. भारत इस जीत से पॉइंट टेबल में संयुक्त रूप से नंबर वन हो गया है. अब न्यूजीलैंड और भारत के बराबर अंक हैं. लेकिन वह रनरेट में न्यूजीलैंड आगे पीछे है. दिलचस्प बात यह है कि भारत का अगला मुकाबला न्यूजीलैंड से ही होना है. भारत इससे पहले ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को हरा चुका है. भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को पुणे के मैदान पर मुकाबला हुआ. यह दोनों ही टीमों का चौथा मुकाबला था. बांग्लादेश की टीम इस मुकाबले में अपने नियमित कप्तान शाकिब अल हसन के बिना उतरी.

# अंतःशुद्धि का महापर्व है नवरात्रि

**दैनिक समाज जागरण**

नवरात्रि हिन्दू धर्म के लोगो द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दशार्ता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं।

नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।

नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री।

वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है।

नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चैथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।

इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की।

ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतः नवरात्र अंतःशुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।



आलेखः-रमेश सर्राफ धमोरा

# पहाड़ों पर बर्फ और मैदानों में चुनावी गर्मी

**दैनिक समाज जागरण**

देश में पहाड़ों पर बर्फवारी से तापमान गिरकर 20 डिग्री सेल्शियस पर आ गया है लेकिन देश के मैदानी राज्यों में विधानसभा चुनावों की गर्माहट तेज हो गयी है । पारा दिन-ब-दिन बढ़ता दिखाई दे रहा है । राजस्थान में भाजपा की वरिष्ठ नेता श्रीमती बसुंधरा राजे को मना लेने के दावे किये जा रहे हैं, वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा और कांग्रेस में कहीं बगावत जारी है तो कहीं मान-मनव्वल। उधर मिजोरम जाने के लिए भाजपा को कोई चंद्रयान नहीं मिल रहा है। अभी तक मिजोरम में चुनावी माहौल ठंडा बना हुआ है।

पहाड़ों का मौसम बदलता है तो मैदानों का मौसम अपने आप बदलने लगता है ,लेकिन इस बार बर्फवारी के बावजूद मैदानों में चुनावी सरगर्मियां देखने लायक है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ जीतने के लिए भाजपा है कमान को जहाँ रूठों को मनाने में पसीना आ गया वहीं मध्यप्रदेश में अपनी सत्ता बचाये रखने के लिए भाजपा हाईकमान को ऐढी -चोटी का जोर लगना पड़ रहा है । कांग्रेस को राजस्थान और छत्तीस गढ़ में सत्ता बचाना है जबकि मध्यप्रदेश और तेलंगाना में सत्ता हासिल करना है। मिजोरम के बारे में कोई भी दल बहुत ज्यादा गंभीर नहीं है।

मध्यप्रदेश में भाजपा से सत्ता हासिल करने के लिए एक बार फिर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी आखरी दांव लगा रही है । कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के लिए एक लंबा-चौड़ा वचन-पत्र जारी किया है। जिस्मने 59 मुद्दों पर 1250 वचन दिए गए है। कांग्रेस ने इस बार भाजपा सरकार की योजनाओं के नाम बदलने के साथ ही लगभग हर योजना में दी जाने वाली सहायता को स्वय या ड्यौढ़ा बढ़ा दिया है। अगर कांग्रेस अपने वचन-पत्र को मतदाताओं तक पहुंचा पाने में कामयाब रही तो यकीन जानिये कि भाजपा के लिए सत्ता में बने रहना कठिन हो जाएगा वैसे भी भाजपा खरीदे हुए जनादेश के सहारे प्रदेश की सत्ता में है।

भाजपा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि 2003 के प्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जैसी हो गयी है । वे भी अब भाजपा और प्रदेश के लिए बंटाधार साबित हो रहे हैं। प्रदेश में सड़कों और बिजली की दुर्दशा शिवराज सिंह सरकार पर भारी पड़ रही है। शिवराज पिछले विधानसभा चुनाव में कमलनाथ,दिग्विजय और महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया से लड़े थे, इस बार उन्हें कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी के अलावा अपनी ही पार्टी की मोदी-शाह की जोड़ी से भी जूझना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती अभी तक नाराज है। उनके जिन समर्थकों के टिकिट कटे हैं उन्हें बहन मायावती अपनी पार्टी का टिकिट दे रहीं हैं। समाजवादी पार्टी ने भी चुनाव मैदान में खम ठोंक दिए हैं। इससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गयीं हैं। आम आदमी पार्टी अभी तक अपने लिए कोई जगह नहीं बना पायी है। मध्यप्रदेश में कल तक चुनावी रण में सबसे ज्यादा मुस्तैद दिखाई दे रही कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं की बदजुबानी बना-बनाया खेल बिगड़ती दिखाई दे रही है । पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह इस विधानसभा चुनाव के जरिये अपनी राजनीतिक विरासत अपने बेटों को सौंप देने पर आमादा है। पुत्र मोह में ये दोनों नेता पार्टी के नेता राहुल गांधी की कोशिशें को भी पलीता लगा दें तो कोई बड़ी बात नहीं है। कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी युगों पहले बदल चुका है किन्तु आज के मध्यप्रदेश में कांग्रेस की पहचान दो बूढ़े बैलों की जोड़ी से ही है। दोनों अपने जीवन के अमृतकाल में हैं। इस जोड़ी की सबसे बड़ी बाधा ज्योतिरादित्य सिंधिया तीन साल पहले ही कांग्रेस के खेत-खलिहान छोड़कर भाजपा के साथ हो लिए थे।

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जादू जनता के सर से उतरने के लिए मोदी-शाह की जोड़ी ने सरे कस-बल लगा लिए हैं। भाजपा के लिए अशोक गहलोत से बड़ी चुनौती पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती बसुंधरा राजे सिंधिया की बगावत थी ,लेकिन आखिर-आखिर में हाईकमान उन्हें शांत करने में कामयाब होता दिखाई दे रहा है। राजे की नाराजगी भाजपा की सबसे बड़ी चुनाती है । राजस्थान में अशोक गहलोत को यदि किसी के नेतृत्व में हराया जा सकता है तो वे सिर्फ और सिर्फ बसुंधरा राजे ही है। राजे को आईना दिखने के लिए भाजपा हाई कमान ने जयपुर राजघराने की दीया सिंह को आगे बढ़ाने की कोशिश की ,लेकिन पैसा उलटा पड़ा। राजस्थान में भी मध्यप्रदेश की तरह इस बार अनेक केंद्रीय मंत्री और संसद लड़ रहे है। मजा तो तब आता जब भाजपा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी विधानसभा चुनाव में आजमा लेती। खास बात ये है कि प्रत्याशियों के नामों कि घोषणा में कांग्रेस बहुत ज्यादा पिछड़ गयी है। अभी राजस्थान में कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूचीय की ही घोषणा नहीं हुई है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस बेफिक्र होकर चुनाव लड़ रही है । यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच पिछले चुनाव में ही जो फासला बना था उसे पाटना भाजपा के लिए आसान नहीं है। कोई जादू ही इस फासले को पाट सकता है। छत्तीसगढ़ कहने को राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुकाबले एक छोटा राज्य है किन्तु इस राज्य में कांग्रेस की सरकार ने जो कर दिखाया है वो एक महत्वपूर्ण बात है। मध्यप्रदेश और राजस्थान से भिन्न है छग का तापमान। सुदूर दक्षिण के तेलंगाना में भी भी सत्तारूढ़ केसीआर के लिए इस बार अपनी सल्तनत बचाना आसान नहीं दिखाई दे रहा । यहां केसीआर अपने कुनबे को बचने के फेर में अपनी सरकार गंवाने जा रहे है। तेलंगाना में भाजपा के लिए न पहले कोई गुंजाइश थी और न अब दिखाई दे रही है। मिजोरम को तो फिलहाल जाने ही दीजिये।

विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों के नामों कोई घोषणा का काम भाजपा और कांग्रेस अभी तक पूरा नहीं कर पायी हैं जबकि कल से नामांकन भरने की प्रक्रिया आरम्भ हो जाएगी । मुझे न जाने क्यों लगता है कि कांग्रेस और भाजपा नाम वापसी के दिन तक प्रत्याशियों के नामों का अंतिम फैसला कर पाएंगीं। इन विधानसभा चुनावों को लेकर आम मतदाता में अभी अपेक्षित सुगबुगाहट पैदा नहीं हुई है ,हालांकि अब शहरों और गांवों में होर्डिंग और बैनर उग आये हैं। प्रत्याशियों ने अपना जन सम्पर्क आरम्भ कर दिया है। राजनीतिक दलों का पैसा बहता नजर आने लगा है।

@ राकेश अचल

# भारतीय युवा तेज मष्तिष्क विदेशों में सेवारत,भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट, प्रभावी अंकुश जरूरी।

**दैनिक समाज जागरण**

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है ।इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।



संजीव ठाकुर, स्तंभकार ,चिंतक लेखक , रायपुर छत्तीसगढ़

# खुशियों से नीरसता पर विजय दिलाना होगा

खुशियों से नीरसता पर विजय दिलाना होगा,
होंठों पर मुस्कान सजा हर हृदय हँसाना होगा,
निष्काम प्रेम, निष्काम भक्ति का पाठ पढ़ाना होगा,
व्यथित हृदय होकर भी हर व्यथा भुलाना होगा।
खुशियों से नीरसता पर...

जिसके घर बच्चे भूखे हों,राशन पहुँचाना होगा,
दीन, दुखी व निबलों को जीना सिखलाना होगा,
जिनकी आशा टूट चुकी उन्हें आश बँधाना होगा,
भारत की पावन धरती को खुशहाल बनाना होगा।
खुशियों से नीरसता पर...

स्वप्न देखना छोड़ चुके जो, उन्हें जगाना होगा,
अच्छे भविष्य की कल्पना से उनको साकार
कराना होगा, बात पते की अनुभव कहता, उनको
बतलाना होगा, कल्पना का एक दायरा निश्चित
करवाना होगा।
खुशियों से नीरसता पर...

आधा-अधूरा ही हो, पर पूरा करवाना होगा,
जो पूरा न हुआ है तो भी प्रोत्साहन देना होगा,
आने वाले हसीन लम्हों की याद दिलाना होगा,
खुशियों के उन लम्हों की ओर बढ़ जाना होगा।
खुशियों से नीरसता पर...

गाँवों से शहर की दूरी बहुत अधिक थी लगती,
पढ़ लिखकर जब निकले दूरी घटती सी लगती,
पहुँचे जब शहरों में, सोचा, थोड़ा और सोचना
होगा,
मन मलीन न करे कोई, हौंसला दिलाना होगा।
खुशियों से नीरसता पर...

गाँव की याद सतायी जब पुनः लौट कर आये,
शहर गाँव की हर घटना अब अपनी ही है लगती,
खेतों खलिहानों के पास आए तो फिर लगा,
जड़ें यहीं थीं, इनको फिर से मजबूत बनाना होगा।
खुशियों से नीरसता पर...

अब शहरों की भीड़ बर्दाश्त नहीं हो पाती है,
मन वापस गाँव में रमता है, चौपालें जमती हैं,
कुछ कुछ गुण अवगुण अब बोझिल से लगते हैं,
आदित्य शहर की लड़ियाँ सपनों की जलाना
होगा। खुशियों से नीरसता पर...

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

# कात्यायनी षष्टम

माँ दुर्गा के छठे रूप का नाम कात्यायनी है। इनके नाम से जुड़ी कथा है कि एक समय कत नाम के प्रसिद्ध ऋषि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए, उन्हीं के नाम से प्रसिद्ध कात्य गोत्र से, विश्वप्रसिद्ध ऋषि कात्यायन उत्पन्न हुए। उन्होंने भगवती पराम्बरा की उपासना करते हुए कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि भगवती उनके घर में पुत्री के रूप में जन्म लें। माता ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। कुछ समय के पश्चात जब महिषासुर नामक राक्षस का अत्याचार बहुत बढ़ गया था, तब उसका विनाश करने के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने अपने अपने तेज और प्रताप का अंश देकर देवी को उत्पन्न किया था। महर्षि कात्यायन ने इनकी पूजा की इसी कारण से यह देवी कात्यायनी कहलायीं। अश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेने के बाद शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी, तीन दिनों तक कात्यायन ऋषि ने इनकी पूजा की, पूजा ग्रहण कर दशमी को इस देवी ने महिषासुर का वध किया। इन का स्वरूप अत्यन्त ही दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला है। इनकी चार भुजायें हैं, इनका दाहिना ऊपर का हाथ अभय मुद्रा में है, नीचे का हाथ वरदमुद्रा में है। बांये ऊपर वाले हाथ में तलवार और निचले हाथ में कमल का फूल है और इनका वाहन सिंह है। आज के दिन साधक का मन आज्ञाचक्र में स्थित होता है। योगसाधना में आज्ञाचक्र का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित साधक कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पित कर देता है। पूर्ण आत्मदान करने से साधक को सहजरूप से माँ के दर्शन हो जाते हैं। माँ कात्यायनी की भक्ति से मनुष्य को अर्थ, कर्म, काम, मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।




### ध्यान

वन्दे वांछित मनोरथार्थ चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढ़ा चतुभुर्जा कात्यायनी यशस्वनीम्॥
स्वर्णाआज्ञा चक्र स्थितां षष्टम दुर्गा त्रिनेत्राम्।
वराभीत करां षगपदधरां कात्यायनसुतां भजामि॥
पटाम्बर परिधानां स्मेरमुखी नानालंकार भूषिताम्।
मंजीर, हार, केयूर, किंकिणि रत्नकुण्डल मण्डिताम्॥
प्रसन्नवदना पञ्वाधरां कांतकपोला तुंग कुचाम्।
कमनीयां लावण्यां त्रिवलीविभूषित निम्न नाभिम॥

### स्तोत्र पाठ

कंचनाभा वराभयं पद्मधरा मुकटोज्जवलां।
स्मेरमुखीं शिवपत्नी कात्यायनेसुते नमोअस्तुते॥
पटाम्बर परिधानां नानालंकार भूषितां।
सिंहस्थितां पदमहस्तां कात्यायनसुते नमोअस्तुते॥
परमांवदमयी देवि परब्रह्म परमात्मा।
परमशक्ति, परमभक्ति,कात्यायनसुते नमोअस्तुते॥

### कवच

कात्यायनी मुखं पातु कां स्वाहास्वरूपिणी।
ललाटे विजया पातु मालिनी नित्य सुन्दरी॥
कल्याणी हृदयं पातु जया भगमालिनी॥

# जिंदगी के हर पल

जिंदगी के हर पल चमकदार
नहीं होते,
जिंदगी में हर पल चमत्कार नहीं
होते।

ईमान और पसीने से बनती है
जिंदगी,
बेईमान कभी भी इज्जतदार नहीं
होते।

अच्छी नियत साफ इरादे रखिए
जनाब,
आस्तीन के सांप कभी वफादार
नहीं होते ।

गर नमक खाया वतन का तो
अदा कर पूरा
नमक हराम कभी अच्छे
पहरेदार नहीं होते

जख्म पर अपने मरहम की
उम्मीद मत कर हर किसी से से
उठे हुए हर हाथ मददगार नहीं
होते '

जमाने की चकाचौंध से फिसल
मत जाना संजीव,
सफेद लिबास में हर कोई
ईमानदार नहीं होते'

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जस्टिस वी.के. मेहरोत्रा स्मृति अंतर महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता



**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। भारतीय संस्कृति एवं शिक्षा समिति द्वारा मनाया जाने वाला वार्षिक उत्सव इस वर्ष भी भारतीय विद्या भवन महिला महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर एक वृहद अन्तरमहा-विद्यालय वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे लखनऊ के लगभग एक दर्जन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने "सोशल मीडिया पर वास्तविक मित्रता सम्भव नही" विषय पर अपना पक्ष और विपक्ष रखा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रवीर कुमार,आईएएस (अवकाश प्राप्त), विशिष्ट अतिथि आनन्द वर्धन सिंह तथा वी.के. सिंह उपस्थित रहे।

माँ सरस्वती तथा जस्टिस वी.के.मेहरोत्रा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ मानद सचिव विजय गोपाल द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।

सरस्वती वंदना की मनभावन प्रस्तुति के बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर अलका निवेदन ने वार्षिक रिपोर्ट रखी, इसके बाद मां दुर्गा को नमन करते हुए दुर्गा स्तुति की प्रस्तुति झलक मिश्रा द्वारा दी गई, साथ ही साथ महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस वी के मेहरोत्रा की स्मृति में महाविद्यालय के वर्तमान अध्यक्ष मनीष मेहहोत्रा द्वारा उनके पिता से जुड़े संस्मरणों को साझा किया गया । तत्पश्चात महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजि गत वर्ष की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही अंतर महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया, जिसमें

**प्रथम पुरस्कार -**

1. आयुशी जायसवाल ( भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कॉलेज)
2. रिश्ता सिंह (नवयुग)

**द्वितीय पुरस्कार -**

1. मुस्कान (करामत)
2. तनीषा सिंह (जेएनपीजी)

**तृतीय पुरस्कार -**

1. श्रीष्टि लालवानी (सीआईएमएस)
2. संजीवनी पाठक (भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कॉलेज)

तथा कॉलेज शील्ड - भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कॉलेज को प्रदान किए गए । मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार द्वारा आशीर्वचन प्रस्तुत करने के पश्चात महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉक्टर संदीप बाजपेई द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन अखिलेश पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की संयुक्त सचिव मालती त्यागी, वरिष्ठ शिक्षिकाएं डॉ प्रियंका सिंह, डॉ नीता सक्सेना, डॉ छवि निगम, श्वेता विश्वकर्मा, नजमा शकील, प्रिया श्रीवास्तव, डॉ चित्रा मोदी, यामिनी शर्मा, ममता यादव, पलक सिंह, आलोक मिश्रा, राशिका कनौजिया, डॉ नीति शर्मा, डॉ नम्रता सिंह, डॉ शशिकांत मिश्रा उपस्थित रहे।

## भगवान वाल्मीकि की जयंती पर हर मंदिर में कराया जा रहा अखंड रामायण का पाठ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा होता था, लेकिन आज वह पहचान के मोहताज नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव आंबेडर ने जिस समरस समाज की स्थापना का सपना देखा था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार पूरे देश में स-াकार कर रही है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना उसी की साक्षात अनुभूति है। इसी के तहत अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं बाबा विश्वनाथ धाम में बड़ा बदलाव हुआ है। लालपुर में महर्षि वाल्मीकि की पावन जन्मस्थली का पुनरोद्धार हो रहा है। इसके साथ ही संत रविदास की पावन जन्मस्थली में भी व्यापक सुंदर-ीकरण का कार्य केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कर रही है। स-रकार की ओर से भगवान वाल्मीकि की जयंती पर हर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ कराया जा रहा है, जिससे समाज को जोड़ने का काम किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि पहले पर्व और त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने से रोका जाता था, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की है। इतना ही नहीं शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का कार्य भी प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। तकनीक का प्रयोग करते हुए भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि को लाभार्थी के खातों में पहुंचाया जा रहा है। वहीं सही लाभार्थी तक राशन पहुंने के लिए ई पॉस मशीन का उपयोग किया जा रहा है।

# पूर्वी उप्र में पहली नवंबर से शुरू होगी धान खरीद

## धान बिक्री के लिए 3 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण

**लखनऊ व अयोध्या संभाग के जिलों में 20 अक्टूबर से शुरू होगी खरीद**

लखनऊ, 19 अक्टूबरः खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में खरीद शुरू किया जाना प्रस्तावित है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर से धान खरीद प्रारंभ है। पूर्वी उप्र के 3,08,663 किसानों द्वारा धान बिक्री हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है तथा 2282 कृषकों से 13648 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। गतवर्ष इस अवधि में 332 किसानों से 1614 मीट्रिक टन खरीद की गई थी।

**लखनऊ व अयोध्या संभाग में 20 से शुरू होगी खरीद**

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के अनुसार किसानों के हित में धान की आवक के दृष्टिगत पूर्वी उप्र के लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव तथा अयोध्या संभाग के जनपद सुल्तानपुर, अमेठी अयोध्या, अंबेडकर नगर, बाराबंकी में धान की खरीद 20 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। इसके लिए उक्त जनपदों के जिलाधिकारियों को क्रय केंद्र क्रियाशील कराते हुये किसानों से धान की खरीद प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इन जनपदों में किसान 20 अक्टूबर से धान बिक्री कर सकते हैं।

**गत वर्ष 1614 मीट्रिक टन हुई थी खरीद, अब तक हो चुकी 13648 मीट्रिक टन खरीद**

पिछली बार सभी एजेंसियों से 1614 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक बुधवार तक 13648.46 मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। 2282 किसान इससे अभी तक लाभान्वित हो चुके हैं। 730 केंद्रों पर 13640.22 मीट्रिक टन क्रमिक धान खरीद कॉमन व हाइब्रिड 8.24 मीट्रिक टन हुई है।

## एक करोड़ 91 लाख बच्चों को फ्री में दी जा रही यूनिफॉर्म

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के गरीब और वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पीएम विश्वकर्मा, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला, कृषक दुर्घटना बीमा योजना जैसी दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही हैं। पहले समाज के कई निचले तबको के लिए शासन के पास कोई योजना नहीं होती थी, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार उनको केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में एक करोड़ 91 लाख बच्चों को फ्री में यूनिफॉर्म दी जा रही है। वहीं पौने तीन करोड़ परिवारों को शौचालय, 55 लाख परिवारों को एक-एक आवास, एक लाख से अधिक गांवों में बिजली पहुंचाने का कार्य हुआ, जहां एक करोड़ 56 लाख परिवारों को फ्री में बिजली के कनेक्शन दिये गये हैं। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 14 लाख पटरी व्यवसायियों को बैंक से जोड़ा गया है। सरकार ने उन्हे साहूकारों के कर्ज से मुक्त कराने का काम किया गया

# सीएम योगी की फटकार के बाद राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में आयी तेजी

**- पिछले एक माह में राजस्व वाद के पेंडिंग मामलों के निस्तारण का रेश्यो पहुंचा शत-प्रतिशत**

**- राजस्व वाद के मामलों के निस्तारण ने भी 90 प्रतिशत का रेश्यो किया पार**

**- सीएम योगी ने पिछले माह लापरवाही पर राजस्व विभाग को लगायी थी कड़ी फटकार**

**- सीएम ने अधिकारियों को एक माह में सुधार लाने के दिये थे निर्देश**

लखनऊ, 19 अक्टूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फटकार के बाद राजस्व के पेंडिंग मामलों के निपटारे में तेजी दर्ज की गयी है। वर्तमान में राजस्व वाद के पेंडिंग मामलों के निस्तारण का रेश्यो शत-प्रतिशत दर्ज किया गया है जबकि राजस्व के मामलों के निस्तारण का रेश्यो 90 प्रतिशत पार कर गया है। यह जानकारी 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव राजस्व ने दी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर को एनेक्सी में सीएम कमांड सेंटर की रिपोर्ट की समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने राजस्व के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने में हीलाहवाली पर कड़ी फटकार लगाई थी। उन्होंने अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की सख्त हिदायत देते हुए एक माह का वक्त दिया था। उसी का असर है कि एक माह में करीब-करीब पांच लाख राजस्व वादों का निपटारा किया गया है जबकि एक वर्ष से पांच वर्ष के विचाराधीन 2.6 लाख वादों का निपटारा किया गया।

**लखनऊ ने एक माह में एक लाख से अधिक राजस्व वादों का किया निपटारा**

अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 अक्टूबर को राजस्व की समीक्षा बैठक में राजस्व के पेंडिंग मामलों के निस्तारण के शत-प्रतिशत रेश्यो पर खुशी जाहिर की जबकि राजस्व के अन्य मामलों के निपटारे का रेश्यो 95 प्रतिशत करने के निर्देश दिये। सर्वाधिक राजस्व वादों का निस्तारण लखनऊ (1,00,307 वाद), बलिया (70,761 वाद), प्रयागराज (65,771 वाद), गोरखपुर (62,906 वाद), गोंडा (58,264 वाद) द्वारा किया गया है। इसी तरह पैमाइश के मामलों के निपटारे में टॉप पांच जिलों में बलिया, आजमगढ़, एटा, गाजीपुर और लखनऊ शामिल हैं। कुल 5,33,089 मामले रजिस्टर्ड हुए, जिनमें से 4,36,921 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं। पिछले एक माह में 29,032 मामलों को निपटाया गया है। इन मामलों को उपजिलाधिकारी स्तर पर 90 दिनों में निपटाने का प्राविधान है।

**नामान्तरण के मामले निपटाने में बलिया, गोंडा और शाहजहांपुर ने मारी बाजी**

नामान्तरण के 1,26,29,738 आवेदन आए, जिसमें से 1,18,86,265 आवेदन का निस्तारण किया गया, जिसका रेश्यो 94 प्रतिशत से अधिक रहा। इनमें बलिया, गोंडा, शाहजहांपुर, लखनऊ और बस्ती का अच्छा प्रदर्शन रहा। इसी तरह कुर्रा बटवारा के 4,82,238 आवेदन आए, जिसमें से 31,282 आवेदन का निस्तारण किया गया। इनमें बलिया, गोंडा, गाजीपुर, कुशीनगर और आजमगढ़ का अच्छा प्रदर्शन रहा। मालूम हो कि कुर्रा बटवारा के मामलों को निपटाने की समय सीमा 6 माह है, जिसे उप जिलाधिकारी स्तर से निपटाया जाता है।

# महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## अगले वर्ष से कन्या सुमंगला के तहत देंगे 25 हजार रुपए: सीएम योगी

**सीएम योगी ने हाथरस में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया**

**हाथरस में सीएम योगी ने 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया**

**बोले सीएम- साढ़े नौ साल में देश बदला, साढ़े छह वर्ष में प्रदेश**

**सीएम योगी ने कहा- महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनको आगे लाया जा रहा है**

19 अक्टूबर, हाथरस/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। आज सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं डबल इंजन की सरकार के एजेंडे में हैं। पिछले साढ़े नौ साल के अंदर हमने नए भारत का दर्शन किया है। जिसमें किसी के साथ जाति, धर्म और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनको आगे लाया जा रहा है।

सीएम योगी ने गुरुवार को सेठ फूल चंद बांग्ला पीजी कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया। साथ ही सीएम योगी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के अंदर दंगे बंद हो गए हैं। खुशी के साथ यहां त्यौहार मनाए जा रहे हैं।



**बन रहीं नई-नई योजनाएं**

सीएम योगी ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों में देश को बदलते हुए देखा है। वहीं साढ़े छह वर्ष में प्रदेश में परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। आज के भारत में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। अब सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। जिन्हें विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है उनके लिए नई-नई योजनाएं बन रही हैं।

**सरकार का उद्देश्य, हाथरस की बेटियां भी आगे बढ़ें**

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की सोच विकास की है। इसी के अंतर्गत सरकार सड़क, पेयजल, स्टेडियम सहित अपने तमाम कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जैसे एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेटियों ने कमाल किया। वैसे ही हाथरस जनपद में भी बेटियां आगे बढ़ें। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यह तय किया है कि एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल लेकर आने वाली बेटियों को हम डिप्टी एसपी बनाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि बेटा और बेटी में कोई भेदभाव न हो इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत मिलने वाली धन राशि को हमारी सरकार ने बढ़ा दिया है। इसके तहत मिलने वाली 15 हजार की राशि को बढ़ाकर हमने 25 हजार कर दिया है।



कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, हाथरस सांसद, राजवीर सिंह, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय सहित भारी संख्या में जनपद और उसके आस-पास की महिलाएं उपस्थित थीं।

# 2612 किसानों से 14066.30 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद

## योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से किसानों को किया जा चुका 2786.55 लाख का भुगतान

**बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित, 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्रों से की गई खरीद**

लखनऊ, 19 अक्टूबरः योगी सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन पर पूरा ध्यान रखी है। मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार एक तरफ जहां आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन कर रही है, वहीं किसानों द्वारा इसकी खरीदारी पर भी काफी जोर दे रही है। योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से अब तक 2612 किसानों से 14066.30 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की जा चुकी है। इसके लिए 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्रों से खरीद की गई है। इस मद में किसानों को 2786.55 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने किसानों को पहले ही बड़ी सौगात देते हुए बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

**अलीगढ़ मंडल में 6691 व आगरा में 6364 मीट्रिक टन की हुई खरीद**

बुधवार तक बाजरा की खरीद सर्वाधिक अलीगढ़ मंडल में हुई है। अलीगढ़ मंडल में कुल 6691.30 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। मंडल के हाथरस में 2180.20 मीट्रिक टन, अलीगढ़ में 1751.45, कासगंज में 1429.20 व एटा में 1330.45 मीट्रिक टन क्रमिक बाजरा की खरीद हुई। वहीं आगरा मंडल के फिरोजाबाद में 3019.20, आगरा में 1865. 65, मैनपुरी में 1062.05 व मथुरा में 418. 05 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है।

***40 जनपदों में 2612 किसानों से की जा चुकी है खरीद***

बुधवार तक 40 जनपदों में 2612 किसानों से खरीद की जा चुकी है। फिरोजाबाद में 493, हाथरस में 448, आगरा में 447, अलीगढ़ में 351, एटा में 235, कासगंज में 190, मैनपुरी में 180, मथुरा में 86, बदायूं में 46, औरैया में 39, इटावा में 38, बुलंदशहर में 31, कानपुर देहात में 21, फरुर्खाबाद में 4, संभल में 3 किसानों से बाजार की खरीद की जा चुकी है। वहीं किसानों से अन्य स्थानों पर भी तेजी से खरीदारी जारी है।

***बाजरा की खरीद के लिए 369 क्रय केंद्र स्थापित***

सूबे में बाजरा की खरीद के लिए 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसमें बुलंदशहर में 9, गौतमबुद्ध नगर में 2, मुरादाबाद में 5, रामपुर में 6, संभल में 8, अमरोहा में 2, बरेली में 9, बदायूं में 18, शाहजहांपुर में 7, सीतापुर में 6, हरदोई में 8, उन्नाव में 5, आगरा में 19, मथुरा में 15, मैनपुरी में 12, फिरोजाबाद में 18, अलीगढ़ में 19, एटा में 12, कासगंज में 15, हाथरस में 14, कानपुर नगर में 5, कानपुर देहात में 11, इटावा में 15, फरुर्खाबाद व कन्नौज में 6-6, औरैया में 14, बलिया-वाराणसी में 7-7, चंदौली में 3, जौनपुर में 8, गाजीपुर में 11, मीरजापुर में 10, संत रविदास नगर में 8, प्रयागराज में 6, कौशांबी में 9, फतेहपुर में 5, प्रतापगढ़, बांदा व जालौन में 8-8 तथा चित्रकूट में 5 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद गौतमबुद्धनगर का किया सघन भ्रमण।

गौतमबुद्धनगर 19 अक्टूबर, 2023 उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्तित्व तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने जनपद गौतम बुद्ध नगर का सघन भ्रमण किया। माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 4.0 अभियान के अन्तर्गत कक्षा 12वीं की यू०पी०, सी०बी०एस०सी० एवं आई०एस०सी०ई० बोर्ड परीक्षा 2023 में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को बीस हजार रुपए का डमी चेक, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र वितरण किया गया। साथ ही तीरंदाजी, एथलेटिक फुटबॉल खेल में उत्कृष्ट उपलब्धी प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इसी के साथ 6 माह की बालिकाओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया एवं प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रीमण आवास योजना की महिला लाभार्थिओं को डमी चाभी वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के आर्थिक समृद्धि एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक निवेश निधि सी आई एफ की धनराशि रू. 4 करोड़ 26 लाख 80 हजार सी०एल०एफ० के पदाधिकारियों को डमी चेक के माध्यम से दिया गया। तदोपरांत मा0 उप मुख्यमंत्री जी के द्वारा कलैक्ट्रेट सभागार में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के उद्यमियों के साथ संवाद करते हुए उद्यमियों एवं निवेशकों की समस्याओं का बहुत ही गहनता के साथ अनुश्रवण किया और उद्यमियों व निवेशकों को आश्वस्त किया कि उद्यमियों व निवेशकों के सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। बैठक में उद्यमियों ने मा0 उपमुख्यमंत्री जी को पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने उद्योगों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। उद्यमियों के साथ बैठक करने के उपरांत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने जिला प्रशासन एवं प्राधिकरणों के अधिकारियों के साथ जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि सरकार की मंशा और जनभावनाओं के अनुरूप अधिकारी अपना कार्य करें, विकास कार्य में गति प्रदान करें। सरकार की मंशा है, हर गरीब तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा जनमानस की समस्याओं एवं गरीब व निर्बल वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ पहुंचाने के विशेष प्रयास सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा सरकार की मुख्य प्राथमिकता समाज की अंतिम पक्ति में खडे. अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजना से जोड़ना है और उसे लाभान्वित करना है। हर घर में हर गरीब को छत देने का भी सरकार कार्य कर रही है। सरकार राशन निशुल्क वितरित कर रही है लाभार्थियों का पूरा राशन मिलना चाहिए। बिजली, पानी, शिक्षा स्वास्थ्य की कोई समस्या न हो इस उद्देश्य के साथ अपने अपने दायित्वों का अधिकारीगण निर्वहन करे। मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कोई भी जनप्रतिनिधि उनके कार्यालय में किसी कार्य के लिए आता है, तो अधिकारीगण उनकी समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें और यदि आपके स्तर का कार्य नहीं है, तो जनप्रतिनिधि को आश्वस्त करें।

# पहले होगी आवास की व्यवस्था, फिर होगी बेदखली की कार्यवाही

## योगी सरकार का बड़ा निर्णय, गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों के लिए आवास की व्यवस्था किए जाने के बाद ही उन्हें किया जाएगा सार्वजनिक भूमि से बेदखल

लखनऊ, 19 अक्टूबर। योगी सरकार ने गरीबों, वंचितों और एससी-एसटी समेत पिछड़ी जातियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों को सार्वजनिक भूमि से बेदखल करने की कार्यवाही करने से पूर्व उनके आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सरकार ने इसके लिए जिलाधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए ऐसे मामलों में गरीबों के उत्पीड़न और शोषण पर कड़ा रुख अपनाने के भी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने ये निर्देश उन शिकायतों पर दिए हैं, जिनमें सार्वजनिक भूमि पर अनुसूचित जाति, जनजाति के गरीब तथा भूमिहीन व्यक्तियों को बिना विधिक प्रक्रिया के अनुपालन के हटाया जा रहा है।

**शिकायत पर नपेंगे अधिकारी व कर्मचारी**

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग द्वारा समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद एवं पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस आयुक्त को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि अवैध संपत्तियों एवं भूमाफिया का चिन्हीकरण तथा अतिक्रमण हटाए जाने से संबंधी कार्यवाही करते समय किसी गरीब, असहाय एवं कमजोर व्यक्ति का उत्पीड़न न होने पाए तथा विधिक प्रक्रियाओं का अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। गरीबों के उत्पीड़न, शोषण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी स्वयं प्रकरण की जांच करेंगे तथा जांच में दोषी पाए जाने पर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करेंगे।

**सरकार ने तय की जिलाधिकारियों की जिम्मेदारी, ऐसे मामलों में गरीबों के उत्पीड़न और शोषण पर कड़ा रुख अपनाने के भी दिए निर्देश**

पत्र में कहा गया है कि सरकार ने पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए थे, लेकिन उसका अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक व स्वीकार योग्य नहीं है। इसमें कहा गया है कि गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों के आवास की व्यवस्था किए जाने के बाद ही उनको बेदखल करने की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा गया है कि इन निदेर्शों का जिलाधिकारी द्वारा कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अनुपालन में शिथिलता के लिए संबंधित जिलाधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# सीएम योगी ने की निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय से संबंधित निर्माण कार्यो का का किया निरीक्षण, सभी निर्माण कार्यो को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश**

अलीगढ़ में गुरुवार के दौरे के मध्य सीएम योगी आदित्यनाथ ने निमार्णाधीन राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। अलीगढ़ में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में संबोधन के उपरांत सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय में जारी निर्माण कार्यों को देखकर संतुष्टि प्रगट करते हुए कार्यों की जल्द से जल्द पूर्ति के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ समेत उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों के विकास पर विशेष फोकस कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्रियल एक्सपैंशन समेत कई परियोजनाओं को रफ्तार दी जा रही है।

# आंधी से धराशाई दुर्गा पंडाल मामले में टेंट हाउस मालिक पर मुकदमा दज

**अयोध्या। दैनिक समाज जागरण**

जनपद में सोमवार को सायं आई आंधी में नाका हनुमान गढ़ी के सामने स्थित दुर्गा पंडाल तथा ब्रह्मबाबा मंदिर के पास दुर्गा पूजा पंडाल क्षतिग्रस्त हो गये थे। जिसमें आयोजक की तहरीर पर पुलिस ने पण्डाल बनाने वाले के खिलाफ मुकद्मा पंजीकृत किया है। श्री हनुमत नवयुवक संघ के आयोजक/सदस्य व भाजपा नेता मुरारी सिंह यादव द्वारा दर्ज कराए गये मुकदमें में आरोप लगाया गया है कि दुर्गा पूजा पंडाल बनाने का कार्य राज फ्लावर डेकोरेश करमा चौराहा अयोध्या को दिया गया था। जिसके मलिक रामनाथ सोनी से बार-बार समिति के सदस्यों द्वारा उचित सर्पोट देने के लिए कहा जा रहा था। जिसपर उनके द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया। पंडाल के समीप लकी ड्रा में नई टाटा टियागो वाहन खडा था जो पंडाल गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। पंडाल के गिरने पर रामनाथ सोनी से कोई सम्पर्क नही हो पाया। उनका फोन ऑफ कर लिया गया। समिति के सदस्यों द्वारा पंडाल हटाया गया। साथ ही इन्ही के द्वारा ब्रह्मबाबा मंदिर के पास लगाया पंडाल में भी उचित सर्पोट नही दिया गया। जिसके कारण वह आंधी में क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें दो लोगों को चोटें आई। मुरारी सिंह यादव की तहरीर पर पुलिस ने धारा 337 व 427 में रामनाथ सोनी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन का कारनामा

**अयोध्या दैनिक समाज जागरण**

जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन में बिना एक्सपायरी दवाएं गड्ढे में फेंकना दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। फेंकी गई दवाइयां व इंजेक्शन 2024 तक मान्य है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह कर्मचारियों द्वारा मरीजो को न बांट कर अस्पताल के पश्चिम टंकी के पास गड्ढे में फेंक कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई। सरकार मरीजों के लिए अच्छी से अच्छी दवाइयां इंजेक्शन आपूर्ति कर रही है, लेकिन तारुन सीएचसी के कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। क्षेत्र में इस तरह की घोर लापरवाही की चर्चा दिनभर बनी रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर पंचम कमलेश यादव से इस संबंध में जानकारी मांगा तो उन्होंने दूरभाष के माध्यम से बताया कि भूल बस कर्मचारियों द्वारा एक्सपायरी समझ कर गड्ढ़े में फेंका गया था। दवाइयां एक्सपायरी नहीं थी। दोबारा गड्ढ़े से निकालकर लाकर स्टोर रूम में रखवा दिया गया तथा कर्मचारियों को सख्त हिदायत दिया हूं कि भविष्य में ऐसा ना हो।

## मार्ग के वगैर गांवों का विकास संभव नहीं

**अयोध्या दैनिक समाज जागरण**

हर गांवों में सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार संकल्पित है यह बातें अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को ग्रामोदय महाविद्यालय रामपुर सरधा में आयोजित 335.38 लाख की 43 सड़कों के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा समाज के कमजोर लोगों के लिए तमाम सरकारी योजनाएं लागू हैं जिसका लाभ गरीब व असहाय व्यक्तियों को मिल रहा है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, हर घर पानी, बिजली सहित तमाम योजनाएं लोगों के कल्याण के लिए लागू है। नगर विधायक के द्वारा विधायक निधि से 15 सड़कें जिसकी लागत 127.36 लाख व पूर्वांचल निधि से 10 सड़कों जिसकी लागत 83.5 लाख से निर्मित सड़कों का लोकार्पण किया। विधायक निधि से निर्मित होने वाली 18 सड़कों जिसकी लागत 124.58 है का शिलान्यास भी किया।

इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह, जिपंस देवता प्रसाद पटेल, प्रधान संघ के अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर, दिनेश कुमार मिश्रा, नंदकुमार सिंह, राजेश पाठक, दीपक सिंह गब्बर, बाबूराम यादव समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

## मार्ग पर 22 वर्षीय युवक का कुचला मिला शव

**अयोध्या दैनिक समाज जागरण**

आधी रात के बाद बीकापुर कोतवाल राजेश कुमार राय को एक शव हदीपुर के पास हाइवे पर कुचला होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात युवक लगभग 22 साल के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजवाया है। कोतवाल द्वारा दी गई सूचना के अनुसार शव की शिनाख्त नहीं हुई है।

कोतवाल ने बताया कि हदयपुर के पास बीच सड़क पर एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष लग रही है नाम पता अज्ञात किसी अज्ञात वाहन द्वारा एक्सीडेंट हो जाने के कारण पूरा सर कुचल गया है सर बिलकुल गायब है दोनों पैर टूटे हुए हैं बाया हाथ टूटा हुआ है आसपास के घर वालों को बुलाकर दिखाया गया यहां के रहने वाले कोई व्यक्ति पहचान नहीं सके डेड बॉडी को सरकारी किट में पैक करके मोर्चरी फैजाबाद भेजा गया।

## डॉ राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र को दी आठ करोड़ रुपए के विकास कार्यो की सौगात।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधान सभा क्षेत्र के रायबरेली रोड, बगिया ग्राउंड, न्यू डिफेन्स कॉलोनी, उतरठिया में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में आठ करोड़ रुपए की लागत से होने वाले 27 कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में करीब आधा घंटा देर से पहुंचे स्थानीय विधायक डॉ राजेश्वर सिंह को देख भारी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने जय श्री राम,और राजेश्वर सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए। स्थानीय विधायक ने मंच से बटन दबाकर विकास कार्यो का लोकार्पण किया।

उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि आज इस लोकार्पण के माध्यम से क्षेत्र को 8 करोड़, रुपए की योजनाओ के विकास कार्यो का सौगात क्षेत्रवासियों को दिया गया है।

इन योजना में एक करोड़ 85 लाख रुपए की लगात से नए नालों का निर्माण कार्य, 6 करोड़ 11 लाख की लागत से 25 सड़को का निर्माण, एवं लोकबंधु अस्पताल के ओपीडी का विस्तार कार्य किया जाएगा।

इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की जनता को पक्की सड़को एवं नालो के निर्माण से जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

## दुर्घटना में मृत वृद्धा महादेवी थी शव की हुई शिनाख्त

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर में मंगलवार की रात दुर्घटना में घायल जिस अज्ञात वृद्धा की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उसके शव की शिनाख्त गुरुवार को उसके परिजनों ने जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम गृह पर पहुंचकर महादेवी के रूप में कर ली है।

मंगलवार की देर शाम कुछ लोग दुर्घटना में घायल एक वृद्धा को अचेत अवस्था में जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर में उपचार के लिए भर्ती कर कर चले गए चिकित्सक ने उसका उपचार शुरू कर दिया उपचार के दौरान रात्रि में उसकी मौत हो गई चिकित्सक ने शवको विच्छेदन गृह में रखवा दिया और सूचना पुलिस को दी जब वृद्धा घर नहीं पहुंची तो पर उन्होंने इसकी खोजबीन शुरू कर दी खोजबीन के दौरान उन्हें पता चला एक वृद्धा की सरकारी ट्रामा सेंटर में मौत हो गई है। तब वहां गुरुवार की प्रातः जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम गृह पहुंचे शवको देखा तो उन्होंने उसकी शिनाख्त महादेवी पत्नी जनक सिंह उम्र 60 साल निवासी आनंद नगर ककरऊ कोठी थाना उत्तर के रूप में की है। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शवको घर ले गए मृतका दुर्घटना में कैसे घायल हुई इसकी पुलिस जांच कर रही है।

# अयोध्या में हनुमानगढ़ी के पुजारी की गला रेतकर हत्या, मंदिर के आश्रम में मिली लाश

अयोध्या। अयोध्या में हनुमानगढ़ी के सहायक पुजारी की हत्या कर दी गई। मंदिर के आश्रम में एक कमरे में पुजारी की लाश मिली। धारदार हथियार से गला काटकर उनकी हत्या की गई। कमरे में चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। जिस कमरे में वारदात हुई वहां से महज 40-50 फीट की दूरी पर पुलिस तैनात थी। लेकिन, पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। मृतक पुजारी की शिनाख्त राम सहारे दास के तौर पर हुई। वह हनुमानगढ़ी की बसंतिया पट्टी के साकेतवासी संत दुर्बल दास के शिष्य थे। हनुमानगढ़ी के आश्रम के जिस कमरे में पुजारी की लाश मिली, वहां वह अपने 2 चेलों के साथ रहते थे। 1 फरार है, ऐसे में पुलिस उन्हें ढूंढ रही हैं। ये हत्या क्यों की गई। इसके पीछे 2 आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। पहली, साधु का 10 बीघा जमीन का विवाद चल रहा था। दूसरी, जिस चेला के साथ वो रहते थे। क्या उनके साथ विवाद हुआ था। अयोध्या के क्क्ष्ठ प्रवीण कुमार और रस्ढ राज करण नैय्यर भी मौके पर आए । छानबीन में सामने आया कि गला रेतकर हत्या हुई। लेकिन मौके से धारदार हथियार नहीं मिला। आश्रम में फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे हत्या का पता उस वक्त चला, जब पुजारी के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। अमूमन राम सहारे दास तड़के उठते थे। पूजा शुरू कर देते थे। गुरुवार को ऐसा नहीं हुआ। उनके कमरे के दरवाजे बंद थे। उनके कमरे में रहने वाले चेले ने जाकर दरवाजा खोला। हल्का धक्का दिया तो दरवाजे खुल गए। अंदर चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। पुजारी की लाश पड़ी थी। उसने अन्य साधुओं को बताया। फिर पुलिस को जानकारी दी।



## मिशन शक्ति फेस 4 अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जागरूकता कैंप का आयोजन किया।

**दैनिक समाज जागरण**

फिलोजाबाद। मिशन शक्ति फेस 4 अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निरदेशानुसार महिला कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त समन्वय से ब्लॉक टूंडला में पंचायत सचिवालय कुतकपुर साहब में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया जिसमें आसपास की समस्त ग्राम पंचायत की किशोरियों की निशुल्क एनीमिया टेस्टिंग की गई आयरन फोलिक एसिड टैबलेट एवं सेनिटरी नैपकिन वितरण किया गया

महिला कल्याण विभाग से महिला कल्याण अधिकारी अनम अकाशा द्वारा मौजूद समस्त जनमानस को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना विधवा पेंशन महिला हेल्पलाइन 18 1 कन्या भ्रूण हत्या बाल विवाह आदि संगीत मुद्दों पर चर्चा की एवं जागरूकता विकसित की



स्वास्थ्य विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला से डॉक्टर प्रांजल, डॉक्टर पूनम,लैब टेक्नीशियन शिव कुमार, स्टाफ नर्स मोनिका मौजूद रहे , जिसमें डॉक्टर द्वारा गोली खाने का सही ढंग बताया गया एवं एनीमिया के लक्षणों पर रोशनी डाली

कार्यक्रम विभाग से सुपरवाइजर विमला के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता उपाध्याय, मीना देवी, अमिता, शिवरानी ,मीरा, शारदा ,रेनू ,कमलेश, बेबी ,पुष्पा देवी एवं संजेश द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की किशोरियों को लाकर एनीमिया टेस्टिंग कार्रवाई एवं बालिकाओं के उचित पोषण को विस्तार से बतायो

कार्यक्रम में मौजूद पंचायत सहायक विश्वनाथ प्रताप सिंह, समस्त आंगनबाड़ी, आशा, बालिकाएं एवं किशोरियां उपस्थिति रही।

## लघु शोध बाल वैज्ञानिकों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेटफार्म :- अश्वनी जैन

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन में 31 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 के विद्यालय स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन का आयोजन एन सी आर इंटर कॉलेज, टूण्डला में कार्यवाहक प्रधानाचार्य एम पी सोनकर, नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन एवं कार्यक्रम प्रभारी एन के शर्मा के संयोजन में किया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के माध्यम से विद्यार्थियों की लघु शोध की प्रवर्ति में वृद्धि होती है। लघु शोध विद्यार्थियों के लिए एक सर्वश्रेष्ठ प्लेटफार्म है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना है। जिसमें 05 उपविषय पर विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। जिसमें विद्यालय की जूनियर वर्ग में 12 एवं सीनियर वर्ग में 13 विद्यार्थियों की कुल 25 टीमों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार पारितंत्र की विभिन्न परियोजनाओं की प्रोजेक्ट फाइल का अवलोकन भी किया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन राम अवतार एवं प्रियंका नैयर ने किया। जिसमें जनपद स्तर के लिए जूनियर वर्ग में 06 टीम क्रमशःप्रिंस कुमार, किशोर कुमार, मन्नत, अदिति, कनिष्का एवं उपासना की टीम तथा सीनियर वर्ग में 05 टीम क्रमशः गोसिया, जितिन कुमार, अभी कौशिक, वाणी तथा अर्चित खन्ना की टीम का चयन किया गया।




कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री एमपी सोनकर ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस विद्यार्थियों में वैज्ञानिक लेखन का आधार देता है। अतः सभी विद्यार्थियों को इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने मानसिक स्तर को वैज्ञानिक सोच देनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एन के शर्मा एवं आभार प्रियंका नैयर ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर के टूटी पुलिया निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने शवका पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है।

टूटी पुलिया निवासी 42 वर्षीय श्याम उर्फ श्याम सिंह पुत्र कैलाश चंद ने किन्ही कारणों के चलते बुधवार की रात फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली परिजनों को इसकी जानकारी काफी देर बाद हुई जब उन्होंने श्याम सिंह को फांसी पर लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया कोहराम सुनकर पड़ोसी भी पहुंच गए इधर सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और सबको फांसी से उतर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया मृतकने अपने पीछे विधवा पत्नी और एक पुत्र एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ा है।

## महाराजा अग्रसेन जयंती उत्सव का भव्य आयोजन।

### *अग्रवाल सभा दक्षिण, लखनऊ द्वारा किया गया आयोजन।*

***मुख्य अतिथि चंपतराय जी महासचिव श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या,***

***महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक अशोक कुमार अग्रवाल व डॉ नीरज वोरा हुए शामिल।***

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो**

लखनऊ। पीजीआई क्षेत्र के चित्रा लान रायबरेली रोड पर अग्रवाल सभा दक्षिण द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंपत राय महासचिव श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या,

महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक अशोक कुमार अग्रवाल व डॉ नीरज वोरा, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया सहित अग्रवाल समाज,और स्थानीय लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ, मुख्य अतिथि और अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में महाराजा अग्रसेन,और उनके बताए रास्ते पर चल कर भारतीय समाज की आर्थिक रीढ़ की भूमिका निभा रहे अग्रवाल समाज की सराहना की,समाज द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी, सांस्कृतिक विरासत,देश के उत्थान में सहयोग की सराहना की।

इस दौरान अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नागरिकों, एवं मेधावियों को सम्मानित किया गया।आयोजन खुशनुमा बनाए रखने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि चंपत राय, महासचिव श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या, , विधायक अशोक कुमार अग्रवाल, व डॉ नीरज वोरा तथा डॉ गौरव अग्रवाल विभागाध्यक्ष एंडोक्राइन सर्जरी पीजीआई के कर कमलों द्वारा अग्रवाल समाज की पत्रिका अग्रसेवा दर्पण 2023 अंक-4 का विमोचन किया गया।

सभा के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, महामंत्री दाऊ दयाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र मित्तल एवं सह संयोजक धर्मचंद अग्रवाल, पत्रिका संपादक देवेन्द्र कुमार अग्रवाल सहित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में सदस्य सपरिवार सम्मिलित हुए।

समापन संबोधन में संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने आयोजन में सम्मिलित होने के लिए सभी सम्मानित अतिथियों, का आभार प्रकट किया।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को धर दबोचा

अयोध्या। इनायतनगर में उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने दो दुकानों का ताला काट कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया।दुकानदार ने दुकान में हुई चोरी की शिकायती प्रार्थना पत्र कोतवाली इनायतनगर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।पुलिस टीम ने 12 घंटे के अंदर आरोपी को कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर कार्यालय गेट के पास स्थित डी के मोबाइल व जनसेवा केंद्र व शिव ऑनलाइन सर्विस एंड साइबर जोन की दुकान में बीती रात बेखौफ अज्ञात चोरों द्वारा निशाना बनाते हुए दुकान का शटर काट कर अंदर रखे लाखों रुपए के एंड्रॉयड स्मार्टफोन सहित नगदी पार कर दिया गया।घटना की जानकारी तब हुई जब रोजाना की तरह दुकान संचालक अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा की दुकान का ताला टूटा पड़ा है वा दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है।घटना की जानकारी दुकान संचालक द्वारा पुलिस को दी गई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने घेरा बंदी करते हुए आरोपी युवक शेष राम यादव पुत्र विदुर राम यादव निवासी धन्जो थाना इनायतनगर अयोध्या को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के सभी समान बरामद कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रह्म दत्त पाण्डेय,उप निरीक्षक अक्षय पटेल,अभय सिंह,कांस्टेबल संतोष सिंह,अनुभव सिंह,अभिनव कुशवाहा,गंभीर सिंह आदि शामिल रहे।



## मंद बुद्धि युवती से दुराचार करने का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना नगला सिंधी के गांव टिकरी में 6 दिन पूर्व एक मंदबुद्धि युवती के साथ युवक द्वारा दुराचार करने के मामले ने क्षेत्र में हड़कंप पैदा कर दिया था। पुलिस ने युवती के चाचा द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर खुलासे के लिए तीन टीम में गठित की थी टीमों ने मुठभेड़ के दौरान दुराचार के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

13 अक्टूबर को टिकरी निवासी एक मंदबुद्धि युवती खेतों की तरफ जा रही थी तभी गांव के ही एक युवक ने उसके साथ खेत में ले जाकर दुराचार किया और उसे खेत में ही छोड़ कर फरार हो गया। इस घटना ने गांव में सनसनी फैला दी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस की तीन टीमे जिसमें एसओजी सर्विलास और इलाका पुलिस शामिल थी इन तीनों टीमों को मामले का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए नगला सिंधी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 में मुकदमा पंजीकृत कर युवती का डाक्टरी परीक्षण कराया महिला चिकित्सक ने रक्त श्राब होने के कारण उसे आगरा रेफर कर दिया इधर टीमें खुलासे के लिए लगी रही पुलिस के अनुसार तीनों टीम में आरोपी की तलाश में जुटी थी। तभी बुधवार को सूचना मिली युवती के साथ दुराचार करने का आरोपी टिकरी तिराहे पर मौजूद है टीमों ने उसकी घेराबंदी शुरू की तो आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए उसे दबोच लिया और थाने ले आई पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का नाम विपिन यादव पुत्र अतिराज सिंह उर्फ दद्दुआ निवासी टिकरी थाना नगला सिंधी बताया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।



## 25 हजार के इनामी से पूछताछ करते हुए प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा।

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। नसीरपुर के गांव नगला चंदा में पांच मासूम एक साथ खेल रहे थे। इसी दौरान सभी बच्चे नवनिर्मित दीवार पर बनी स्लिप को पकड़ कर झूलने लगे। इसी दौरान स्लिप टूट कर बच्चों के ऊपर गिर पड़ी। इस दौरान तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल आए। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने एक बालिका को मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। नसीरपुर के गांव नगला चंदा निवासी मुकेश कुमार की पांच वर्षीय पुत्री मानवी अपनी सहेली गौरी (4) पुत्री अभिषेक और नंदी पुत्री नीरज कुमार दो अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। सभी बच्चे अपने घर में खेल रहे थे। खेलते हुए बच्चे दीवार में पड़ी स्लिप पर झूलने लगे। इसी दौरान स्लिप टूट कर बच्चों के ऊपर गिर पड़ी। जिसमें तीन बच्चे मानवी, गौरी और नंदी स्लिप के नीचे दब गई। घायल तीनों बच्चों को परिजन लेकर अस्पताल आए। यहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मानवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि गौरी और नंदू का उपचार चल रहा है। मानवी की मौत की जानकारी होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन बच्ची के शव को लेकर घर पहुंचे तो वहां भी परिवार में चीत्कार मच गया। परिजनों ने बगैर पुलिस को सूचना दिए बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



## अमर शहीदों के नारे के साथ निकली अमृत कलश यात्रा

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। विकासखंड फिरोजाबाद से ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर लक्ष्मी नारायण यादव के निर्देशन में एकअमृत कलश यात्रा निकली जो नगला भाऊ स्थित ब्लॉक से प्रारंभ होकर गांधी पार्क चौराहा स्थित रामचंद्र पालीवाल हाल पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी डीसी मनरेगा सुभाष चंद्र एडीओ पंचायत रक्षपाल सिंह प्रधान राजमणि यादव ग्राम पंचायत अधिकारी गढ़ पंचायत सहायक विकासखंड के समस्त कर्मचारी गढ़ रामवीर सिंह यादव वेदांत दीप यादव विष्णु अन्य माताएं बहने उपस्थित थी। जो भारत माता की जय के नारे देश के अमर शहीदों की जय जयकार उनके देश के प्रति योगदान एवं उनकी कुर्बानियों के नारे कलश यात्रा रथ के साथ लगाते चली जा रहे थे। भारत माता की जय वंदे मातरम देश की अमर शहीदों की जय उनके बलिदान का प्रतिफल उनके त्याग तपस्या को भुलाया नहीं जा सकता है। कुर्बानियां देकर यह देश आजाद कराया मां भारती की जय




## व्यय विभाग और इसके संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों ने विशेष अभियान 3.0 चलाया

वित्त मंत्रालय का व्यय विभाग, स्वच्छता को संस्थागत रूप देने तथा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के लंबित मामलों को कम करने के लिए लंबित मामले निपटाने के लिए विशेष अभियान 3.0 चला रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों की सम्पूर्ण स्वच्छता में सुधार लाना और सरकारी कार्यालयों के साथ सामान्य जन के सार्वजनिक अनुभव को बढ़ाना है।

व्यय विभाग ने विशेष अभियान 3.0 के प्रारंभिक चरण के दौरान 15 से 30 सितंबर, 2023 तक विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत लक्ष्यों/गतिविधियों की पहचान की। विभाग ने कार्यान्वयन चरण 2 अक्टूबर, 2023 से फिजीकल फाइलों की रिकॉर्डिंग/छंटाई के अतिरिक्त लोक शिकायतों, लोक शिकायत अपीलों, सांसद संदर्भों, राज्य सरकार के संदर्भों, अंतर मंत्रालय संदर्भ, पीएमओ संदर्भों तथा नियमों/प्रक्रियाओं आदि को लेकर पहचाने गए लंबित मामलों को समाप्त करना प्रारंभ कर दिया। अभियान का कार्यान्वयन चरण 31 अक्टूबर, 2023 तक चलेगा और इस चरण की शेष अवधि में पहचाने गए लक्ष्यों का अधिकतम निपटान करने पर फोकस होगा।

व्यय विभाग ने लंबित मामलों की पहचान करने और उनका निपटारा करने के अतिरिक्त विशेष अभियान 3.0 के हिस्से के रूप में निम्नलिखित विषयगत गतिविधियां/कार्य भी शुरू किया हैः

वित्त सचिव ने विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ तथा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए 29 सितंबर, 2023 को प्लास्टिक का एकल उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। वित्त विभाग से संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों ने भी अपने कार्यालयों में स्वच्छता शपथ दिलाई।

व्यय विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभियान के प्रारंभिक चरण में नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालयों और भवन परिसरों का निरीक्षण किया और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने पर बल दिया। विशेष अभियान 3.0 के अंतर्गत एक विशेष पहल के हिस्से के रूप में व्यय विभाग में काम करने वाले हाउसकीपिंग/स्वच्छता कर्मचारियों के लिए 5 अक्टूबर, 2023 को नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में एक सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया था। इस विशेष चिकित्सा शिविर से 100 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। शिविर का समापन विशेष सचिव (कार्मिक) के संबोधन और डॉक्टरों और उनके सहयोगी कर्मचारियों को सम्मानित करने के साथ हुआ।

व्यय विभाग ने इन गतिविधियों के अतिरिक्त 13 अक्टूबर, 2023 को कार्यालय परिसर के अंदर और बाहर एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चलाया था। विशेष स्वच्छता अभियान में सभी स्तरों के अधिकारियों ने सक्रियता के साथ भागीदारी की, जिससे स्वच्छता और सामाजिक दायित्व को लेकर सामूहिक प्रतिबद्धता दिखी। व्यय विभाग से संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों द्वारा भी इसी तरह के स्वच्छता अभियान चलाए गए थे।

# नारियों को शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान जरूरी है - रीना

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।विश्व हिंदू परिषद के आयाम दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति के द्वारा सरायतरीन स्थित श्री बी डी इंटर कॉलेज में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

सर्वप्रथम दुर्गा वाहिनी की क्षेत्र संयोजिका रीना शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ ऋतु सक्सैना और मातृ शक्ति की जिला संयोजिका दीपा वार्ष्णेय ने भारत माता और दुर्गा माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया एवं पुष्प अर्पण किए ।

इसके बाद सामूहिक रूप से तीन बार ओम का उच्चारण तथा 13 बार विजय मंत्र का पाठ किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रीना ने कहा कि हिंदू संस्कृति के अनुरूप शस्त्र और शास्त्र दोनों जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। जब-जब राष्ट्र पर संकट आया है वहां शस्त्र और शास्त्र दोनों की आवश्यकता रही है। हमें हमारी संस्कृति को बचाए रखना है। हमारी सनातन संस्कृति में शस्त्र और शास्त्र दोनों का समान महत्व है। अपने जीवन से हमें दोनों का समानरूप से ज्ञान अर्जित करना आवश्यक है।



डॉ ऋतु सक्सेना ने कहा कि हिंदू धर्म में वैदिक काल से नारी का सम्मान किया जाता है। इसलिए विद्या के लिए मां सरस्वती, धन के लिए मां लक्ष्मी और शक्ति के लिए मां दुर्गा की पूजा होती है। परिवार को संस्कारित बनाने में महिला की अहम भूमिका है। जो बालक-बालिकाओं के अंदर संस्कार विकसित करती है। मातृ शक्ति ही परिवार के बीच तालमेल बनाती है।

दीपा वार्ष्णेय ने कहा कि मां दुर्गा का शस्त्र त्रिशूल और तलवार हैं। नारी दुर्गा का ही रूप है इसलिए आज महिलाओं ने परंपरागत तरीके से शस्त्र पूजा कर शस्त्र धारण कर राष्ट्र विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हुंकार भरी है।

इस अवसर पर पारुल शर्मा, कल्पना गुप्ता, नीरू चौधरी, रिचा वार्ष्णेय ,सुमन लता, भावना गुप्ता ,शालिनी रस्तोगी आदि अनेकों मात्र शक्तियों के द्वारा शस्त्रों का रोली- चंदन और पुष्पों के द्वारा पूजन किया ।कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से दुर्गा चालीसा का पाठ एवं भारत माता की आरती का गान किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय ने किया

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ऋतु सक्सैना तथा संचालन दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका आशा गुप्ता ने किया ।

# लोहिया कान्वेंट स्कूल में महिला मोर्चा के द्वारा नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित किये जाने पर सम्मेलन

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। विधानसभा गुन्नौर में स्थित लोहिया कान्वेंट स्कूल में महिला मोर्चा के द्वारा नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित किये जाने पर सम्मेलन किया गया सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ सरोजिनी अग्रवाल एम एल सी उपस्थित रही डॉक्टर सरोजनी अग्रवाल ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा यह सदन महिला को सशक्त बनाने के लिए नरेंद्र मोदी जी के निरंतर प्रयासों के लिए उनका हृदय की गहराई से धन्यवाद देता है प्रधानमंत्री जी को महिलाओं के आरक्षण हेतु कानून लाने पर बधाई देता है भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने महिलाओं को सशक्त होने के लिए कहा पूर्व विधायक अजीत सिंह उर्फ राजू ने नारी शक्ति वंधन अधिनियम बिल पारित होने पर मोदी जी का धन्यवाद करते हुए कहा उनके नेतृत्व में देश इसी प्रकार अनवरत प्रगति करता रहेगा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीता शर्मा ने महिला आरक्षण कानून के समर्थन में प्रधानमंत्री जी को बधाई दी कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव ने सदन में बहनों को केन्द्र से चल रही योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा राखी सिरोही ने की संचालन मोक्षिका शर्मा ने किया कार्यक्रम में कार्यक्रम को खुशबू प्रजापति सर्वेस दिवाकर निलेश यादव पूनम शर्मा सरोज विमलेश अनुष्का भारत सिंह यादव जूलियस विनय शर्मा शिखर गोयल कमल कुमार कमल प्रशांत अग्रवाल अखिलेश अग्रवाल सीमा गुप्ता इंद्रावती बरखा , रजनी , सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे



# डॉक्टर डाल रहे बुखार पीड़ितों की जेबों पर डाका :अर्सलान अली खान

रामपुर। उप्र महामंत्री छात्र संघ और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अर्सलान अली खान ने सीएमओ से एक बयान जारी कर अपील की हैं रामपुर इन दिनों बुखार, डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से तप रहा हैं। ऐसे में रामपुर के डाक्टर बुखार पीड़ितों की जेबों पर डांका डाल रहे हैं। बीमारी की आड़ में बुखार पीड़ितों को लूटना इन्तिहाई घिनौना अमल हैं। अर्सलान अली खां ने सीएमओ से कहा हैं तमाम प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होमस के डॉक्टरों को फौरी तौर पर आदेश दें कि वह मनमानी वुसूलयाबी बंद करें। इंसानियत के साथ खिलवाड़ बंद किया जाये, बेवजह फर्जी जांचों के नाम पर जनता का शोषण बंद कराया जाए वरना उत्तर प्रदेश छात्र संघ कोई कदम उठाने पर मजबूर होगा। जिसका जिम्मेदार स्वास्थ विभाग और जिला प्रशासन होगा।



प्रचार नही तो व्यापार नही— विज्ञापन के लिए संपर्क

# देश के दुश्मनों का नाश करने को दी गई महायज्ञ में आहुतियां

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।कैला देवी धाम में 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक चल रहे 10 दिवसीय सतचंडी महायज्ञ में आज देश के दुश्मनों का नाश करने के लिए विशेष आहुतियां देकर क्षेत्र की खुशहाली और सामान्य जनजीवन की तरक्की, उन्नति की मां कैलादेवी से प्रार्थना की गई।

श्री सतचंडी महायज्ञ में प्रातः काल से ही क्षेत्र से अपार जनसमूह यज्ञ में आहुतियां देने के लिए उमर पड़ा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री अजीत राजू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इंदू रानी, नेत्रपाल यादव, ओमवीर सिंह यादव, सतीश यादव, मुकेश प्रजापति, बंटी यादव, अरविंद यादव, जुगल किशोर, श्रीभान यादव ने मुख्य यजमान के रूप में महायज्ञ में भाग लिया। इससे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के वरिष्ठ पदाधिकारी जीतपाल सिंह यादव तथा ब्लॉक प्रमुख पति हिर्देश कुमार यादव ने सभी अतिथियों को भगवा वस्त्र धारण कराकर रोली चावल से तिलक करके उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कैला देवी धाम के पीठाधीश्वर महंत श्री ऋषि राज गिरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानती है। परंतु गद्दार, राष्ट्र के दुश्मन, आतंकी तथा राष्ट्रद्रोही को सद्बुद्धि देने के लिए और अंततः खत्म करने के लिए भारतीय संस्कृति आदेश देती है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय जगत की चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार इजरायल के साथ है तो भारत की संपूर्ण जनता जनार्दन को एक सुर में इजरायल की जीत की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करनी चाहिए। क्योंकि आतंकवाद न केवल इजराइल का दुश्मन है बल्कि हमारे देश भारत का भी दुश्मन है। महंत ऋषि राज गिरी ने श्रमजीवी अर्थात मजदूर और किसानों से प्रेम करना, सम्मान देना तथा हर प्रकार से उनकी उन्नति में खुश होने की सीख दी। आज मुख्य अतिथि और मुख्य यजमानों ने सभी आए हुए अतिथियों के साथ देश के गद्दारों आतंकियों और देश के दुश्मनों के सर्वनाश की विशेष आहुतियां दी।



हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने यज्ञशाला का वैदिक महत्व बताते हुए उसकी परिक्रमा करने का विशेष आध्यात्मिक लाभ बताए। सभी यजमान अतिथियों और यज्ञ में शामिल होने वाले साधारण सदस्यों तथा अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना के सदस्यों ने यज्ञशाला की पांच बार परिक्रमा की और पुण्य लाभ प्राप्त किया।

भाजपा नेता राजेश सिंघल ने 10 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए सभी आयोजक मंडल की तारीफ की।

# बगिया वाली देवी मंदिर पर हुआ महाआरती का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी/संभल। चंदौसी नगर के सीता आश्रम स्थित माता बगिया वाली मंदिर के प्रांगण में भारतीय महिला सेवा मण्डल ग्रुप द्वारा शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में सिद्धपीठ माता रानी की 108 दीपो से महाआरती का आयोजन किया गया सर्वप्रथम ग्रुप की महिलाओ ने मंदिर में समय से पहुंचकर 108 दीपो की आरती को ग्रुप की सभी महिलाओं द्वारा तैयार किया गया जिसमे कलावा की बत्ती का इस्तेमाल किया गया उसके बाद माता रानी के भजन कीर्तन किया गया उसके बाद एक कन्या से महा आरती की ज्योत प्रज्वलित की गई मंदिर मौजूद सभी भक्तो ने माता रानी के जयकारे लगाए और बड़े ही धूमधाम से माता रानी की बारी बारी से आरती उतारी ग्रुप की सभी महिलाओं ने मंदिर में मौजूद सभी भक्तो को भी महा आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ आरती होने के पश्चात माता रानी का श्रंगार में लाल चुनरी साड़ी इत्यादि श्रंगार से कराया गया उसके बाद माता रानी के सभी नो रूपी प्रतिमाओं का भोग कतली मेवा और फल से लगाया गया। उसके बाद सभी भक्तो को पैठे का प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम के बाद ग्रुप की संस्थापक श्रीमती भारती अग्रवाल ने बताया कि हमारे ग्रुप का उद्देश्य धार्मिक कार्य को बढ़ावा देना जिससे हमारे संस्कार जिंदा रहे और समय समय पर ऐसे शुभ कार्यक्रमों को कराना रहता है बातचीत के दौरान महिलाओं ने बताया कि हमारे ग्रुप में लगभग 100 महिलाएं हैं जो की निस्वार्थ नगर में अपने सनातन हिन्दू धर्म के कार्यों को करने से मन को शांति प्राप्त होती है और एक अच्छी सीख मिलती है ऐसे कार्यों को हिंदू धर्म में सभी लोगो को एक साथ मिलकर करने चाइए उससे समाज में एक अच्छा संदेश जाता है । आगे बताया कि ग्रुप के माध्यम से गरीब बच्चो की मदद की जाती है जिसमे पढ़ाई लिखाई से लेकर शादी कराना ग्रुप का उद्देदय रहता है वो भी किसी भेदभाव के ग्रुप के माध्यम से नगर में तीन प्रोग्राम कराए गए है और समय समय पर ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे कार्यक्रम को सुन्दर बनाने के लिए सभी महिलाएं लाल कलर की ड्रेस कोड में दिखाई दी जिससे माता रानी का आशीर्वाद सभी महिलाओं एवं भक्तो को मिला । इस दौरान भारती अग्रवाल,पूजा ,लता,रूपाली,खुशी,कीर्ति,इंदु अग्रवाल,शिल्पी,प्रियम्वदा अनामिका,वंदना,पूजा रस्तोगी ,अलका निशा पूनम नीतू प्रभा रश्मि नेहा नीलम प्रीति दीपिका देवांश गौरव अग्रवाल अतुल शंखधार अरविंद गुप्ता नीरज अतुल वार्ष्णेय शिवा आदि लोग मौजूद रहे।



# वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट पूरे माह रहमत का कर रही कार्य

**दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। 12 रबी उल अव्वल के माह में वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूरे माह रहमत का कार्य किया जा रह हैं। अल्लामा सैयद अब्दुल्लाह तारिक और वूमेन विंग की अध्यक्ष सुमो तारिक ने गरीब बच्चों के लिए करीम फूड्स होटल पर खाने का इंतेजाम किया। जहां वर्क संस्था के सदस्यों के बच्चों ने गरीब परिवार के बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। बच्चों के साथ खाना खाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे सभी बच्चों ने एक दूसरे को अपना परिचय दिया और अच्छे काम को करने व सीखने की प्रतिज्ञा ली। अल्लामा सैयद अब्दुल्लाह तारिक ने बताया कि वर्क संस्था द्वारा इस पूरे माह रहमत के कार्य किए जाते हैं जिसमे वर्क संस्था के सदस्य बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। वर्क वूमेन विंग की अध्यक्ष सुमो तारिक ने बताया कि हम रबी उल अव्वल के इस माह को करुणा माह के रूप में मनाते हैं क्योंकि मोहम्मद साहब सारे आलम के लिए रहमत बनाकर भेजे गए थे न कि किसी खास के लिए। मोहम्मद साहब की पैदाइश इस माह में हुई थी। वर्क संस्था के लोग इस पूरे माह को करुणा माह के रूप में मनाते हैं। इसी को लेकर आज बच्चों के भोजन का आयोजन किया गया था।



# खाद्य विभाग ने की ज़िले भर में छापामार कार्रवाई



रामपुर। नवरात्रि व दशहरा के त्यौहार से पहले खाद्य विभाग पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आ रहा हैं। हर रोज खाद्य विभाग की ओर से जिलेभर में छापामार कार्यवाही कर नमूने लिये जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि डीएम रविन्द्र कुमार मांदढ के निर्देश पर आज फिर से जिलेभर में मिलावटखोरों के खिलाफ छापामार अभियान चलाया गया। छापामार अभियान में पुराना गंज स्थित प्रमोद गुप्ता के दीप मसाले पेकर्स से कुट्टू का आटा व सिंघाडे का आटे का एक-एक नमूना, टांडा स्थित राम किशोर गुप्ता की रामकिशोर एंड संस से कुट्टू का आटा व सांवा का एक-एक नमूना, ज्वाला नगर स्थित मुजम्मिल के मुजम्मिल किरान स्टोर से सरसों के तेल व कुट्टू के आटा का एक-एक नमूना, संतोष कुमार सिंह की मसाला पिसाई एवं पेकिंग इकाई से कुट्टू का आटा व हल्दी पाउडर का एक-एक नमूना लिया गया। आज की छापामार कार्यवाही नो नमूने संग्रहित किये गये जिनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेगे।

छापामार कार्यवाही मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम प्रताप, अशोक कुमार, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अजरा बी मोहम्मद मौजूद थे।

# मथुरा वृन्दावन के कलकारो ने मनोहर मंचन किया

रामपुर। श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वालानगर में मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा भरत केकई संवाद, रामभरत मिलाप, सीता अनुसूया उपदेश, सुतिश्रण मिलन, व नृत्य आदि का मनोहर मंचन किया गया।

जब भरत अपने घर आते हैं तब माता केकई से मिलते हैं माता कैकई भरत को यह समाचार सुनाती है कि उन्होंने अपने दो वचन राजा दशरथ से मांग लिए है जिसमें राम को 14 वर्ष का वनवास और राजा भरत को राजपाट। यह सुनकर भरत को कैकयी पर क्रोध आ गया और कहा तुम मेरे प्राण मांगती तो मैं मना नहीं करता परंतु तुमने राम के लिए वनवास मांग कर अच्छा नहीं किया। तुम्हारी जीवा कट क्यों नहीं गई यह घोर पाप हुआ हैं जो तुमने किया हैं राम के वियोग में आदि का मंचन किया गया।



इस मौके पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डा. तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, आशु गुप्ता, चितरंजन श्रीवास्तव, डा. अनिल सक्सेना, संजू शर्मा, सुभाष सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजीव सक्सेना, अन्नू पटेल, नवनीत सक्सेना, राहुल शर्मा, संतोष प्रसाद, अरुण कीर्ति सक्सेना, नंदकिशोर शर्मा, दिनेश कश्यप, संजू प्रजापति, विनोद कश्यप, अन्नू सक्सेना, अंकुश सक्सेना, निरंजन कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अनुज यादव, मिंटू गुप्ता, राजीव लोचन, विक्की सक्सेना, राजेश नायक, सोनू शर्मा आदि मौजूद थे।

# नवरात्रि के पांचवें दिन भक्तों ने स्कंदमाता की पूजा अर्चना की, मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। नवरात्रि के पांचवें दिन भक्तों ने स्कन्दमाता की पूजा अर्चना की। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग गई। भक्तों ने हवन पूजन के साथ माता को फल मिष्ठान आदि का भोग लगाया। नगर के हाथी वाले मंदिर में माता की आरती के दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं गंवादेवत मंदिर, मनोकामना मंदिर, हथौड़ा देवी मंदिर आदि पर भक्तों द्वारा माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इधर मोहल्ला गदरपुरा, होली चौक, बजरंग चौक आदि में पंडाल लगाकर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना की गई है। यहां हर रोज सुबह शाम आरती होती है। इस मौके पर पुष्पेंद्र नाथ गर्ग, शिव कुमार, अभय वर्मा, राजू मराठा, अर्जुन रस्तोगी, श्याम अग्रवाल, प्रियांशु गौड़, नीरज रस्तोगी, अनुज अग्रवाल, गोपाल शर्मा, दीपक रस्तोगी, राहुल वार्ष्णेय, सौरभ महाजन, भुवनेश मिश्रा, क्षितिज मिश्रा, विभु अग्रवाल आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।



प्रचार नही तो व्यापार नही— विज्ञापन के लिए संपर्क करे.

# महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे - राजेंद्र बहादुर

## एसडीबी पब्लिक स्कूल में हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। पुलिस विभाग के तत्वावधान में एसडीबी पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित हुआ। वक्ताओं ने स्कूली छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मसम्मान, स्वावलंबन आदि पर विस्तृत जानकारी दी। स्पोर्टस कार्यक्रम में अपेक्षा गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। देवराह बाबा हाल में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि बीते दशकों में समाज में महिलाओं की स्थिति बेहद दयनीय थी। पिछले लगभग दस सालों में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे दिख रही हैं। वही मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं की समृद्धि और सम्मान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। स्कूल के निदेशक अखिलेश कुमार वार्ष्णेय ने अपने सम्बोधन में कहा सरकार ने नारी शक्ति के लिए स्वच्छ शौचालय एवं उज्ज्वला योजना जैसी अनेकों योजनाएं दी हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, महिला साइबर सेल की जानकारियां उपलब्ध कराई गई। छात्राओं को महिला आजीविका मिशन, मातृ वंदना योजना आदि के बारे में भी बताया गया। स्पोर्टस कार्यक्रम में अपेक्षा गुप्ता पहले, आकांक्षा चौहान दूसरे व नंदिनी जायसवाल तीसरे स्थान पर रहीं। इस अवसर पर निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय, चौकी प्रभारी योगराज सिंह, प्रधानाचार्या मीनू बत्रा, शारदा बवेजा, यशपाल, मनोज चौहान आदि उपस्थित रहे।



### झांसी में बनेगा बुंदेलखंड हेरिटेज इंस्टीट्यूट, बुंदेली साहित्य और जीवनशैली पर शुरू होंगे कोर्स

**झांसी**. बुंदेलखंड की लोक कला और साहित्य सदियों से संपन्न और पूरी दुनिया में मशहूर है. बुंदेली कला और साहित्य को युवाओं तक पहुंचाने के लिए अब बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में एक नई संस्था शुरू होने जा रही है. बुंदेलखंड विश्वविद्यालय और पंडित विश्वनाथ शर्मा न्यास द्वारा बुंदेलखंड हेरिटेज इंस्टीट्यूट बनाया जा रहा है. इस इंस्टीट्यूट का शिलान्यास विश्वविद्यालय प्रांगण में किया गया. बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय और स-ांसद अनुराग शर्मा द्वारा विधिवत शिलान्यास किया गया. बुंदेलखंड हेरिटेज इंस्टीट्यूट युवाओं को कई प्रकार के सर्टिफिकेट कोर्स ऑफर करेगा जिसके जरिए वह बुंदेलखंड के इतिहास और संस्कृति को समझ पाएं. सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड की कला, नृत्य, खान पान, पर्यटन, साहित्य सब कुछ अनूठा है.

# पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए मजबूर करना क्रूरता, इलाहाबाद HC की अहम टिप्पणी


## अदालत ने कपल को तलाक लेने की अनुमति दी. साथ ही पति को तीन महीने के भीतर पत्नी को 1 करोड़ रुपये का स्थायी गुजारा भत्ता देने का भी निर्देश दिया.

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में अहम टिप्पणी की. हाईकोर्ट ने कहा कि पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए मजबूर करना क्रूरता है.इसके साथ ही अदालत ने कपल को तलाक लेने की अनुमति दी. कोर्ट ने पति को तीन महीने के भीतर पत्नी को 1 करोड़ रुपये का स्थायी गुजारा भत्ता देने का भी निर्देश दिया. जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की डि-वीजन बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी. बेंच ने कहा कि पार्टियों को एक साथ रहने के लिए मजबूर करना सार्वजनिक हित के लिए अधिक हानिकारक है.

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कराए हैं और संपत्तियों को लेकर उनके बीच गंभीर विवाद हैं. इसके अलावा, दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ शादी से बाहर संबंध रखने का भी आरोप लगा रहे हैं, जिससे वे एक-दूसरे के प्रति गहरी नफरत के बावजूद एक साथ रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं. ये क्रूरता है.

### क्या था पूरा मामला?

फैमिली कोर्ट ने पति की तलाक लेने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी. इसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील की थी. उसी पर हाईकोर्ट का फैसला आया है. दरअसल, 2002 में शादी हुई थी. शुरूआत में, पति ने 2016 में निर्विरोध तलाक की डिक्री हासिल कर ली। हालांकि, पत्नी ने तलाक की डिक्री को वापस लेने के लिए एक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे अनुमति दे दी गई. इसके बाद, तलाक की याचिका बहाल कर दी गई और दोनों पक्षों ने पारिवारिक अदालत के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं.




पति के वकील ने कोर्ट से कहा कि पत्नी ने उस पर आपराधिक मामलों में झूठा आरोप लगाया था, जो अंततः उसके बरी होने में समाप्त हुआ. इन निराधार दावों के साथ-साथ अन्य कानूनी संघर्षों के कारण भावनात्मक संकट पैदा हुआ और यह क्रूरता के बराबर है.

**आगे आरोप लगाया कि दोनों 2014 से अलग रह रहे हैं और इन कानूनी लड़ाइयों की कड़वाहट ने सुलह को असंभव बना दिया है.**

### हाईकोर्ट ने क्या कहा?

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं, सबूतों को देखा और कहा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शादी की पवित्रता बनाए न रखने और शादी के बाहर रिश्ते में शामिल होने का आरोप लगाया है और वे दस साल से अधिक समय से अलग रह रहे हैं और आपराधिक शिकायतों सहित कई शिकायतें दर्ज की गई हैं. इसलिए दोनों को एक साथ रहने के लिए मजबूर करना क्रूरता होगी. इसके साथ ही अदालत ने तलाक की मंजूरी दी.

# प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) किसानों के जीवन में ला रहा बदलाव

### *नैनो यूरिया के उपयोग से उपज भी बढ़ रहा और लागत भी हो रहा कम*

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) के माध्यम से किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया, डीएपी, एनपीके, मिट्टी की जांच, कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के अलावा नैनो यूरिया, डीएपी, सागरिका, जैव उर्वरक, कीटनाशक, खर पतवार नाशक और उच्च किस्म के बीज के साथ तकनीकी वार्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह केंद्र किसानों को उचित मूल्य व सुविधाजनक तरीके से कृषि सामग्री उपलब्ध करा रहा है जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हो रही है। यह बातें पत्रकारों की किसानों के साथ बातचीत से निकलकर सामने आई। पत्रकारों का एक दल गुरुवार को पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी की ओर से आयोजित प्रेस टूर के तहत रामनगर स्थित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का भ्रमण किया।

पीएमकेएसके, रामनगर पर मौजूद इफ्को, वाराणसी के फील्ड ऑफिसर डा.विवेक दीक्षित ने बताया कि

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) वन-स्टॉप-शॉप केंद्रों के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसके माध्यम से किसानों को एक ही स्थान पर मिट्टी/बीज/उर्वरक/कीटनाशक और कृषि मशीनरी सहित कई कृषि-इनपुट सुविधाएं मिल रही हैं। वाराणसी जिले में रामनगर सहित राजा तालाब में भी एक उच्च स्तर का केंद्र स्थापित हो चुका है इसके अलावा कई अन्य केंद्रों की भी स्थापना तेजी से हो रही है। उन्होंने बताया कि रामनगर स्थित केंद्र से लाभ वाराणसी, मिजापुर और चंदौली के हजारों किसान ले रहे हैं। इससे उनके कृषि कार्य की लागत क्षमता में कमी आई है और साथ ही उनके आय में वृद्धि हो रही है।

उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से इफ्को बड़ी मात्रा में उर्वरक, नैनो यूरिया, विशेष पोषक उर्वरकों का उपयोग और पोषक तत्व आधारित शुद्ध जैविक उर्वरकों का उपयोग करके मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करके किसानों को हर तरह से सेवा करने के लिए लगातार काम कर रहा है। भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना किसानों की आय बढ़ाने में बहुत सहायक है। नैनो यूरिया कम लागत में अधिक उत्पादन करने का माध्यम है। इसके लाभ के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यूरिया से भरी एक बोरी का स्थान अब नैनो यूरिया की एक बोतल ले सकती है। इससे यूरिया की परिवहन लागत में भी काफी कमी आ रही है।

केंद्र पर मौजूद विशेषज्ञों ने उपलब्ध नैनो डीएपी तरल, सागरिका, नियो स्प्रेयर, तरल कंसोर्टियम सहित अन्य उत्पाद के महत्व के बारे में बताया।

पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी के मीडिया एवं संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा कृषि क्षेत्र के लिऐ 'समग्र दृष्टिकोण' के साथ काम किया है और सरकार द्वारा किसानों को मजबूत बनाने के लिए कई पहल की गई हैं। प्रधानमंत्री ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान का नारा दिया है जिसका जीवंत रूप पीएमकेएसके के माध्यम से देखने को मिल रहा है। यह केंद्र किसानों को उर्वरक तो उपलब्ध करा ही रहा है, साथ ही देश के किसानों के साथ एक गहरा संबंध स्थापित करने के लिए एक तंत्र भी विकसित कर रहा है। उन्होंने पीएमकेएसके के सहारे किसानों से गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों के उपयोग के साथ-साथ मिट्टी परीक्षण और कृषि विस्तार जैसी सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## पृष्ठभूमि

**प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2022 में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहते 600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) का उद्घाटन किया था। इस योजना के तहत देश में खुदरा खाद की दुकानों को चरणबद्ध तरीके से पीएमकेएसके में बदला जाएगा। पीएमकेएसके किसानों की विभिन्न प्रकार की जरूरतों को पूरा करेंगे और कृषि सामग्री (उर्वरक, बीज, उपकरण), मिट्टी, बीज और उर्वरकों के लिए परीक्षण सुविधाएं प्रदान करेंगे; किसानों के बीच जागरूकता पैदा करेंगे; विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे और ब्लॉक/जिला स्तर के आउटलेट पर खुदरा विक्रेताओं का नियमित क्षमता निर्माण सुनिश्चित करेंगे। 3.3 लाख से ज्यादा खुदरा उर्वरक दुकानों को पीएमकेएसके में बदलने की योजना है।**

# नवरात्र के पांचवें दिन काशी में आस्थावान जैतपुरा स्थित बागेश्वरी देवी मंदिर में उमड़े भारी भीड़

### स्कन्द माता के रूप में विराजमान हैं भक्त यहां संतान सुख की मनोकामना के साथ दर्शन पूजन करने आते हैं

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी धर्म की नगरी काशी में नवरात्रि की धूम है शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन भक्त जैतपुरा स्थित बागेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ पड़े हैं यहां माता स्कन्द माता के रूप में विराजमान हैं उनकी गोद में भगवान-शंकर के पुत्र कार्तिकेय मौजूद हैं मंदिर के पुजारी के अनुसार यहां निसंतान महिलाओं को अवश्य दर्शन करना चाहिए क्योंकि मां के दर्शन मात्र से संतान सुख मिलता है मंदिर के पट मंगला आरती के बाद खुले तो पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारे से गूंज उठा।

**क्यू पड़ा स्कंदमाता नाम**

मंदिर के महंत गोपाल मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के पांचवें दिन स्कन्द माता के दर्शन का विधान है इनका मंदिर काशी में जैतपुरा में स्थित है माता यहां भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय को गोद में लेकर विराजमान है मान्यता है कि माता ने तारकासुर के वध के लिए कार्तिकेय को प्रशिक्षित किया था और ज्ञान दिया था जिसके बाद कार्तिकेय ने तारकासुर का वध किया तभी से इनका नाम स्कंदमाता पड़ा।

**मिलता है संतान का सुख**

महंत ने बताया कि जिन लोगों को बोलने या चलने में दिक्कत होती वो लोग यहां दर्शन-पूजन करने साल भर आते हैं माता उनके दुःख हर लेती हैं इसके अलावा जिन महिलाओं को अभी तक संतान सुख नहीं मिला है और वो परेशान हैं उन्हें यहां दर्शन करना चाहिए माता दर्शन मात्र से संतान सुख देती हैं इसके अलावा उनके दर्शन से मोक्ष प्राप्ति में आसानी होती है सुबह से लगी है कतार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था माता बागेश्वरी देवी मंदिर जैतपुरा में विराजित स्कंदमाता के दर्शन के लिए आस्थावानों का रेला उमड़ा है ऐसे वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है !

# जल पुलिस के दीवान ने बचाई मौसेरे भाइयों की जान

### *लापरवाही में बुझ सकते थे दो परिवारों के चिराग*

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसीआज सुबह 9 बजे के आसपास दशाश्वमेध घाट के बगल में प्रयाग घाट पर भोजूबीर के रहने वाले आदर्श सिंह और आदित्य सिंह जो आपस मे मौसेरे भाई है स्नान कर रहे थे

अचानक बैरिकेटिंग की रस्सी हाथ से छूटने से आदर्श डूबने लगा उसको बचाने पहुंचा आदित्य भी तैरने ना आने के कारण डूबने लगा

चीख पुकार सुन पास ही मौजूद जल पुलिस के दीवान संतोष कुमार ने पानी मे छलांग लगा दी और दोनो भाइयो को सकुशल पानी से बाहर निकाल लिया दोनो भाई सुरक्षित है।

# बाइक की चपेट में आने से बंदर के बच्चे की मौत

### *बंदरों के झुंड ने बाइक सवार युवक को घेरा*

### बंदरों के हमले से बचने के लिए युवक ने ली अस्पताल में शरण

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी।अर्दली बाजार स्थित महावीर मंदिर के समीप गुरुवार की सुबह एक बाइक की चपेट में एक बंदर का बच्चा आया गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार युवक बाइक समेत सड़क पर गिर गया, मौके पर आक्रोशित बंदरों ने युवक को खूब छकाया। बताते चले की मोहांव निवासी ज्ञानेंद्र तिवारी अपने बाइक से आज प्रातः वाजिदपुर जा रहा था। तभी महावीर मंदिर के समीप सड़क पार करते समय एक बंदर का बच्चा उसकी बाइक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



घटनास्थल पर मौजूद बंदरों के झुंड ने उस युवक को घेर लिया। युवक किसी तरह अपने हेलमेट से बंदरों के वार से बचते हुए एक अस्पताल में भाग गया, बंदरों का झुंड वहां भी पहुंच गया, अस्पताल कर्मियों ने किसी तरह दरवाजा बंदकर युवक की जान बचाई। बंदरों के भय के कारण करीब दो घंटे तक युवक अस्पताल में छुपा रहा। बंदरों के जाने के बाद युवक डरते हुए अपने गंतव्य को रवाना हुआ। इस घटना से क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना रहा।

# पूर्व प्रधान के घर हुई लाखों की चोरी

### *छत चढ कर घर में घुसे चोरों ने आभूषण समेत नगदी किया साफ*

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा चौकी अंतर्गत बुद्धवार देर रात्री को ग्राम सभा लालमन कोट के पूर्व ग्राम प्रधान लालता उर्फ (लल्लु ) विश्वकर्मा के मकान के पिछले हिस्से से चढ़े चोरों ने छत से होते हुए आंगन में उतर कर घर के चार कमरों को चोरों ने खंगाल डाला ` चोरी की घटना की जानकारी परीजनो को गुरुवार शुबह हुई । घर के हर कमरे में बिखारे पडे सामान देख परीजनो के होश उड़ गये । वही चोरी की घटना की जानकारी परीजनों के द्वारा पी आर वी डायल 112 को सूचना दिया गया` मौके पर पहुंची डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने चोरी की घटना का मौका मुआयना किया` चोरी की घटना से पीड़ित लालता विश्वकर्मा ने बताया कि 20600 नगद समेत लगभग लाखों रुपए मूल्य के आभूषण चोर उठा ले गये। वही चोरी की घटना की तहरीर चोलापुर थाने पर दि गई है। चोलापुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। वही चोलापुर पुलिस लगातार हो रही चोरीयों पर अंकुशा लगाने में नाकाम है। वही एक महिने के अन्दर में हुई चोरी आयर, अहिरौली, नकछेदपुर की घटनाओ में चोलापुर पुलिस के हाथ अभी है खाली ।

# युवती के साथ रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी लंका पुलिस ने युवती के साथ रेप करने के आरोपी अंकित राज एसएमएस कॉलेज में पढ़ने वाले बी बी ए सेकंड ईयर के छात्र को गिरफ्तार किया ।आरोपी ने मड़वा इलाके में रहने वाली एक एक युवती को लंका भगवानपुर इलाके में ले जाकर जबरी 16 अक्टूबर सुबह उसके साथ रेप किया। रेप करने के बाद आरोपी फरार हो गया था।

# दिव्यांगों के लिये चलाए जा रहे योजनाओं की दी जानकारी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी सेवापुरी ब्लॉक के ठठरा पंचायत भवन पर गुरुवार को जन विकास समिति के सहयोग से डिसेबल पर्सन ऑगेर्नाइजेशन मीटिंग का आयोजन किया गया।जिसमें दिव्यांगजनों के समस्याओं को लेकर चर्चा हुई व उसके समाधान पर विचार विमर्श हुआ।वही सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार ने सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया।जिसमें मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने एवं पुराने मेडिकल प्रमाण पत्र का रिन्यूवल कराने तथा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके दिव्यांगजनों को पेंशन, शादी अनुदान एवं सहायक उपकरण हेतु आवेदन में लगने वाले जरूरी कागजातों को तैयार कराकर जिला दिव्यांग कल्याण विभाग में जमा करने का सुझाव दिया गया।वही छोटे बच्चों को दैनिक दिनचर्या थैरेपी एवं नियमित एक्ससरसाइज करने का सुझाव देने के साथ यू.डी.आई.डी कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन भी किया गया।इस दौरान राजकुमार गुप्ता, छेदी ठठेर, शीतला विश्वकर्मा, विजेंद्र गुप्ता, कमला शंकर पटेल, प्रकाश बिंद, रेखा, बुधना देवी समेत अन्य दिव्यांगजन उपस्थित रहे।



# आशापुर और पंचकोशी निवासियों को है स्ट्रीट लाइट जलने का इंतजार

**समाज जागरण वाराणसी**

लोगों को चेहरे पर खुशी की लहर योगी सरकार में इस रोड पर स्ट्रीट लाइट तो गड़ गई मगर जलेगी कब आए दिन होते हैं एक्सीडेंट इससे मिलेगी निजात अंधेरे से मुक्ति, पुरानापुल से लेकर पंचकोशी और आशापुर मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइट स्थानियों को राहत पहुंचाने का कार्य करेगी जल्द ही यह क्षेत्र गुलजार हो जाएगा।कई वर्षों से यह रोड प्रकाश विहीन थी मगर योगी सरकार में हो रहे कार्य को स्थानियों ने सराहा स्थानीय दूध व्यावसायिक कैलाश यादव ने बताया कि पंचकोशी दूध मंडी में लगभग सुबह से शाम तक सैकड़ो की तादाद में लोग दूध बेचने आते हैं। और 24 घंटा इस रोड पर आवागमन लगा रहता है, प्रकाश की व्यवस्था होने के बाद हम लोगों को सुगम यातायात मिलेगा।



**पुरानापुल से लेकर आशापुर के बीच में लगती है कई मंडियां**

एक और फल मंडी तो दूसरी ओर सब्जी मंडी यहां से पूरे पूर्वांचल में सप्लाई की जाती है और दूध मंडी के साथ स्थानीय बाजार होने के कारण भारी भीड़ एकत्र होती है इस क्षेत्र में लोगों को उम्मीद है कि वाराणसी में नवरात्रि मेला आरंभ होने के पहले यह क्षेत्र प्रकाश मय हो जाएगा

# वाराणसी सारनाथ थाना अंतर्गत पुराने पुल क्षेत्र में स्थित आशीर्वाद वाटिका(लॉन) में इंगेजमेंट समारोह में हुई मारपीट

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

गांव के किसी कन्हैया राजभर नामक व्यक्ति कारण हुई मारपीट इंगेजमेंट करने वाले दोनों परिवार गाजीपुर और चंदौली जिले के रहने वाले है।।

लड़की और लड़के पक्ष ने मिलकर लॉन बुक किया था

लड़की पक्ष धानापुर जिला चंदौली की और लड़का पक्ष सैदपुर जिला गाजीपुर के रहने वाले बिना न्योता के समारोह में पहुंचा था कन्हैया राजभर सूत्रों के मुताबिक पूरी तरह से शराब के नशे में धुत्त था कन्हैया समारोह में जबरन घुसकर खाने पीने के सामान को फेंकने लगा था कन्हैया।।

समारोह में शामिल कुछ लोगो ने जब इसका विरोध किया तो कन्हैया ने लाठी डंडा लेकर चार- पांच लड़को के साथ घूसकर मारपीट की ।



सूचना पाकर सारनाथ थाना प्रभारी मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां सभी को समझा बुझाकर कर मामला शांत कराया गया।।

शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु घटना स्थल पर पुलिस बल मौके पर मौजूद है।

# शारदीय नवरात्रि, आगामी पर्वो व आकस्मिक परिस्थितियों के दृष्टिगत दंगा/बलवा से निपटने व नियंत्रण हेतु भदोही पुलिस है तैयार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

- ◆ पुलिस अधीक्षक, भदोही सहित समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ किया जा रहा फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन
- ◆ पर्याप्त पुलिस बल व क्यूआरटी टीम के साथ भ्रमण करते हुए आमजन से संवाद कर कराया जा रहा सुरक्षा का एहसास
- ◆ संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की, की जा रही सघन चेकिंग
- ◆ आमजन में सुरक्षा की भावना व समाज में भयमुक्त वातावरण का दिया गया संदेश
- ◆ सभी से पर्वों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने हेतु की जा रही अपील

शारदीय नवरात्रि व आगामी पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने, त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भयमुक्त वातावरण बनाये रखने तथा आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान दंगा/बलवा से निपटने व नियंत्रण हेतु जनपदीय पुलिस पूर्ण रूप से तैयार है। मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही व श्री राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही सहित समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है। पर्याप्त पुलिस बल व क्यूआरटी टीम के साथ फ्लैग मार्च करते हुए आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया जा रहा है। संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। पैदल गश्त के दौरान सर्व समुदाय के लोगों से संवाद कर शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनाने हेतु अपील की जा रही है। आमजन को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया जा रहा कि जनपद भदोही पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# स्काउड गाइड हमें जीवन जीने की कला सिखाती है:- डॉ. शिवराज मिश्रा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

कछवांरोडः- वाराणसी मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के गौर गांव स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में गुरुवार को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद वाराणसी के तत्वाधान में पांच दिवसीय रोवर रेंजर प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट गाइड के सहायक जिला कमिश्नर एवं प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा व विशिष्ट अतिथि मिजार्मुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया व महाविद्यालय के प्रबंधक एवं भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम रहे तथा संयोजक प्राचार्य डॉ.रिंकी सिंह रही।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहां की स्काउटिंग इज द साइंस ऑफ आउटिंग स्काउट गाइड हमें जीवन जीने की कला सिखाती तथा विशिष्ट अतिथि ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहां की हम सभी किसी भी कार्य को अनुशासन में करते हैं तो यह में जीवन में निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है स्काउट गाइड बिना संसाधन के साधन बना कर जीवन जीने की कला सिखाती है।प्रशिक्षक के रूप में जिला ट्रेनिंग काउंसलर उमेश कुमार केशरी, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, खुशबू मौर्य व पूजा मिश्रा रही। इस मौके पर महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. अंजना सिंह, डॉ. रीना गुप्ता, गौरव उपाध्याय, अपर्णा विश्वकर्मा, योगेश सिंह, अमृता सिंह, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', मुकेश यादव, स्नेहा मिश्रा, सपना पांडेय, राजेश सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रामजी यादव, राज कुमार मौर्य सहित अन्य प्रवक्तागण व कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने किया।



# वोटर चेतना महाभियान से मतदाता सूची में नाम जोड़ने और काटने का काम करेंगे मंडल में बुथ स्तर के कार्यकर्ता'

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/ रामनगर भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर की कामकाजी बैठक आज दिनांक 19 अक्टूबर 2023 दिन गुरुवार दोपहर 2:00 बजे श्रीराम अकैडमी रामपुर के प्रांगण में आहूत की गई जिसमें वोटर चेतना महाभियान का मंडल कार्यशाला संपन्न हुआ कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महानगर उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी श्री मधुकर चित्रांश जी ने कहा विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान, बूथ से अन्यत्र निवास करने वाले और बूथ पर नए आये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या नाम कटने का कार्य तथा दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा ने कहा आने वाले दिनों में वोटर चेतना अभियान को मंडल में बुथ स्तर पर पहुंचाने का काम करेंगे , जिससे मतदाता पुनरीक्षण का कार्य सफल हो और प्रत्येक पात्र व्यक्ति मतदाता बन सके। इस अभियान में मंडल के सभी पदाधिकारी एवं बुथ स्तर तक के कार्यकर्ता तथा वार्डो के पार्षद जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।कार्यशाला में प्रमुख रूप महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह शिवकुमार राही मनोज यादव सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव कंचन निषाद सुनील श्रीवास्तव सुनील सिंह पवन सिंह प्रमोद राजभर संजय वाल्मीकि कन्हैया लाल श्रीवास्तव सुनील मालाकार कैलाश कुशवाहा गोपाल शर्मा अतुल सिंह आदित्य शाश्वत राजेश कुमार गुप्ता राजाराम खरवार श्याम जी प्रजापति आशीष चौहान प्रिंस कश्यप जवाहिर यादव रामू यादव पीयूष गुप्ता गोपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।




# काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर संगीतालय, नृत्य की प्रस्तुति

**समाज जागरण वाराणसी**

घाट संध्या के अंतर्गत नवरात्रि विशेष काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के संयोजन में शारदीय नवरात्र अश्विनी शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि में आशीर्वाद संगीतालय के कलाकारों ने देवी स्तुति से नृत्य का आरंभ किया। तत्पश्चात एलो एलो दुर्गा मां, दशावतार समापन गरबा नृत्य की प्रस्तुति से किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकार सुश्री साची मोइत्रा, सनाया निषाद, सृष्टि चक्रवर्ती, श्रेयशी मिश्रा, अंशिका सिंह, नव्या शर्मा, आरोही पांडे , समृद्धि शुभ्रा, कृतिका बालाजी, नंदिनी, कीर्ति दीक्षित ने अद्भुत नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शक गण के हृदय को मोह लिया।



कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। सीमा केसरी ने सफल संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। समस्त कलाकारों को आशीर्वचन गुरु डॉ जया राय ने दिया ।इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा से श्री रशीद जी एवम भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में स्वच्छता संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विशेष अभियान 3.0 की प्रगति सुचारु रूप से हो रही है

सूचना और प्रसारण मंत्रालय और देश के विभिन्न भागों में स्थित इसके अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों में विशेष अभियान 3.0 सुचारु रूप से प्रगति कर रहा है। अब तक 366 आउटडोर अभियान चलाए गए हैं और 592 स्थानों को स्वच्छ किया गया है। 5095 किलोग्राम स्क्रैप का निपटान किया गया है। 13541 कागजी फाइलों की समीक्षा की गई है, 941 ई-फाइलों को बंद करने के लिए चिन्हित किया है, अन्य गतिविधियों समेत सांसदों के 13 लंबित संदर्भों को निपटाया गया है। अभियान की अवधि के दौरान लंबित शिकायतों और अपीलों के निपटान के लक्ष्य को पहले ही हासिल किया जा चुका है।

मंत्रालय इस अभियान में किए गए प्रयासों के प्रचार के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहा है। स्वच्छता के संदेश को फैलाने और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अन्य माध्यमों सहित मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से अभियान के दूसरे सप्ताह तक 300 से अधिक ट्वीट पोस्ट/री-पोस्ट कर चुका हैं।

# बेटे से मिलने जा रहे दंपति को ट्रैक्टर ने कुचला पत्नी की मौत पति घायल

वाराणसी रोहनिया थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत करसड़ा गांव में दोपहर लगभग 3 बजे के समीप (चितईपुर चुनार मार्ग पर) मिजार्पुर के चुनार निवासी राजकुमार साहनी अपने पत्नी को मोटरसाइकिल पर बिठाकर रामनगर अपने बेटे से मिलने जा रहे थे इसी बीच करसड़ा चितईपुर चुनार मार्ग पर ईंट लदी ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिसको ट्रैक्टर ने कुचल दिया और ट्रैक्टर पलट गई घटना में पत्नी सविता देवी उम्र 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जीसके बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और करसड़ा चितईपुर चुनार मार्ग को घंटो जाम कर दिया

सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी अखरी थानाध्यक्ष पंकज कुमार अम्बष्ट सहित एसीपी रोहनिया विदुष सक्सेना लोगों को समझने में जुटे रहे लेकिन लोगों ने उनकी एक भी न सुनी ग्रामीणों का मांग था कि ट्रैक्टर मलिक को मौके पर बुलाया जाए और उनसे मुआवजा दिलवाया जाए पति राजकुमार साहनी बीमा एजेंट है मृतिका को दो लड़के व एक लड़की है

## बिस्तर से बालक हुआ गुम, पुलिस तलाश में जुटी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के रायतारा (पिंडरा) वनवासी बस्ती से अलसुबह अपने दादा के पास सोए 3 वर्षीय बालक के रहस्यमय ढंग गायब होने से परिवार के लोग अनहोनी के आशंका में पुलिस से गुहार लगाई।

पुलिस को दिए तहरीर में दादा किशोरी लाल ने बताया कि उसका 3 वर्षीय पौत्र कृष्ण कुमार उसके पास सोया था। वह भोर में शौचालय से जब वापस लौटा तो विस्तर से मेरा पौत्र गायब मिला। उसके बाद परिजनों संग आसपास काफी खोजबीन के बाद न मिलने पर पुलिस से गुहार लगाई। वही पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज करने के बाद गुमराह बालक के तलाश में जुट गई। स्वयं थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत गांव के खेतों में पुलिसकर्मियों के साथ तलाश करते रहे। वही आसपास के तालाबों में भी सर्च अभियान चलाया।

# कारोबार के नाम पर पैसा लेकर जालसाजी करने वालों के खिलाफ मुकदमा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र की खोजवा इलाके में कृष्ण रेजिडेंसी अपार्टमेंट में रहने वाले प्रोफेसर राम अवतार ओझा की शिकायत पर धर्म श्रीवास्तव पत्नी अमृता श्रीवास्तव उनकी बेटी मीना श्रीवास्तवे और उनके बेटा अंकुर श्रीवास्तव जो की एसबीआई बैंक में कर्मचारी निवासी नासीरपुर चितईपुर के खिलाफ धोखाधड़ी कूट रचित जालसाजी करने के मामले में एसीपी भेलूपुर के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया।मुकदमा दर्ज करने वाले रामवतार का आरोप है कि उनका बेटा पुनीत और धर्मनाथ श्रीवास्तव का बेटा अमित घनिष्ठ मित्र थे।जिसके कारण अमित के माता-पिता भाई-बहन सबका पुनीत के घर आना-जाना होता था। इसी दौरान अमित अपने को फाइनेंशियल कंसलटेंट होना बताया।जमीन जायदाद और म्युचुअल फंड में पैसा इन्वेस्ट करने के लिए बोला। अमित हमेशा काम के सिलसिले में बाहर रहता था।इसके कारण उसने अपने पिता धर्मनाथ श्रीवास्तव मीना श्रीवास्तव बहन अमृता श्रीवास्तव भाई अंकुर श्रीवास्तव की मिली भगत से वर्ष 2022 में विभिन्न खातों में 98 लाख 7 हजार 281 रुपए सभी ने मिला के लिया।इसमें कुछ पैसे नगद भी दिया गया।पैसा लेने के बाद सभी बात करना बंद कर दिए।फोन करने पर गाली गलौज करते थे। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने में जुट गई।

# युवती की फर्जी फेसबुक बनाने वाले के खिलाफ केस

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी भेलूपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथ नगर कॉलोनी तुलसीपुर में रहने वाली ममता राय नामक युवती की शिकायत पर एसीपी भेलूपुर के निर्देश पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। युवती का आरोप है कि आरोपी ने 9 फर्जी आईडी बनाकर अश्लील वीडियो और स्टोरी फोटो लगाया रहा था।पीड़िता बनारस ममता राय नाम से फेसबुक आईडी चलती है।जिस पर 1.3 मिलियन फॉलोअर हैं।दूसरा फेसबुक अकाउंट ममता राय नाम से चलती है। जिस पर 550000 फॉलोअर है।दोनों फेसबुक अकाउंटको हैंक कर लिया गया है।

# रायसेन में निकली विशाल चुनरी पदयात्रा का पुष्प वर्षा कर नगरवासियों ने किया भव्य स्वागत

*चुनरी की एक झलक पाने सड़क के दोनों तरफ हजारों की संख्या में एकत्रित हुए श्रद्धालु*

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। हर वर्ष की तरह इस बार भी शारदेय नवरात्र की पंचमी तिथि गुरुवार को शहर में विशाल चुनरी पदयात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म का लाभ उठाया। नगर के सांची मार्ग स्थित माता मंदिर से पूजा अर्चना करने के पश्चात चुनरी पद यात्रा प्रारंभ की गई, जिसका शहर में अनेक स्थानों पर हजारों श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, चुनरी पद यात्रा में शहर सहित आसपास के सैकड़ों गांव के लोग शामिल हुए, सबसे ज्यादा संख्या महिला श्रद्धालुओं की देखने में आई। चुनरी पद यात्रा में डीजे, ढोल, ढमाके तासे मयूर नाच, ऊट पार्टी, घोड़े डांस करते हुए, साथ में काली जी की झ-ांकी, चुनरी पदयात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। देखने के लिए सड़क के आसपास हजारों की तादात में श्रद्धालु जमा थे, जगह जगह श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी चलाकर चुनरी का स्वागत कर दर्शन लाभ लिए। प्रतिवर्ष चुनरी पद यात्रा का आयोजन समाज सेवी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जमना सेन द्वारा किया जाता है, जिसमे स्वास्थ मंत्री एवं सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्यासी डॉ प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा भी शामिल हुए



उन्होंने चुनरी पद यात्रा का स्वागत किया, दौरान उन्होंने चुनरी यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्स-ाहवर्धन किया। चुनरी यात्रा का स्वागत श्री हिंदू उत्सव समिति सहित अनेक धार्मिक संगठन एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी पुष्प वर्षा के साथ किया। इसके अलावा सागर मार्ग पर भी कई जगह स्वागत किया गया, डॉक्टर चौधरी के श्रीराम परिसर के सामने भी उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर श्रीमती नीरा चौधरी एवं उनके समर्थकों द्वारा चुनरी पदयात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पाटन देव से चुनरी पद यात्रा सागर मार्ग होते हुए ग्राम खंडेरा छोले वाली मैया के दरबार में देर शाम पहुंची, यहां चुनरी पदयात्रा के आयोजक जमना सेन एवं उनकी धर्मपत्नी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर माता रानी को ग्यारह हजार मीटर की चुनरी भेंट करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, चुनरी पदयात्रा का रायसेन से लेकर ग्राम खंडेरा तक जगह-जगह ग्रामीण श्रद्धालुओ द्वारा रोड किनारे पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, चुनरी पद यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म का लाभ उठाया।

# जिले भर में श्री दुर्गा उत्सव की धूम, शक्ति की भक्ति में लीन हैं श्रद्धालु, कहीं भजन कीर्तन तो कहीं महा आरती के हो रहे आयोजन

रायसेन। इन दिनों शारदेय नवरात्र के चलते जिला मुख्यालय सहित जिले भर में श्री दुर्गा उत्सव की धूम नजर आ रही है मैया के दरबार में कहीं भजन कीर्तन तो कहीं महा आरती के आयोजन हो रहे हैं चारों तरफ शक्ति की भक्ति में श्रद्धालु रम ते नजर आ रहे हैं । इसके साथ ही नवरात्र में माता के जवारे भी बोए गए हैं जहां मइया के जस कीर्तन श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे हैं । झांकियों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है झिलमिल झांकियां रोशनी से जगमग दिखाई दे रही है । चारों तरफ जय माता दी के जयकारे और भजनों की तान सुनाई दे रही है हर तरफ



नवरात्र की धूम नजर आती है। श्रद्धालु कहीं पद यात्रा के माध्यम से तो कहीं झंडा यात्रा लेकर माता के मंदिर तक पहुंच रहे हैं । इस समय नवरात्र के चलते मां हिंगलाज देवी, मां कंकाली देवी, मां हरसिद्धि देवी, कोई छोले वाली मैया के यहां प्रतिदिन कोई पैदल चलकर तो कोई यह के माध्यम से मैया जी के दरबार में दर्शन करने एवं धर्म कला उठाने पहुंच रहे हैं।

# मच्छररोधी उपाय अपनाएं, संचारी रोगों से छुटकारा पाएं

**विवेक कुमार संवाददाता!**
**राजधानी लखनऊ, 19 अक्टूबर**

जनपद में तीन से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है` इसी क्रम में बक्शी का तालाब ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोनावा के राजकीय हाईस्कूल विद्यालय मेंबृहस्पतिवार को यूनिसेफ और स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एड-वोकेसी( सीफॉर ) द्वारा संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया यूनिसेफ और सीफार के प्रतिनिधि ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जानकारी दी कि डेंगू, मलेरिया और फाइलेरिया जैसी बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं` इसलिए मच्छरों से बचें` मच्छरों से बचने के लिए घर और उसके आस-पास सफाई रखें` पानी नहीं पनपने दें` जहां भी पानी इकट्ठा होगा वहाँ मच्छर पनपेंगे` चाहे वह साफ पानी ही क्यों न हो` डेंगू का मच्छर तो साफ पानी में ही पनपता है` सोते समय मच्छरदानी लगाकर सोएं या मच्छररोधी क्रीम या अगरबत्ती का



प्रयोग करें` हाँ यदि बुखार आता है तो खुद से कोई इलाज न करें` निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और जांच व इलाज कराएं` इस मौके पर मां बरही शक्ति पीठ फाइलेरिया सपोर्ट ग्रुप की नेटवर्क सदस्य 47 वर्षीय राजिया ने विद्यार्थियों को बताया कि वह 10 सालों से फाइलेरिया से पी-ड़ित हैं और जब वह समूह से जुड़ी तब उन्हें पता चला कि या मच्छर से होने वाली बीमारी है` वह इसलिए सभी लोग मच्छरों से बचें` फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो कभी ठीक नहीं होती है और यह व्यक्ति को आजीवन दिव्यांग बना देती है` इस अवसर पर प्रधानाचार्या सीमा अहिर-वार, शिक्षक मुकेश कुमार दीक्षित, मधु शुक्ला, मीतू गंगवार, मोनिका सिंह, प्रियंका निकिता त्रिपाठी, संगीता दुबे, सहित 180 विद्यार्थी मौजूद रहे ।

# शिव मंदिर पाली प्रोजेक्ट में बिराजी बड़ी महाकाली आज शुभारंभ होगा भूत नगरी व मनोकामना कुंड

उमरिया- नवरात्रि के शुभ पर्व पर शिव मंदिर मां बड़ी महाकाली युवा उत्सव समिति के द्वारा हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी महाकाली जी की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी बड़ी महाकाली जी के दरबार में भूत नगरी एवं मनोकामना कुंड का आयोजन भी किया गया है। भूत नगरी के प्रथम गेट से भक्तगण भ्रमण करने के पश्चात मां जगत जननी मां बड़ी महाकाली जी के दर्शन प्राप्त करेंगे। माता महाकाली के दर्शन प्राप्त कर मनोकामना कुंड में सिक्के को डालकर अपनी मनोकामना को माता रानी के सामने प्रकट करेंगे। समिति के हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि मां काली युवाओं से समिति के द्वारा 9 दिन में 9 अलग-अलग प्रकार भंडारे प्रसाद का वितरण भी किया जाता है। पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी भूत नगरी व मनोकामना कुंड का आयोजन शिव मंदिर पाली प्रोजेक्ट कॉलोनी में किया गया है। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है इससे माता मा बड़ी महाकाली जी का महा रूप झलकता है। समिति के द्वारा 9 दिन तक लगातार भगत कीर्तन जगराते का आयोजन भी किया जाता है जिसमें न केवल पाली जिले



के विभिन्न स्थानों से दूर-दूर से लोग माता बड़ी महाकाली के दर्शन प्राप्त करने आते हैं। बड़ी महाकाली के दर्शन से ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। भक्ता बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ माता रानी के दर्शन करते है एवं भूत नगरी का भ्रमण करते पंडाल में विराजमान बड़ी महाकाली जी के दर्शन प्राप्त कर माता रानी का पूजन का प्रसाद प्राप्त करते हैं। समिति से योगेंद्र सिंह,हिमांशु तिवारी,प्रकाश पटेल,सुनील प्रजापति, पारस गौतम,मोंटू कोल,अंकित गौतम, बब्लू रजक,साहिल पटेल,लकी पांडेय,सजाय पासी,अदित्य यादव,आशू बैगा,प्रथम मरावी, शैलेंद्र शुक्ला, सत्यम महोबिया रिशु गुप्ता,साहिल कोल,विशाल बिंद, सिद्धार्थ विनायक, अभिषेक यादव,जितेंद्र तिवारी,सागर काश्यप, गोलू विश्वकर्मा, अमन बर्मन, कौशलेंद्र एवं सभी उपस्थित रहे।

# मुख्यालय में चरमराई यातायात व्यवस्था

अनूपपुर। इन दोनों अनूपपुर जिला मुख्यालय की यातायात व्यवस्था चरमरा सी गई है। यातायात व्यवस्था बेपटरी होने के कारण आमजन परेशान हैं। नवरात्री त्योहार के कारण मुख्यालय में भीड़ भी देखी जा रही है जिसके कारण आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग भी मुख्यालय पहुंच रहे हैं जिला मुख्यालय होने के कारण भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन भी होता रहता है। इन दोनों देखा जा रहा है कि सार्वजनिक स्थानों में यातायात व्यवस्था बिगड़ सी हो गई है। बस स्टैंड एवं स्टेशन पहुंच मार्ग में आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है जिसका खामियाजा आमजन भोग रहे हैं। जिले में नए यातायात प्रभारी के आने के बाद ऐसा लगा कि मुख्यालय की यातायात व्यवस्था अब चुस्त दुरुस्त रहेगी लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है।

# भाजपा के सक्रिय नेत्री पूर्व जनपद अध्यक्ष चांदनी भारद्वाज जोगी कांग्रेस में हुई शामिल मस्तूरी से कर सकती है दावेदारी।

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। विधानसभा चुनाव जैसे ही नजदीक आ रही है बड़े-बड़े चौंकाने वाले और दावेदारों की सक्रियता से इस बार मस्तूरी विधानसभा का चुनाव बहुत ही जटिल और चुनौती पूर्ण होने वाला है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता माने जाने वाले डॉ कृष्णमूर्ति बांधी, मैदान में हैं, और कांग्रेस के बहुत ही लोकप्रिय और सरल सहज व्यक्तित्व के रूप में अपनी छवि बनाने वाले लोक गायक दिलीप लहरिया तीसरी बार मस्तूरी विधानसभा के लिए कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने जा रहे हैं,और बहुजन समाज पार्टी के मजबूत और सशक्त एवं जमीनी कार्यकताओं से जुड़े हुए दाऊराम रत्नाकर भी इस बार मस्तूरी विधानसभा सभा में बहुजन समाज पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आडींग है। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मोहतरा सरपंच धरम भार्गव सामाजिक एवं युवाओं में अपनी अलग पहचान और पैठ बनाए



हुऐ हैं।ऐसे में मस्तूरी विधानसभा में सबसे ज्यादा लोकप्रिय और जिस पार्टी के मस्तूरी क्षेत्र में काफी चहेते हैं जिसका नाम जोगी कांग्रेस है, उसमें मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय और सक्रिय भाजपा नेत्री चांदनी भारद्वाज जो मस्तूरी जनपद के अध्यक्ष रह चुकी है, जिला पंचायत सदस्य है,वह भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर जोगी कांग्रेस का दामन थामी है और मस्तूरी विधानसभा में चुनाव लडने को तैयार है। ऐसे में मस्तूरी विधानसभा में राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा और विधानसभा चुनाव में किनके सर पर ताज होगा यह खुब चर्चा का विषय बना हुआ। भारतीय जनता पार्टी को छोड़ जोगी कांग्रेस में प्रवेश लेने पर श्रीमती चांदनी भा-रद्वाज ने कहा कि क्षेत्रीय पार्टी होने एवं उनके सिद्धांतों को देखकर वह जोगी कांग्रेस में वह प्रवेश किए हैं।

# सिलवानी के भाजपा प्रत्याशी रामपाल सिंह ने शक्ति केंद्र एवं बूथों पर पहुंच किया संवाद, किया जनसंपर्क

*कार्यकताओं ने भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजय बनाने लिया संकल्प*

**सीएल गौर, रायसेन**

रायसेन। भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ जीतने के लिए संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत शक्ति केंद्र सम्मेलन एवं बूथ बैठक में सिलवानी विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी रामपाल सिंह सम्मिलित हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा को प्रचंड बहुमत से अपने बूथ को विजय बनाने का संकल्प लिया। साथ ही भाजपा प्रत्याशी रामपाल सिंह ने अनेक गांवों में जनसंपर्क किया। रामपाल सिंह के साथ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, विधानसभा संयोजक विष्णु रावत, शक्ति केंद्र संयोजक हरिराम यादव, जनपद उपाध्यक्ष मेहरबान लोधी, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, बेगमगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जगदीश लोधी, वीरसिंह यादव मढ़िया, लालचंद लोधी ने बूथ क्रमांक 97 मबई, 99 पड़रिया सीताराम, 98 पापड़ा, 96 ढिलवार, 94 पड़रिया राजधार, 100 टेकापार खुर्द, 131 रतनहारी, 133 बीलख-ेड़ा जागीर में पहुंचकर बैठक में शामिल हुए इस मौके पर विधायक



रामपाल सिंह ने कार्यकताओं के साथ संवाद किया। विधायक रामपाल सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है हम सब कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने बूथ केंद्रों पर भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ कमल का फूल खिलाना है। इसके लिए हम अपने पहले बूथ सशक्तिकरण को मजबूत करते हुए चुनावी प्रबंधन को आगे बढ़ाएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। चुनाव में सभी वर्गों का शत-प्रतिशत मतदान होगा तो,भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को विकास की दिशा से जोड़ने का काम किया है हम सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर लाभार्थी हितग्राहियों से भी संपर्क करते हुए संपर्क के माध्यम से समर्थन मांगे और पार्टी को जीतने के लिए आग्रह करें। उन्होंने कार्यकताओं से भाजपा के पक्ष में अधिक मतदान कर रिकार्ड बनाने आव्हान किया।

# सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 20 अक्टूबर )सोशल मिडिया पर एक युवक ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते फेसबुक पर पोस्ट कर दिया जिसको लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया हैं।पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट विजय डावर के सक्रिय मार्गदर्शन में बालाघाट पुलिस के द्वारा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। जिसके द्वारा आगामी त्यौहार, विधानसभा चुनाव को लेकर समस्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी सतत निगरानी रखी जा रही है। 17 अक्टूबर को गुड्डू आर नामक फेसबुक प्रोफाईल के धारक द्वारा अपनी फेसबुक आ-ईडी पर धर्म विशेष पर अभद्र टिप्पणी कर विवादित पोस्ट अपलोड कर धर्म विशेष की धार्मिक भावनाओं को आहत कर सामाजिक द्वेश उत्पन्न कर शहर की फिजा बिगाढने का प्रयास किया गया। इस मामले में थाना कोतवाली बालाघाट में धारा 53-ए, 295-ए, 188 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर बालाघाट पुलिस की विशेष दल द्वारा वीरेंद्र ऊर्फ गुड्डू रामटेके पिता हेमराज रामटेके निवासी डाबरी खुर्द थाना बहेला को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

# मंडई में भगवान राम कथा का श्रवण कर रहें हैं भक्त गण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 20 अक्टूबर )स्वस्थ भारत समृद्ध भारत संस्कारित भारत इस उद्देश्य को लेकर एकल अभियान का श्री हरि कथा योजना एकल अभियान एकल के पांचवा आयम संस्कार शिक्षा के अंतर्गत संच बिरसा अंचल भाग सतपुड़ा सम्भाग मह-ाकौशल के अंतर्गत विघालय ग्राम थुरेमेंटा मण्डाई तहसील बिरसा में नौ दिवसीय श्रीराम कथा प्रारम्भ हों चुकी है जो 24 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें कथाकार एकल अभियान अंचल व्यास कथाकार सुश्री चंद्रकला सहचरी के मुखारविंद से रस पान कराया जा रहा है जिसमें भक्त गण पहुंचकर भगवान की अमृतमयी कथा का रसपान करने का आनंद लें रहें हैं।कथा में विशेष



सहयोग के रूप में संच व्यास कथाकार श्रीमान युगल किशोर शरण संच गढ़ी, श्रीमती रामबती सहारे संच व्यास संच उकवा, आचार्य दीदी श्रीमती कविता बोपचे ग्राम थुरेमेंटा, संगीत टोली से श्रीमान चंदेश्वर चौधरी, श्रीमान भुपेंद्र बघेल जी समस्त टीम का सहयोग मिल रहा है,यह कार्यक्रम ग्राम के एक परिवार के निज निवास में हों रही है,इनके घर में माता रानी विराजमान हैं एकल अभियान के इस कथाकार को एक वर्ष पुर्व इस कथा को,इसी नवरात्रि में इस घर को माता जी को भेट दिया गया था उसका पालन आज निभाया जा रहा है जिसमें ग्राम वासी लोग रसपान कर रहे है समस्त बंधुवर धर्म प्रेमी को राम की सुंदर चरित्र का रस पान करने की अपील की गयी हैं।

# बीमारी से त्रस्त अधेड ने किया था कीटनाशक का सेवन,इलाज के दौरान हुई मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 20 अक्टूबर )बीमारी से त्रस्त एक अधेड़ ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन चार दिनों तक किए गए उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक थाना किरनापुर अंतर्गत ग्राम नारायणटोला वार्ड नंबर 20 निवासी 53 वर्षीय राजेश पिता रामनाथ बोरकर था। शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपर्द किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार किरनापुर नारायण टोला निवासी राजेश बोरकर मजदूरी का काम करता था जो लंबे समय से ब्लड शुगर की बीमारी से परेशान था। बताया जा रहा है कि हालत गंभीर होने और शारीरिक तकलीफ ज्यादा होने के चलते 14 अक्टूबर को उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई, जिसे चक्कर के साथ-साथ उल्टी होने लगी। जहां उसकी की तबियय खराब होने पर उसके परिजनों ने उसे तुरंत उपचार के लिए किरनापुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।लेकिन हालत बिगड़ते देख चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पिछले तीन दिनों से उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा था। जिसकी बुधवार की शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसकी सूचना अस्पताल चौकी पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों के ब्यान दर्ज कर ,पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई पूरी कर विवेचना शुरू कर दिया हैं।

# पानी निकालते समय गर्ववती महिला फिसलकर कुएं में गिरी, डूबने से हुई दर्दनाक मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 20 अक्टूबर )मलाजखंड पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम बासिंगखार में उस समय मातम फैल गया जब एक गर्ववती महिला का कुएं से पानी निकालते समय पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गयी जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। मिली जानकारी अनुसार मलाजखंड पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम बासिंगखार निवासी युवराज ठाकरे की पत्नी इलेश्वरी बाड़ी में स्थित कुएं से पानी निकालने के लिए गयी थी,जहाँ पानी निकालने के दौरान लकड़ी की पटिया टूटने से इलेश्वरी अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गयी जिसकी आवाज सुनकर घर से देवर चिल्लाते हुए कुएं के तरफ दौड़ा एवं भाभी को कुएं में डूबते हुए देख तुरंत कुएं में उतर कर अपने भाभी को गांव वालों की मदद से ऊपर निकाला तब तक महिला की सांस चल रही थी लेकिन कुछ ही देर में इलेश्वरी ने दम तोड़ दिया जिसके गर्व में पल रहा छः माह का गर्व भी नष्ट हो गया। इस ह्रदय विदारक घटना से पूरा गांव शोक में डूब गया। मृतक महिला के घर में सास ससुराल, पति देवर व एक पुत्र साथ निवास करते थे।घटना की सूचना पाकर मलाजखंड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# कानपुर देहात में अवैध संबन्धों से नाराजगी में सेवानिवृत शिक्षक के पिता और प्रेमिका हत्या

*- तीसरी शादी करने वाले रिटायर्ड शिक्षक की भी हालत गंभीर*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। अवैध सम्बन्धों की नाराजगी में सेवानिवृत शिक्षक के पिता और साथ रह रही उसकी कथित प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया गया।

घटना देहात के अमरौधा कस्बे में हुई। यहां सेवानिवृत शिक्षक और साथ रह रही युवती पर बुधवार की देर रात कुछ लोगों ने चाकुओं से हमला कर दिया। चीख सुन उठे बुजुर्ग पिता भी वार कर दिया। हमले में युवती व बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि शिक्षक की हालत गंभीर है।

जानकारी के मुताबिक भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरौधा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक विमल द्विवेदी, उनके पिता रामप्रकाश ( 83 ) और घर में रह रही युवती खुशबू ( 30 ) पर रात में चाकुओं से हमला किया गया। इसमें रामप्रकाश और खूशबू की मौत हो गई। जबकि विमल द्विवेदी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी पर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। जानकारी के अनुसार, सेवानिवृत्त शिक्षक विमल द्विवेदी और युवती खुशबू में अवैध संबंध थे। उन्होंने हाल ही में तीसरी शादी की है। पुलिस ने दोनों बेटों अक्षत द्विवेदी और ललित द्विवेदी को हिरासत में ले लिया है, जिन्होंने मौखिक रूप से वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। आरोपियों द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक पिता की चरित्रहीनता को देखते हुए घटना की गई है। सेवानिवृत्त होने के बाद पिता को मोटी रकम मिली थी, जिसे वो युवती पर उड़ा रहे थे। इसको लेकर कई बार घर में विवाद भी हुआ था। घटना से गांव में दहशत का भी माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# विधानसभा निर्वाचन : कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम व डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर

*चारो विधानसभा स्तर पर भी स्थापित किए गए कंट्रोल रूम,,,, निर्वाचन अधिकारी*

रायसेन। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत निर्वाचन कार्य में सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा निरंतरता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के आदेशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय कम्पोजिट भवन में कक्ष क्रमांक-48 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07482-299310 है। आमजनों की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन शाखा में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर भी स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नम्बर 18002339272 तथा 1950 है। कलेक्टर द्वारा डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी जिला संस्थागत वित्त अधिकारी खिलान सिंह यादव को बनाया गया है। साथ ही जिला प्रबंधक ई-गर्वनेंस सोसायटी धर्मेन्द्र नायक तथा जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी रवि चंदेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके अतिरिक्त जिला आयुष कार्यालय के बहुउद्देशीय कार्यकर्ता मुकेश लारिया को सहायक बनाया गया है।

**विधानसभा स्तर पर भी बनाए गए हैं कंट्रोल रूम,,**

जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के साथ ही चारों विधानसभाओं में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों में विधानसभा स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायसेन में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07482-222313, सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेगमगंज में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 7748094206, उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरेली में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 7610181839 और भोजपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गौहरगंज में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 9165786980 है।

# जिले में विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान हेतु चलाया जा रहा है अभियान

**दैनिक समाज जागरण रायसेन, 19 अक्टूबर 2023**

विधानसभा निर्वाचन-2023 में रायसेन जिले में अधिक से अधिक मतदाता मतदान करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे तथा स्वीप नोडल अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में रैली, दीवार लेखन, रंगोली, मेंहदी, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को



जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में रायसेन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनशिक्षक श्री सूर्यप्रकाश सक्सेना द्वारा नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व बताते हुए विधानसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं द्वारा मतदान की शपथ ली गई और संकल्प पत्र भी भरे गए। इस अवसर श्री मनोज सक्सेना, अन्वेश सक्सेना, बलवीर राजपूत, मिथलेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

*21 से भराएंगे नामांकन, एप से उम्मी-दवार भर सकेंगे ऑनलाइन नामांकन*

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के बारे में भी कराया गया। प्रशिक्षण में सांची विधानसभा क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया सहित विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सिलवानी और उदयपुरा के रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी



उपस्थित रहे। प्रशिक्षण दे रहे स्वामी विवेकानंद शास. महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा मास्टर ट्रेनर श्री एके जुनेजा द्वारा बताया गया कि कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है। निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है। अभ्यर्थी को नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म 2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि आगामी 30 अक्टूबर है। किसी भी अभ्यर्थी को उसके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रकाशन के लिये प्रारूप सी 1 एवं सी 4 देना होगा। प्रशिक्षण में सभी रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन पत्र दाखिल करने की संपूर्ण प्रक्रिया और इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए समस्त दिशा निदेर्शों एवं विशेष प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में दीक्षांत समारोह

**विजय तिवारी उमरिया**

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में संचालित 38वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2023 में प्रशिक्षणरत 293 नव-आरक्षकों का 19 अक्टूबर को दीक्षांत समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह के मुख्यअतिथि डी.सी. सागर (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल मध्यप्रदेश रहे। कार्यक्रम में जिला उमरिया के पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू .पी.टी.एस. उमरिया पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिमा पटेल, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम व संस्था के सभी अधिकारी/कर्मचारी, जिला उमरिया के विद्यालययीन छात्र छात्राएं, नव आरक्षकों के अभिभावकगण, उमरिया जिला के पत्रकारगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में सभी नवआरक्षकों द्वारा अत्यंत उत्साह के साथ दीक्षांत परेड का प्रदर्शन किया गया तथा राष्ट्रीय ध्वज के नीचे से गुजरते हुये मुख्य अतिथि को सलामी प्रस्तुत की गई साथ ही पुलिस अधीक्षक पी.टी.एस.उमरिया द्वारा प्रशिक्षु नव आरक्षकों को देश भक्ति एवं जन सेवा की शपथ दिलाई एवं पूरे प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव आरक्षकों को पुरस्कृत किया गया। दीक्षांत परेड में नव आरक्षकों के कदम 6वीं बटालियन जबलपुर के बैंड एवं नवोदय विद्यालय उमरिया के बैंड की करतल ध्वनि पर चले। दीक्षांत परेड के परेड कमांडर कपिल आयाम जिला शहडोल , परेड ट-आईसी पुष्पराज पटेल जिला कटनी रहें एवं सत्र के सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थी नव आरक्षक अंकित सिंह जिला-रीवा रहे। इसी क्रम में सभी पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत कर, तत्पश्चात मुख्य अतिथि डी.सी. सागर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन शहडोल द्वारा छात्र-छात्राओं एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों एवं नव आरक्षकों को यातायात सुरक्षा के संबंध में समझाइश भी दी गई एवं दीक्षांत समारोह का समापन आभार प्रदर्शन के उपरांत किया गया। दीक्षांत समारोह के पश्चात , मुख्य अतिथि श्री डी. सी. सागर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन, शहडोल एवं पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया श्रीमती प्रतिमा पटेल द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया ।



# केशवाही में संचालित हो रही अवैध कोयला खदान, प्रतिमाह निकाला जाता है करोड़ों का कोयला जितेंद्र शर्मा

शहडोल : जिला मुख्यालय के अंतिम छोर केशवाही में इन दिनों माफिया राज कायम है जहां एक ओर शासन प्रशासन माफिया मुक्त अभियान का दावा कर रही वहीं दूसरी ओर बीते कई माह से जिले के केशवाही चौकी क्षेत्र अंतर्गत केशवाही में प्रतिदिन लाखों का अवैध कोयला खनन न सिर्फ किया जाता है अपितु थानावार जिला वार सेटिंग कर बेखौफ आधा दर्जन से अधिक हाईवे के माध्यम से रायपुर भेजे जाते हैं।

***मजदूरों के जान से खिलवाड़ कर रहे कोल माफिया**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ख्याति प्राप्त नामचीन माफिया प्रेमप्रताप दिहाड़ी की लालच में स्थानीय मजदूरों को मरखी माता मंदिर के किनारे बने सुरंग में कोयला खोदने के लिए भेजते हैं और शाम होते ही वही कोयला खरीद कर बाकायदा बड़े-बड़े वाहनों में नकली टीपी लगाकर बड़े-बड़े महानगरों के लिए रवाना कर दी जाती है।

**नामचीन माफियाओं का गिरोह**

ऐसा नहीं है कि यह अवैध कोयले का कारोबार अभी नया-नया शुरू हुआ है कई वर्षों से यह अवैध खदानें संचालित की गई है कई बार प्रशासन ने यहां कार्यवाही भी की है सुरंग को भरवाया भी गया है। लेकिन काफी समय से बंद इस कारोबार को बीते कुछ महीने पहले हरी झंडी दिखाई गई और फिर धड़ल्ले से शुरू हुआ यह कारोबार जिसमें स्थानीय रसूखदार माफियाओं के साथ मिलकर सफेद पोस स्थानीय व्यक्ति द्वारा इस कारोबार को अंजाम दिया जाता है

## प्रधानमंत्री ने विश्व के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन पर जीत हासिल करने के लिए कार्तिकेयन मुरली की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर मास्टर्स 2023 प्रतियोगिता में विश्व के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन पर जीत हासिल करने के लिए कार्तिकेयन मुरली की सराहना की है।

**प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया है:**

@KarthikeyanM64 को बधाई हो, जिन्होंने कतर मास्टर्स 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी इस सफलता ने भारत को बहुत ही गौरवान्वित किया है। कार्तिकेयन मुरली ने वर्तमान शतरंज चैंपियन और विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने की अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की है।

# ठेका समाप्त होते ही मच गई जिले में रेत की लूट

## *जंगली क्षेत्र से हो रही सबसे ज्यादा निकासी*

अनूपपुर सितंबर के अंतिम में रेत का ठेका खत्म हो गया और इसके साथ ही जिले में रेत की लूट मच गई है जिले के सभी नदी नालों में रेत का अवैध उत्खनन परिवहन हो रहा है न सिर्फ निजी निर्माण में बल्कि सरकारी निर्माण कार्यों में भी चोरी की रेत का बेधड़क उपयोग हो रहा है किंतु जिला प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है दिखावे के लिए छुटपुट कार्यवाही की जाती है जबकि रेत की निकासी उससे कहीं अधिक पैमाने में किया जाता है। अनूपपुर जिले भर में रात भर बेधड़क रेतकी निकासी की जा रही है। कोतमा बिजुरी जैतहरी वेंकट नगर क्षेत्र में शाम ढलते ही रेत का खेल शुरू हो जाता है कोतमा क्षेत्र में कुछ खास लोग इस काम में लगे हैं और इन्हें न सिर्फ राजनीतिक लोगों का संरक्षण प्राप्त है बल्कि खनिज विभाग का भी खुला संरक्षण मिल रहा है। कोतमा बिजली क्षेत्र के आसपास बंटी नमक रेत माफिया भी इन दोनों चचाओं में है जिसे कुछ पुलिस कर्मियों का संरक्षण भी प्राप्त है। चंगेरी, खोडरी सहित कोतमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रेत की अवैध निकासी की जा रही है। ठेका समाप्त हो जाने से जहां रेट की चोरी शुरू हो गई है वहीं लोगों का निर्माण के लिए सहज ढंग से बालू भी नहीं मिल पा रही है चोरी से निकल जाने वाली बालू को माफिया इतनी ऊंची कीमत में बेच रहे हैं कि उसे खरीद पाना सबके बस की बात नहीं है जो लोग सक्षम हैं वे तो महंगे मूल्य में खरीद भी लेते हैं लेकिन सभी लोग यह मूल्य को देने में सक्षम नहीं है। बालू नहीं मिल पाने के कारण सैकड़ो की संख्या में निर्माण बंद हो गए हैं जिससे मजदूर भी खाली बैठे हुए हैं। रेत की अवैध निकासी पर रोक लगाने में वन विभाग भी अक्षम साबित हो रहा है बिजुरी, कोतमा, सहित जैतहरी के आसपास वन परिक्षेत्र से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है।

# शहडोल शहर में सट्टोरिए की बल्ले बल्ले

## *पाली में सट्टोरियों की आई बाढ़, पुलिस ने साधा मौन*

**विजय तिवारी शहडोल।**

कोई नहीं कह सकता की शहडोल जिले का कनेक्सन सट्टे के मामले में दुबई तक हो सकता है शहडोल की गलियों का व्यक्ति दुबई में बैठकर सट्टे को संचालित करेंगा और शहर सहित जिला एवं संभाग इस सामाजिक अपराध की गिरफ्त में होगा। चूंकि अब सब ऑनलाईन है और पुलिस भी इस मामले को जानती है इसलिए पुलिस भी अपना काम साध रही है। जानकारी के अनुसार शहडोल संभाग सट्टोरियों की गिरफ्त में है यह पूरा कारोबार हाईटेक तरीके से संचालित हो रहा है और मोबाइल ने एक ऐसा अपराध कर डाला है जिसको पुलिस भी पकड़ पाने में असफल सिद्ध हो रही है या यूं कहां जा सकता है कि सब कुछ फिक्स होने के कारण मैनेज हैं। शहडोल में सट्टोरियों सन पाल रहा है। ऐसे में कौन उस पर कार्यवाही कर पाएगा। इस मामले को कई बार प्रशासन की नजरों में लाया भी गया लेकिन अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी। शहडोल का हर गली, मोहल्ला, चौराहा इस मामले में उलझा हुआ है। अंकों की जादूगरी का जो खेल शहडोल सहित पूरे संभाग में चल रहा है इस 1 लगाओं 80 पाओं के चक्कर में युवा पीढ़ी किस दिशा में जा रही है कह पाना कठिन है। सामाजिक बुराई को पूरी तरह से जड़ से खत्म करने के लिए राजनीतिक दलों के लोग भी आगे नहीं आ रहे हैं। सट्टा का यह कारोबार संभाग मुख्यालय बम नहीं बल्कि संभाग के अंतर्गत उमरिया एवं अनूपपुर जिले में भी धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है।

बिजुरी, रामनगर तक सट्टोरियों का जाल फैला हुआ है। कोतमा पुलिस तो मानों सट्टोरियों के जेब में हैं ऐसे में एक तरफ आचार संहिता का पाठ पुलिस पढ़ा रही है तो दूसरी तरफ पुलिस के विचार बदले हुए हैं। गौरतलब है कि जब तक इस संभाग में पुलिस एक स्काड बनाकर छापामार कार्यवाही नहीं शुरू करेगी तक तब तक अपराध पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता है। चचाई क्षेत्र में यह कारोबार बाजार क्षेत्र का चर्चित व्यक्ति संचालित कर रहा है जिसकी जानकारी बीट प्रभारियों से लेकर थाना प्रभारी को भी रहती है लेकिन इस कथित सटोरिया पर पुलिस ठोस कार्यवाही करने में हमेशा अक्षम साबित होती रही है।

**लग रहा जुएं का फड़**

शहडोल उमरिया की सीमा ग्राम चंदनिया के जंगल दोपहर 3 बजे से लेकर देर रात तक जुए का कारोवार संचालित हो रहा है। इसे कोई और नहीं बल्कि सोहागपुर का एक तथाकथित व्यक्ति जो अपने आप को राजनैतिक व्यक्ति बताता है वो और उसका चम्मच जमकर इस जुए के खेल को संचालित करने का काम कर रहे है। इस मामले में सोहागपुर के इस व्यक्ति ने शहडोल एवं घुनघुटी तथा पाली पुलिस दक्षिणा चढ़ाकर मौन रहने के लिए वचनवद्ध कर लिया है। चंदनिया में यह खेल लगातार जारी है क्या इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में पुलिस को सफलता मिल पाएगी या नहीं यह सवाल क्षेत्र में भी हो रहा है।

**पाली में इन सटोरियों का चल रहा राज**

संभाग के अंतर्गत उमरिया जिले के बिरसिंहपुर थाने में सट्टे के लिए एरिया बिक चुका है। पाली टीआई ने तो नीलामी कर डाली है। खुलकर अपराध को बढ़ावा देने का काम पाली में टीआई कर रहा है और घुनघुटी में कभी एक शीर्ष अधिकारी का दहिना हाथ बनकर अनर्गल काम करने व्यक्ति इन दिनों मुखिया बना बैठा और शराब तथा सट्टा एवं कबाड़ को संरक्षण दे रहा है और रहीम को पालने का काम भी वहीं कर रहा है। बिरसिंहपुर पाली सट्टे के अपराध से जुड़े हुए लोग जिन्हे कभी शिवहरे बंधुओं के नाम से जाना जाता है उनमे कुछ तो आज भी जुड़े हुए हैं। सूत्रों की माने तो पाली के सिंधी मोहल्ला, सगरा तालाब, मोहल्ला के आसपास, बसोर मोहल्ला, रेलवे लाइन के उस पार विजय , जिमी , विक्की , शिवहरे, लकी सितपाल, गुड्डा , अग्रवाल ये सट्टे के कार्य को अंजाम दे रहे है। जो गलियो की खाक छान रहे थे आज वो मां बिरासनी की नगरी में अपराध से कमाए गए पैसे पर महल तान कर बैठे हुए हैं। पर बेचारी पुलिस दीन-हीन लाचार बनी हुई। अगर इस बेचारी पुलिस को खाकी की लाज रखनी है तो सट्टोरिए, जुआड़ियों पर कार्यवाही करनी पड़ेगी। शहडोल जिले के अमलाई क्षेत्र में भी सट्टोरियों की बल्ले-बल्ले वैसे भी है नगर पालिका के कुछ पार्षद पति एवं पार्षद सहित राजनीतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्तियों की मिली भगत से सट्टा कारोबार फल फूल रहा है वहीं अनूपपुर जिले में खासकर तीर्थ नगरी अमरकंटक अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी ,रामनगर, राजनगर, वेंकट नगर एवं जैतहरी में भी ओपन क्लोज का धंधा संचालित हो रहा है। जैतहरी में राजा तो रामनगर में सानू नामक व्यक्ति सट्टे का संचालन कर रहा है।

# भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा यूरोप तक पहुंचने का समुद्री मार्ग होगा जो लॉजिस्टिक लागत में कमी लाएगा: केंद्रीय वित्त मंत्री

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की जहाज-निर्माण क्षमता को बढ़ावा देने के लिए वित्तपोषण, बीमा, मध्यस्थता और विविध विकल्पों के निर्माण की आवश्यकता है। वित्त मंत्री आज मुम्बई में वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन (जीएमआईएस) 2023 में 'समुद्री वित्तपोषण, बीमा और मध्यस्थता' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित कर रही थीं।भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के बारे में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा, 'हम समुद्री और जमीनी मार्ग के जरिए यूरोप, मध्य एशिया तक पहुंचने पर विचार कर रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी।' वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएमआईएस 2023 महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है जब वैश्विक स्तर पर आपूर्ति की सुरक्षा, आपूर्ति में व्यवधान, मूल्य श्रृंखला आदि में विभिन्न चुनौतियां मौजूद हैं। प्रमुख वस्तुओं के शिपमेंट कभी-कभी जोखिम से भरे होते हैं और इसके कारण खाद्य असुरक्षा और ऊर्जा असुरक्षा चुनौती के रूप में सामने आती हैं, जिससे मुद्रास्फीति में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि जो अर्थव्यवस्थाएं कोविड से बाहर आ रही हैं, वे इस चुनौती का सामना कर रही हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बताया कि समुद्री व्यापार का समर्थन करने के लिए कोविड के बाद जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (जीआईसी आरई) के साथ आईआरडीएआई और घरेलू बीमा कंपनियों के समर्थन से एक "मरीन कार्गो पूल" बनाया गया था। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने समुद्री पुनबीर्मा के साथ भारत की नीली अर्थव्यवस्था सेवाओं में विकास के अवसरों का समर्थन करने के लिए पुनबीर्मा क्षेत्र में संशोधनों की एक श्रृंखला को मंजूरी दे दी है, और प्राधिकरण भारत में अपने परिचालन स्थापित करने के लिए अधिक संख्या में पुनबीर्माकताओं को लाने में सफल रहा है। मध्यस्थता के बारे में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बताया कि भारत ने एक मध्यस्थता विधेयक पारित किया है, एक मध्यस्थता केंद्र की स्थापना की है और मध्यस्थता में अपनी ताकत में सुधार कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि एक पूर्ण भारतीय स्वामित्व वाली और भारत-आधारित संरक्षण और क्षतिपूर्ति (पीएंडआई) इकाई की आवश्यकता महसूस की गई है ताकिः 1) अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और दबावों के प्रति भारत की कमजोरी को कम किया जा सके और जहाजों के संचालन में अधिक रणनीतिक विकल्प प्रदान किया जा सके, 2) तटीय जल के साथ-साथ अंतदेर्शीय जल में परिचालन करने वाले जहाजों को उनके संचालन के दौरान देनदारियों की सुरक्षा प्रदान की जा सके, 3) भारत को संरक्षण और क्षतिपूर्ति (पीएंडआई) व्यवसाय के विशेष क्षेत्र में मजबूती मिल सके, जिसपर वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत कम देशों का प्रभुत्व है तथा भारत की कोई उपस्थिति नहीं है और 4) भारतीय संरक्षण और क्षतिपूर्ति (पीएंडआई) सेवाएं भारत में समुद्री मध्यस्थता को प्रोत्साहित करने और बढ़ाने में भी मदद कर सकती हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि सामंजस्यपूर्ण मास्टर सूची (एचएमएल) पर फिर से विचार करने और सभी वित्तपोषण/नियामक संस्थानों के बीच अवसंरचना की समझ को सुव्यवस्थित करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का भी गठन किया गया है। इस समिति द्वारा विकसित की जा रही रूपरेखा, एचएमएल को समय-समय पर प्रासंगिक क्षेत्रों को अवसंरचना के रूप में वर्गीकरण को अद्यतन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में शुरू की गई राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के तहत मुद्रीकरण के लिए 9 प्रमुख बंदरगाहों में 31 परियोजनाओं की पहचान की गई है, जिनका अनुमानित पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2022-25 के लिए 14,483 करोड़ रुपये है। वित्त मंत्री ने 'सरोद-पोर्ट्स' (विवादों के किफायती निवारण के लिए सोसायटी- पोर्ट्स) की स्थापना के बारे में भी जानकारी दी, जो एक वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) व्यवस्था प्रदान करती है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि भारत, अंतर्राष्ट्रीय शिपमेंट श्रेणी की वैश्विक रैंकिंग में 2014 के 44वें स्थान से बढ़कर 2023 में 22वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने उल्लेख किया कि विश्व बैंक की लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारतीय बंदरगाहों का "टर्न अराउंड टाइम" अब 0.9 दिन है, जो सिंगापुर (1 दिन), संयुक्त अरब अमीरात (1.1 दिन), जर्मनी (1.3 दिन), अमेरिका (1.5 दिन), ऑस्ट्रेलिया (1.7 दिन), रूस (1.8 दिन) और दक्षिण अफ्रीका (2.8 दिन) जैसे देशों से कम है।वित्त मंत्री ने गिफ्ट सिटी में स्थित आईएफएससीए के बारे में भी बात की, जिसने 'शिप लीज' को एक वित्तीय उत्पाद के रूप में अधिसूचित किया है और 'जहाज को पट्टे पर देने के लिए रूपरेखा' के माध्यम से जहाज वित्त और परिचालन पट्टों को सक्षम करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान की है। आईएफएससी में जहाज पट्टे पर देने वाली संस्थाओं के लिए विभिन्न कर प्रोत्साहन और छूट की पेशकश की गई है, जिसमें 10 साल के लिए कर अवकाश, टैक्स होल्डिंग के दौरान कोई पूंजीगत लाभ नहीं, पांच साल के लिए स्टाम्प ड्यूटी में छूट आदि शामिल हैं। विदेशी संस्थाओं को जहाज के पट्टे के कारण रॉयल्टी या ब्याज के रूप में उत्पन्न आय पर अतिरिक्त छूट दी गई है और 100 प्रतिशत कर छूट का लाभ प्राप्त आईएफएससी इकाई द्वारा जहाज के हस्तांतरण से प्राप्त पूंजीगत लाभ पर कोई टैक्स नहीं है। वित्त मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2022 में गिफ्ट सिटी में एक अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (आईएसी) की स्थापना का प्रावधान किया था, ताकि विवाद समाधान प्रक्रिया को तेज किया जा सके।

# पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की तर्ज पर, रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों, बस सेवाओं के साथ व्यापक मल्टी-मॉडल आरआरटीएस नेटवर्क जुड़ेगा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को सुबह लगभग 11:15 बजे उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिकता वाले खंड का उद्घाटन करेंगे। वह भारत में रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के शुभारंभ के साथ साहिबाबाद को दुहाई डिपो से जोड़ने वाली रैपिडएक्स ट्रेन को भी रवाना करेंगे। दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री साहिबाबाद में एक सार्वजनिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे जहां वह देश में आरआरटीएस के शुभारंभ के अवसर पर सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वह बेंगलुरु मेट्रो के पूर्व-पश्चिम गलियारे के दो हिस्सों को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

**दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर**

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले जिस खंड का उद्घाटन किया जाएगा, वह गाजियाबाद, गुलधार और दुहाई स्टेशनों के साथ साहिबाबाद को 'दुहाई डिपो' से जोड़ेगा। प्रधानमंत्री ने 8 मार्च 2019 को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर की आधारशिला रखी थी। नए विश्व स्तरीय परिवहन बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से देश में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बदलने की प्रधानमंत्री की कल्पना के अनुरूप, क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना विकसित की जा रही है। आरआरटीएस एक नई रेल-आधारित, सैमी हाई स्पीड, हाई फ्रीक्वैन्सी वाली कम्प्यूटर ट्रांज़िट प्रणाली है। 180 किमी प्रति घंटे की गति के साथ, आरआरटीएस एक परिवर्तनकारी, क्षेत्रीय विकास पहल है, जिसे हर 15 मिनट में इंटरसिटी आवागमन के लिए हाई-स्पीड ट्रेनें प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो आवश्यकता के अनुसार हर 5 मिनट की फ्रीक्वैन्सी तक जा सकती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तैयार किए जाने वाले कुल आठ आरआरटीएस कॉरिडोर की पहचान की गई है, जिनमें से तीन कॉरिडोर को चरण- कमें लागू करने की प्राथमिकता दी गई है, जिसमें दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ कॉरिडोर; दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी-अलवर कॉरिडोर; और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर शामिल है। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार किया जा रहा है, और यह गाजियाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर के शहरी केंद्रों से गुजरते हुए एक घंटे से भी कम समय में दिल्ली को मेरठ से जोड़ेगा।

देश में विकसित आरआरटीएस एक अत्याधुनिक क्षेत्रीय गतिशीलता समाधान है, और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ से इसकी बराबरी की जा सकती है। यह देश में एक शहर से दूसरे शहर जाने के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और आधुनिक आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप, आरआरटीएस नेटवर्क में रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों, बस सेवाओं आदि के साथ व्यापक मल्टी-मॉडल-एकीकरण होगा। इस तरह के परिवर्तनकारी क्षेत्रीय गतिशीलता समाधान क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देंगे; रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के अवसरों तक बेहतर पहुंच प्रदान करेंगे; और वाहनों की भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाने में मदद मिलेगी।

**बेंगलुरु मेट्रो**

प्रधानमंत्री औपचारिक रूप से जिन दो मेट्रो खंडों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे उनमें बैयप्पनहल्ली को कृष्णराजपुरा और केंगेरी को चैल्लाघट्टा से जोड़ने वाले खंड शामिल हैं। औपचारिक उद्घाटन की प्रतीक्षा किए बिना, इस गलियारे पर जनता को आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए इन दो मेट्रो खंडों को 9 अक्टूबर, 2023 से सार्वजनिक सेवा के लिए खोल दिया गया था।

# श्री नितिन गडकरी ने पंजाब में दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे और अमृतसर बाईपास के निर्माण कार्य में हुई प्रगति की समीक्षा की

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज अपने पंजाब प्रवास के दौरान दिल्ली-अमृतसर-कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे (डीएके) और अमृतसर बाईपास के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंजाब लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री हरभजन सिंह ईटीओ और अमृतसर के सांसद श्री गुरजीत सिंह औजला भी उपस्थित थे। पंजाब में 29,000 करोड़ रुपये की लागत से पांच ग्रीनफील्ड एवं आर्थिक गलियारे बनाए जा रहे हैं। इस 669 किलोमीटर लंबे दिल्ली-अमृतसर-कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण 40,000 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसके बन जाने पर दिल्ली से अमृतसर चार घंटे में और दिल्ली से कटरा छह घंटे में पहुंचा जा सकेगा। वर्तमान में, दिल्ली से कटरा की दूरी 727 किलोमीटर है और इस मार्ग के बन जाने से यह दूरी 58 किलोमीटर घट जाएगी।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में स्वच्छता संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विशेष अभियान 3.0 की प्रगति सुचारु रूप से हो रही है

सूचना और प्रसारण मंत्रालय और देश के विभिन्न भागों में स्थित इसके अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों में विशेष अभियान 3.0 सुचारु रूप से प्रगति कर रहा है। अब तक 366 आउटडोर अभियान चलाए गए हैं और 592 स्थानों को स्वच्छ किया गया है। 5095 किलोग्राम स्क्रैप का निपटान किया गया है। 13541 कागजी फाइलों की समीक्षा की गई है, 941 ई-फाइलों को बंद करने के लिए चिन्हित किया है, अन्य गतिविधियों समेत सांसदों के 13 लंबित संदर्भों को निपटाया गया है। अभियान की अवधि के दौरान लंबित शिकायतों और अपीलों के निपटान के लक्ष्य को पहले ही हासिल किया जा चुका है। मंत्रालय इस अभियान में किए गए प्रयासों के प्रचार के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहा है। हैंडल के माध्यम से अभियान के दूसरे सप्ताह तक 300 से अधिक ट्वीट पोस्ट/री-पोस्ट कर चुका हैं।

# "सरकार ने कौशल विकास की आवश्यकता को समझा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया, जिसके पास अपना बजटीय आवंटन है और विभिन्न योजनाएं हैं"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्रों का शुभारंभ किया। महाराष्ट्र के 34 ग्रामीण जिलों में स्थापित ये केंद्र ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के आरंभ में यह कहा कि यह नवरात्रि का 5वां दिन है, जब स्कंद माता की पूजा की जाती है। यह देखते हुए कि हर मां अपने बच्चों के लिए खुशी और सफलता की कामना करती है, प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि इसे केवल शिक्षा और कौशल विकास से ही संभव बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्रों की स्थापना के बारे में बोलते हुए कहा कि आज का दिन लाखों युवाओं के कौशल विकास के लिए एक बड़ा कदम है, जो इस दिन को स्मरणीय बनाता है।प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व स्तर पर कुशल भारतीय युवाओं की मांग बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कई देशों की जनसंख्या में बढ़ती आयु प्रोफाइल का उल्लेख करते हुए, एक अध्ययन को साझा किया जिसमें कहा गया है कि 16 देशों ने लगभग 40 लाख कुशल युवाओं को रोजगार प्रदान करने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लिए कुशल पेशेवर तैयार कर रहा है।" उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कौशल केंद्र स्थानीय युवाओं को वैश्विक नौकरियों के लिए तैयार करेंगे और उन्हें निर्माण, आधुनिक कृषि, मीडिया तथा मनोरंजन और इलेक्ट्रॉनिक्स में कौशल प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने बुनियादी विदेशी भाषा कौशल, भाषा व्याख्या के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का उपयोग करने वाले सॉफ्ट स्किल में प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। यह प्रशिक्षण नियोक्ताओं के लिए और अधिक आकर्षक बन जाएगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछली सरकारों में लंबे समय तक कौशल विकास के प्रति दूरदर्शिता और गंभीरता की कमी रही, जिसके परिणामस्वरूप कौशल की कमी के कारण लाखों युवाओं के लिए नौकरी के अवसर कम हो गए। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि वर्तमान सरकार ने कौशल विकास की आवश्यकता को समझा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया, जिसके पास अपना बजटीय आवंटन है और विभिन्न योजनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि कौशल विकास योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 30 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न विशेषज्ञताओं के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा पूरे देश में सैकड़ों प्रधानमंत्री कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में कौशल विकास पहल के योगदान पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब अंबेडकर के दर्शन का उल्लेख किया, जो दलितों, पिछड़ों और जनजातियों के उत्थान के लिए औद्योगीकरण पर केंद्रित था, क्योंकि इन समुदायों के पास भूमि बहुत कम थी। अतीत में कौशल की कमी के कारण ये समुदाय गुणवत्तापूर्ण नौकरियां पाने के अवसर से वंचित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की कौशल विकास पहल का सबसे अधिक लाभ गरीब, दलित, पिछड़े और जनजातीय परिवारों द्वारा प्राप्त किया जा रहा है। महिलाओं की शिक्षा के मामले में समाज की बेड़ियों को तोड़ने में सावित्री बाई फुले के योगदान को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने दोहराया कि केवल ज्ञान प्राप्त और कौशल युक्त लोग ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। श्री मोदी ने रेखांकित किया कि महिलाओं की शिक्षा और प्रशिक्षण पर सरकार के विशेष ध्यान की प्रेरणा सावित्री बाई फुले रही हैं। उन्होंने महिलाओं को प्रशिक्षण देने वाले स्वयं सहायता समूहों का उल्लेख किया और बताया कि महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने कृषि और अन्य क्षेत्रों में ड्रोन के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण देने की भी बात कही। प्रधानमंत्री ने उन व्यवसायों का जिक्र किया, जो गांवों में पीढ़ियों से चले आ रहे हैं। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में बात की, जो नाई, बढ़ई, धोबी, सुनार या लोहार जैसे व्यवसायों की मदद के लिए शुरू की गई है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इसके तहत प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा, "सरकार इस योजना पर 13,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है और महाराष्ट्र में 500 से अधिक कौशल केंद्र इसे आगे बढ़ाएंगे।" कौशल विकास के इन प्रयासों के बीच, प्रधानमंत्री ने विभिन्न प्रकार के उन कौशलों में सुधार पर जोर दिया जो देश को और मजबूत करेंगे। उन्होंने भारत के विनिर्माण (मैन्यूफैक्चरिंग) उद्योग में अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पादों या दोषरहित उत्पादों की आवश्यकता को रेखांकित किया और उद्योग 4.0 के बारे में भी चर्चा की जिसके लिए नए कौशल की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकारों को सेवा क्षेत्र, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए नए कौशल पर भी जोर देना होगा। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण के लिए वैसे उत्पादों को खोजने पर भी जोर दिया जो देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जायें। हमें ऐसे उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक कौशल को बढ़ावा देना होगा। भारत के कृषि क्षेत्र में नए कौशल की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने धरती माता की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती पर जोर दिया। उन्होंने संतुलित सिंचाई, कृषि-उत्पादों के प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग का आकलन करने से संबंधित कौशल की आवश्यकता और बाकी दुनिया से ऑनलाइन जुड़ने हेतु लोगों को कुशल बनाने के बारे में बात की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, ह्लदेश की विभिन्न सरकारों को अपने कौशल विकास के दायरे को और बढ़ाना होगा।ह्व प्रधानमंत्री ने प्रशिक्षुओं को आश्वस्त किया कि उन्होंने बिल्कुल सही रास्ता चुना है क्योंकि कौशल के माध्यम से वे अपने परिवार और राष्ट्र के लिए व्यापक योगदान दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री के अनुरोध पर वहां स्थित एक कौशल विकास केन्द्र की अपनी यात्रा का अनुभव सुनाया। प्रधानमंत्री ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री के गौरव को याद किया और बताया कि कैसे कौशल प्रशिक्षण की ऐसी गतिविधियों को सामाजिक स्वीकृति मिली। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रम की गरिमा को स्वीकार करना और कुशल कार्य के महत्व को पहचानना समाज का कर्तव्य है।

इस अवसर पर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस एवं श्री अजीत पवार उपस्थित थे।

**पृष्ठभूमि**

ग्रामीण कौशल्य विकास केन्द्र ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। प्रत्येक केन्द्र कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में लगभग 100 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग भागीदारों और एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जाएगा। इन केन्द्रों की स्थापना से संबंधित इलाके को अधिक सक्षम और कुशल जनशक्ति विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने में मदद मिलेगी।

# गौड़ ब्राह्मण सभा के रोहतक में हुई विशाल जनसभा का असर

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः हरियाणा में अगले साल लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव भी होंगे। ऐसे में यहां सभी राजनीतिक दल दोनों ही चुनावों को ध्यान में रखकर अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। बीजेपी जहां तीसरी बार सत्ता हासिल करने की जुगत में है तो कांग्रेस वापसी की उम्मीद कर रही है। दोनों ही दल अपने लक्ष्य के लिए नए फॉमूर्ले और नए वोट बैंक पर काम कर रहे हैं। इसी वजह से अब तक जिस हरियाणा में जाटों के आसपास ही राजनीति थी, वहां ब्राह्मण राजनीति की बात होने लगी है।

दोनों ही दलों का निशाना ब्राह्मण वोटर है। इस वोट बैंक को अपने साथ लाने के लिए कांग्रेस और बीजेपी के बीच जबरदस्त होड़ देखी जा रही है। पिछले दिनों बीजेपी सांसद अरविंद शर्मा ने मनोहर लाल खट्टर की जगह किसी ब्राह्मण समुदाय के नेता को मुख्यमंत्री बनाने मांग उठाई। खबर है कि इसके बाद कांग्रेस भी किसी ब्राह्मण चेहरे को राज्यसभा भेजने की सोच रही है ।

### बीजेपी की कलह या वोट बैंक पर नजर

अरविंद शर्मा रोहतक से सांसद हैं। उन्होंने सीएम मनोहर लाल खट्टर को लेकर पिछले दिनों कहा था कि ह्लवह अपना दिमाग लगाकर कोई भी काम नहीं करते हैं। ऐसे में ब्राह्मण समुदाय से संबंध रखने वाले सीएम की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा- 2014 में राम बिलास शर्मा के साथ धोखा हुआ था। पहली बार हरियाणा में बीजेपी सरकार बनने पर उन्हें सीएम नहीं बनाया गया, राम बिलास शर्मा ने पार्टी के लिए सबकुछ किया। उनके नाम पर सरकार बनाई गई, पर उन्हें ही किनारे कर दिया गया।ह्व



### जाट-दलित-ब्राह्मण के फॉमूर्ले पर हुड्डा का फोकस

बीजेपी को देखते हुए कांग्रेस ने भी इस फॉमूर्ले पर काम शुरू कर दिया है। जल्द ही हरियाणा की दो राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने हैं, इनमें एक सीट बीजेपी और एक सीट कांग्रेस को मिलने की उम्मीद है। अभी तक कुमारी सैलजा को राज्यसभा भेजने की चर्चा थी, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा यहां से किसी ब्राह्मण को राज्यसभा भेजना चाहते हैं। हुड्डा 2024 के लिए जाट-दलित-ब्राह्मण के फॉमूर्ले पर चलना चाहते हैं। ऐसे में हुड्डा यहां से आनंद शर्मा के नाम पर जोर दे रहे हैं ।

### क्यों हो रही है इतनी कोशिशें

हरियाणा में ब्राह्मण वोटरों की संख्या करीब 12 प्रतिशत है। ये वोटर करीब 12 विधानसभा सीटों के नतीजे प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। यही नहीं तीन लोकसभा सीटों पर भी इनका दबदबा है। यह ब्राह्मण वोट की ताकत ही थी कि 2019 के लोकसभा चुनावे में जाट समुदाय के 'मक्का' कहे जाने वाले रोहतक संसदीय क्षेत्र से बीजेपी के ब्राह्मण प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद शर्मा ने जीत दर्ज की। अगर हरियाणा की राजनीति के इतिहास को देखेंगे तो यहां से अभी तक एक बार ही ब्राह्मण मुख्यमंत्री बना है। 1962 में भगवत दयाल शर्मा संयुक्त पंजाब के मुख्यमंत्री बने थे । भगवत दयाल शर्मा के बाद कांग्रेस से विनोद शर्मा ने भी ब्राह्मण नेता के रूप में प्रदेश में अपना दबदबा रखा। इसके बाद बीजेपी राम बिलास शर्मा भी तेजी से आगे बढ़े, लेकिन 2019 के चुनाव के बाद अचानक वह कहीं खो गए।

**ब्राह्मण मतदाताओं को लेकर भूपेन्द्र हुड्डा और मनोहर लाल के बीच छिड़ी नयी राजनीतिक जंग**

**हरियाणा में ब्राह्मण मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस और भाजपा ने बुनना शुरू किया ताना बाना**

**भाजपा ने तीसरी बार सत्ता में आने के लिए ब्राह्मण समुदाय के वोट बैंक पर टिकाई नजरें**

### खट्टर भी समझ रहे ब्राह्मण वोट का महत्व

ुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी ब्राह्मण वोट की ताकत को समझते हुए अब इसे साधने में लग गए हैं । उन्होंने हाल ही में कैथल में एक मेडिकल कॉलेज का नाम परशुराम के नाम पर रखा। उन्होंने 11 दिसंबर को अपने गृह क्षेत्र करनाल में दूसरे ब्राह्मण महाकुंभ के आयोजन की भी घोषणा की है। मनोहर लाल खट्टर ने इसी साल अप्रैल में परशुराम के नाम पर एक डाक टिकट भी जारी करते हुए हरियाणा में परशुराम जयंती पर छुट्टी भी घोषित की थी।

# अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम की अनुपालना करना आईएएस अधिकारियों के लिए अनिवार्य

## आईएएस अधिकारी बंधे हैं नियमों की लगाम में

अपने या परिवार के किसी सदस्य के स्वामित्व वाली अचल और चल सम्पत्ति की खरीद- फरोख्त की जानकारी अवश्य पूर्व में ही दी जाए सरकार को- संजीव कौशल

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ , 19अक्टूबरः हरियाणा के मुख्य सचिव, श्री संजीव कौशल ने आईएएस अधिकारियों के लिए एडवाईजरी जारी है कि वे अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 के नियम 16(3) के अनुसार अपने स्वामित्व वाली या अपने नाम या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर किसी भी अचल या चल संपत्ति को खरीदने एवं बेचने से पहले सरकार को अवश्य सूचित करें।



मुख्य सचिव ने अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियमों के नियम 16(3) के प्रावधानों बारे अधिकारियों को जारी लिखित पत्र में यह अवगत करवाया है कि इस नियम के अनुसार सर्विस में कोई भी अधिकारी अपने नाम या अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पर सरकार की पूर्व जानकारी के बिना पट्टे, ग्रहण, खरीद, उपहार के माध्यम से किसी भी अचल संपत्ति को नहीं खरीदेगा।

जारी आदेशों के अनुसार यदि कोई अधिकारी पट्टे, ग्रहण, बिक्री, उपहार या उसके स्वामित्व वाली या उसके परिवार के सदस्य नाम की किसी भी अचल संपत्ति को बेचेगा तो उसकी भी सरकार से पहले अनुमति लेनी होगी।

# पंजाब में कांग्रेस नेता जगविंदर पाल सिंह 'जग्गा' ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 19अक्टूबरः पंजाब में इस समय आम आदमी पार्टी की सरकार है और इस बीच पार्टी के खेमे में नए-नए नेताओं की एंट्री हो रही है। अब एक और कांग्रेस नेता ने आप का दामन थाम लिया है। मजीठा से जगविंदर पाल सिंह जग्गा कांग्रेस को छोड़कर अब आप में शामिल हो गए हैं। खुद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जग्गा की जॉइनिंग कराई। मान ने पार्टी का पटका पहनाकर जगविंदर पाल सिंह जग्गा का स्वागत किया।

### मजीठा से दमखमी उम्मीदवार माने जाते हैं जगविंदर सिंह

जानकारी के मुताबिक, जगविंदर पाल सिंह जग्गा मजीठा से दमखमी उम्मीदवार माने जाते हैं। जगविंदर ने कांग्रेस पार्टी की टिकट पर मजीठा से 2022 में विधानसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान मजीठा में बिक्रम मजीठिया की पत्नी भी चुनाव में खड़ी थीं जिन्होंने जीत हासिल की थी। फिलहाल अकाली दल का गढ़ माने जाने वाले मजीठा पर अब आम आदमी पार्टी जगविंदर पाल सिंह जग्गा के सहारे अपने पैर जमाने की कोशिश करेगी। गौरतलब है कि जगविंदर पाल के भाई लाली मजीठिया पहले ही 'आप' पार्टी में शामिल हो गए थे।

समाज जागरण हिंदी समाचार पत्र मे सभी प्रकार के क्लासिफाइड विज्ञापन के लिए संपर्क करे।

# साइबर सिटी को समार्टर बनाने वाले राजनेता क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के नाम पर हुए गायब

## विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू मच्छरों से परेशान जनता को सरकारी अस्पताल में नहीं मिल रहा सहारा

एस. के. शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा वर्ष चण्डीगढ़

गुरुग्राम, अक्टूबरः हरियाणा के साइबर सिटी गुरुग्राम को स्मार्ट सिटी से स्मार्टर सिटी बनाने वाले नेता, मंत्री, विधायक आखिर सब कहाँ गायब हो गए, बीते कई महीनों से साइबर सिटी की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। यहाँ सफाई कर्मचारी बार-बार धरने प्रदर्शन पर बैठ रहे हैं। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है । क्या कारण है सरकार स्थिति को संभाल नहीं पा रही है। यह बात हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने आज कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता सिर्फ गुमराह करने और झूठे वादों करने पर ही विश्वास रखते हैं। जो नेता देश में 100 स्मार्ट सिटी बनाने की बातें करते थे ,अब आखिर देश और प्रदेश में स्मार्ट सिटी बनाने पर चर्चा क्यों नहीं करते । आखिर 9 साल के शासनकाल में प्रदेश और देश की सरकारों ने कितनी स्मार्ट सिटी बनाई, जनता जानना चाहती है।

डावर ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में शहर चमचमाता रहता था यहाँ ना तो कभी प्रदूषण की इतने बड़े लेवल पर समस्या थी और ना ही इतनी गंदगी, जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से ही प्रदेश की जनता प्रदूषण की मार झेल रही है। आज गुरुग्राम शहर का कोई भी ऐसा सेक्टर कोई भी ऐसी सोसाइटी और कोई भी ऐसी कॉलोनी नहीं है जहाँ सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो, बहुत से लोग अब इस शहर से पलायन करने की नीयत बना रहे हैं । अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो यहाँ महामारी जैसी स्थितियां भी पैदा हो सकती है ।इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि शहर के मौजूदा हालात पर शर्म करनी चाहिए सरकार में बैठे नेताओं को जो यह सब देख कर मौन बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था का दिवाला इस कदर पिट चुका है कि हर दिन हत्यारे लूटमार के इरादे से आते हैं और लूटपाट करने के बाद कितने ही लोगों को मौत के घाट उतारा गया है। मकानों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानो के अतिरिक्त गुरुग्राम की सीमा के साथ जुड़े एनसीआर क्षेत्र में लावारिस लोगों की लाशें मिलना आम बात है ।यहाँ जंगल राज चल रहा है। पुलिस बल ऐसे लावारिस लाशों के मामले कीर्तन खोज करने की बजाय इश्तिहार फोटो छापकर खानापूर्ति कर रहा। ये सब बातें संज्ञान में हैं जिन्हें तब मंच पर लाया जाएगा जब चुनाव का समय आएगा और सरकार कानून व्यवस्था के बारे में पोल खोली जाएगी।

# हरियाणा में प्रशासनिक फेरबदल के तहत आशिमा बराड़ को सौंपा गया शहरी विकास प्राधिकरण की महानिदेशक का पदभार

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 19अक्टूबरः हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते प्रतीक्षारत 2 आईएएस अफसरों की विभिन्न विभागों में शीर्ष पदों पर नियुक्तियाँ की हैं। 2004 बैच की आईएएस आशिमा बराड़ को अर्बन एस्टेट की महनिदेशक का पद सौंपा गया है। इस चार्ज से आईएएस टीएल सत्यप्रकाश को रिलीव किया गया है। वहीं आशिमा के पास डीजी मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च का भी चार्ज रहेगा। साथ ही इसी विभाग में वह सचिव की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेंगी। पहले ये चार्ज आईएएस प्रियंका सोनी संभाल रहीं थीं। जो कि मैटरनिटी लीव पर चली गईं हैं।

इसके अलावा 2005 बैच के आईएएस मंदीप बराड़ अब महानिदेशक खनन बनाए गए हैं। उनके पास अन्य विभाग भी रहेंगे। मंदीप बराड़ को ये विभाग देने के चलते तीन आईएएस अधिकारियों को रिलीव किया गया है। बता दें कि, मंदीप बराड़ चंडीगढ़ के उपायुक्त भी रह चुके हैं। वह हरियाणा से डेपुटेशन पर तीन साल के लिए चंडीगढ़ आए थे। इसी प्रकार अगर आईएएस आशिमा बराड़ की बात करें तो आशिमा बराड़ की काफी अहम पदों पर नियुक्ति हो चुकी है। आशिमा बराड़ हरियाणा के मुख्यमंत्री की उपप्रधान सचिव और अतिरिक्त प्रधान सचिव भी रह चुकी हैं।

# पंजाब में शिवसेना नेता अमित अरोड़ा के नाम की सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो के कारण खड़ा हुआ विवाद

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ अक्टूबर : पंजाब में बीते दिनों कुल्हड़ पिज्जा कपल की एक अश्लील वीडियो वायरल हुई थी। वहीं अब शिवसेना नेता अमित अरोड़ा के नाम से एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई है और जमकर वायरल है। वीडियो में एक महिला के साथ सेक्स किया जा रहा है। फिलहाल, शिवसेना नेता अमित अरोड़ा ने इस वायरल वीडियो को फर्जी बताया है। उनका साफतौर पर कहना है कि, ये वीडियो उनकी नहीं है। ऐसा करने में किसी ने शरारत की है।

अमित अरोड़ा का कहना है कि उनके कई दुश्मन हैं जो उनके रुतबे से जलते हैं और उनकी छवि खराब करना चाहते हैं। इससे पहले भी उन्हें कई बार फर्जी तरीके से फंसाने की कोशिश की गई है। शिव सेना नेता अमित अरोड़ा ने कहा है कि वह इस मामले में पुलिस को शिकायत देंगे और कार्रवाई की मांग करेंगे। अमित अरोड़ा ने कहा कि जो व्यक्ति वीडियो में दिख रहा है वह वो नहीं हैं।



### खालिस्तानियों का खुलकर विरोध करते हैं अमित अरोड़ा

बता दें कि, शिवसेना नेता अमित अरोड़ा की पंजाब में एक नामी हिन्दू नेता के रूप में पहचान है। अरोड़ा को जान से मारने की धमकी भी मिल चुकी है। उन्हें सुरक्षा भी दी जा चुकी है। अमित अरोड़ा सोशल मीडिया पर भी आएदिन अपने वीडियोज और बयानों के चलते छाए रहते हैं। अमित अरोड़ा को खलिस्तानियों का खुलकर विरोध करते हुए देखा जाता है। ध्यान रहे कि, पिछले साल पंजाब के अमृतसर में अमित अरोड़ा के करीबी शिवसेना नेता सुधीर सूरी की गोली मारकर सरेआम हत्या कर दी गई थी। वह गोपाल मंदिर के बाहर कुछ लोगों द्वारा खंडित की गई देवी-देवताओं की मूर्तियों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

# हरियाणा में निकाय चुनावों की संभावना पर लगा प्रश्नचिह्न

## नयी वार्ड बंदी और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की एक कैटेगरी बनी मुख्य कारण

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबर : हरियाणा में इस साल नगर निगम और नगर पालिका के चुनावों पर प्रश्नचिह्न लगने की संभावनाओं ने जन्म ले लिया है। उन संभावनाओं के दृष्टिगत इस साल नगर निकाय चुनाव नहीं हो पाएंगे। इसकी वजह यह है कि नगर परिषद, नगर पालिका और नगर निगम में वार्डबंदी का काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया बताया गया है। प्रदेश की 28 में से अभी तक 24 परिषद, पालिका और निगम में ही वार्ड बंदी का काम पूरा हो पाया है। हैरानी की बात यह है कि अभी तक केवल 19 का ही नोटिफिकेशन जारी हो पाया है।

हालांकि सरकार की ओर से यह दावा किया जा रहा है कि जल्द ही सूबे में वार्ड बंदी और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग-ए कैटेगरी के आरक्षण का काम पूरा हो जाएगा, जिसके बाद चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी।

### इस वजह से नहीं हो पाएं चुनाव

प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता का इस मामले में कहना है कि मेरी जानकारी के अनुसार सूबे में 28 जगहों पर नगर परिषद, नगर पालिका और नगर निगम के चुनाव होने हैं। यह चुनाव नई वार्ड बंदी और ओबीसी ए कैटेगरी के आरक्षण की वजह से नहीं हो पाए, लेकिन सरकार इस दिशा में तेजी के साथ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि वार्ड बंदी का काम लगभग पूरा हो चुका है, जल्द ही चुनाव की तैयारियां शुरू होंगी।




### तीन सप्ताह में रिपोर्ट देगी सरकार

हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम और मानेसर समेत कई जगहों पर नगर निकाय चुनाव बाकी हैं। इन चुनावों का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है, इस पर निकाय मंत्री ने कहा कि ओबीसी ए आरक्षण को लेकर काम तेजी से किया जा रहा है, मुझे उम्मीद है कि हम अगले दो से तीन हफ्ते में अपनी सारी रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंप देंगे, इसके बाद चुनाव आयोग अपनी तैयारी कर चुनाव करवा सकता है।

### चुनाव आयोग जारी कर चुका ड्राफ्ट लिस्ट

पंचायत चुनावों के बाद अब फिर से हरियाणा में चुनावी मौसम आ गया है। हरियाणा में होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता प्रारूप सूची जारी कर दी है। आयोग ने 4 नगर परिषदों और 22 नगर पालिकाओं के होने वाले चुनावों के मद्देनजर जारी सूचियों में दावे और आपत्तियों के लिए 21 अप्रैल की डेट निर्धारित की है। किसी भी मतदाता को आपत्ति होने पर वह इस डेट से पहले अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

समाज जागरण हिंदी समाचार पत्र मे सभी प्रकार के क्लासिफाइड विज्ञापन के लिए संपर्क करे।

# हरियाणा में मनरेगा मजदूरों की हाज़िरी में धांधली रोकने के लिए उठाए गए हैं समुचित कदम- देवेंद्र सिंह बबली

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ 19अक्टूबरःहरियाणा में मनरेगा मजदूरों की काफी संख्या है। ऐसे में यहां अब एक बड़ा फैसला लिया गया है। हरियाणा में अब मनरेगा मजदूरों की हाजिरी में किसी भी प्रकार की हेराफेरी नहीं हो पाएगी। दरअसल, अब मनरेगा मजदूरों की हाजिरी उनके चेहरे से लगाई जाएगी। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने यह जानकारी दी है।

**देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा में अब मनरेगा मजदूरों की हाजिरी में धांधली नहीं हो सकेगी।**

**मजदूरों की बोगस हाजिरी को रोकने के लिए एक विशेष मनरेगा मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम**

एम.एम.एम.एस. एप द्वारा कार्यस्थल पर मौजूद मजदूर के चेहरे से हाजिरी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मनरेगा के कार्य को पारदर्शी बनाने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह नई योजना शुरू की है। इस बारे में देवेंद्र सिंह बबली ने ही केंद्र सरकार को सुझाव दिया था। हरियाणा में मनरेगा मजदूरों के लिए यह सब सबसे पहले हो रहा है।

# शिक्षा निदेशालय और 177 दिन से क्रमिक अनशन पर बैठे शिक्षकों के बीच बनी सहमति

### शिक्षकों का धरना प्रदर्शन हुआ खत्म, अनसुलझे मामलों पर शिक्षक उठा सकते हैं भविष्य में कोई कदम

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ अक्टूबरः हरियाणा में 177 दिनों से चल रहा शिक्षकों के क्रमिक अनशन का अंत हो गया है। इस अंत का मुख्य कारण प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों की अधिक्तर माँगों को स्वीकार करना बताया गया है।

विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षकों के 14 अक्टूबर के प्रदर्शन के आगे सरकार ने घुटने टेक दिए हैं और हरियाणा के शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में अध्यापक संघ की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में शिक्षा निदेशालय की तरफ से एसीएस सुधीर राजपाल, सैकेंड्री स्कूल शिक्षा निदेशक अंशज सिंह, मौलिक शिक्षा निदेशक रिपुदमन ढिल्लों एवं संयुक्त व अतिरिक्त निदेशक सतपाल शर्मा, नीरज शर्मा, विजय यादव के साथ निदेशालय के सभी अधिकारी उपस्थित थे। अध्यापक संघ के साथ सरकार की यह बैठक डेढ़ घंटे तक चलने के बाद ही कुछ परिणाम लेकर आई है। जिन मुद्दों पर बैठक के दौरान सहमति नहीं बन पाई उनके लिए शिक्षक संघर्ष जारी रखेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षकों ने इस बैठक में मांग रखी कि किसी भी सूरत में जेबीटी का ट्रांसफर ड्राईव रोका नहीं जाना चाहिए। इस पर विभाग ने ड्राईव ना रोकने का भरोसा दिलाया है। रैशनेलाईजेशन व्यवहारिक व 30 सितंबर के आधार पर की जाने पर सहमति बनी तथा सी एंड वी के अंतर जिला तबादले मार्च और अप्रैल में करवाने का आश्वासन दिया गया है।

दाखिलों में पीपीपी व आधार की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है। कोई भी शिक्षक बच्चों को दाखिलों से मना नहीं कर सकता। बिना आधार वाले बच्चों का दाखिला कर अपने जिले के अधिकारियों को लिखित में सूचित करेंगे। जो उनका आधार कार्ड बनवाने का प्रबंध करेंगे। वही एम आई एस पर चढ़ाने के लिए दूसरे राज्यों से स्थानांतरित होकर आए छात्रों का टेंपररी पीपीपी विभाग द्वारा बनाया जाएगा।

सरकार और शिक्षकों के बीच सीबीएसई बोर्ड की फीस पर भी सहमति बन गई है। बताया गया है कि यह सहमति हरियाणा बोर्ड की तर्ज पर सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति पर बनी है। शिक्षकों पर बोर्ड में स्कूल रजिस्ट्रेशन ना करने की आड़ में लगाए 5000 जुमार्ने को भी सरकार वापिस करवाएगी। छह माह से एसीपी लटकाने वाले जिम्मेदार को चार्ज शीट किया जाएगा । एसीपी से 50 प्रतिशत की शर्त हटाने के फैसले पर भी दोनों ओर से सहमति हुई है । 15 दिन के अंदर अगले संबंधित को अनुभाग अधिकारी के खाली पदो का चार्ज दिया जाना तय कर दिया गया है । मर्ज हुए 102 मीडिल स्कूलों में से डीमर्ज किये 56 स्कूलों के काम पर प्रक्रिया जारी होगी। गैर शैक्षणिक कार्यों पर रोक लगाने पर सरकार सहमत नहीं हुई है। उधर, विभाग बच्चों की सभी तरह की इंनसैंटिव राशि मिलने की सूचना हार्ड कापी में संबंधित स्कूलों को उपलब्ध करवाएगा। साथ साथ गेस्ट टीचर की संबंधित पद की शुरूआती बेसिक पे से मानदेय आगे नहीं बढ़ने देने वाले एक्ट में सरकार ने जल्दी संशोधन का आश्वासन दिया है। विभाग जनवरी की



छुट्टियों में गेस्ट टीचर द्वारा लगाई गई कक्षाओं के बदले में छुट्टी का प्रावधान भी करेगा । सरकार ने हिंदी, संस्कृत व पंजाबी टीजीटी से पीजीटी के खाली पद ना होने की आड़ में पदोन्नति से इंकार किया है। शिक्षकों और सरकार के बीच पार्ट टाइम स्वीपर, चौकीदार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम, एक्सग्रेसिया को प्रति माह वेतन देने का प्रावधान करने पर सहमति हो गई है।

विभाग ने मिड डे मील की राशि बढ़ाने की मांग को कोई तवज्जो नहीं दी। कहा गांव वालो से सहायता की अपील करो। इसके साथ आटा प्रतिमाह पहुंचाने व कुछ रेसिपीज में अध्यापक संघ के सुझाव मानने को विभाग तैयार हुआ है। सरकार ने आरोही मॉडल स्कूलों के स्टाफ को नियमित करने पर भी सहमति प्रदान कर दी है। मेवात माडल स्कूलों को शिक्षा विभाग में पूर्णतया मर्ज करते हुए आखिर टीजीटी व प्रिंसिपल का मामला सुलझाया। एक ड्राईवर को पक्का करने आनाकानी। आश्रितों के मेडिकल क्लेम में पीपीपी की इनकम को ही माना जाएगा। हेल्थ डिपार्टमेंट के वर्तमान फोमेंट में विभाग जल्दी ही बदलाव कर देगा।

99 से ज्यादा छात्रों वाले स्कूलों को ही विभाग कौशल रोजगार निगम से सफाईकर्मी देने को तैयार। बाकी के लिए अध्यापक संघ का संघर्ष जारी रहेगा।

मेवात, मोरनी में स्वेच्छा से स्पेशल जाने वालो को ही बेसिक का 10 प्रतिशत या 10,000 रू. देगा विभाग। ट्रांसफर ड्राइव में लो मेरिट से गये टीचर को नहीं देगा। अध्यापक संघ की मांग हैं कि सभी शिक्षकों को बिना शर्त मिले लाभ। नहीं बनी सहमति। सिरसा जिले में जीवम फाऊंडेशन के एनजीओ पर अनाधिकृत रोक लगाने पर कहा कि यह राजनीतिक मामला हैं। शिक्षामंत्री जी इसे स्पेशल देख रहे हैं। मंशा समझ नहीं आई की उसे रोक रहे हैं या शह दे रहे हैं।

### विद्यालय समय एक नबंवर से 9 बजे करने पर हुई सहमति।

प्रति दो महिने पर विभाग हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ से करेगा नियमित बैठक- माडल स्कूलों, कस्तूरबा, आरोही एंव पी एम श्री स्कूलों में विभाग खाली पदों को कौशल रोजगार निगम से भरने पर अड़ा। अध्यापक संघ की मांग हैं कि नियम से नियमित पैंशनयुक्त भर्ती करो। आगे से हमेशा के लिए बंद सैंटा पेपर को अप्रैल में करवाने पर ही सहमति बनी। बाकी के लिए विरोध जारी रहेगा। डाईट/बाईट के सभी तरह के बजट को एक सप्ताह में देने की भरी हामी।आज की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। कुछ मांगे हल करने, कुछ पर सहमति दी गई। अध्यापक संघ 15 दिन प्रगति रिपोर्ट का इंतजार कर आगामी रणनीति तय करेगा।

**आज के शिष्टमंडल में धर्मेंद्र ढांडा, प्रभु सिंह, संजीव सिंगला, चिरंजी लाल, कृष्ण नैन, सुखदर्शन, जगतार सिंह, मंजू गुर्जर एंव विजयपाल शामिल रहे।**

# हरियाणा में 21 और 22 अक्टूबर को आयोजित सामान्य पात्रता परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए व्यापक प्रबंध

**अदिति गौड़ संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः हरियाणा में आगामी 21 और 22 अक्टूबर को जिले में आयोजित होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसके अलावा जिले से अन्य स्थानों पर परीक्षा देने जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए भी सुचारू परिवहन व्यवस्था की जा रही है। इसी संदर्भ में वीरवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हिसार मंडल आयुक्त` गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### सुचारू परीक्षा संचालन के लिए जिले में लागू रहेगी धारा-144, डयूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिले में धारा-144 लागू रहेगी। परीक्षा केंद्रों के आस-पास फोटोस्टेट दुकानें बंद रखी जाएगी। परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा अन्य व्यक्तियों के इक्कट्ठा होने पर पाबंदी रहेगी।

### बस अड्डों पर पुख्ता व्यवस्था के निर्देश

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि बस अड्डों पर पुख्ताः व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। बस अड्डों पर हैल्प डेस्क स्थापित कर परीक्षार्थियों के मार्गदर्शन हेतु स्टाफ को तैनात किया जाएगा।

पारदर्शिता के लिए परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक व फेस ऑथेंटिकेशन जैसी तकनीकों से परीक्षार्थियों की पहचान की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे और उनकी निगरानी हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ट्राइसाइकिल और परिवहन के साधनों की सुरक्षा हेतु प्रबंध किया जाएगा।

# हरियाणा में आशा वर्कर्स के मानदेय 2100 रुपये की वृद्धि

## सेवानिवृत्ति पर भी मिलेंगे 2 लाख रुपये

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़ 19अक्टूबरः हरियाणा में आशा वर्कर्स के मानदेय में 2100 रुपये की बढ़ोतरी कर 6100 रुपये मासिक और सेवानिवृति पर 2 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ये आज यहां हरियाणा आशा वर्कर्स पदाधिकारियों के साथ हुई बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी करने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को पत्र लिखा जाएगा। गौरतलब है कि आशा वर्कर को पहले ही, कार्य के दौरान मृत्यु होने पर पर 3 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।



# हरियाणा की जनता के हितों की रक्षा करती मनोहर सरकार- सचदेवा

हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा )भारतीय जनता पार्टी अंबाला शहर नगर निगम के मनोनीत सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने नई कन्वर्जन पॉलिसी पास कर दी है और बहुत जल्द इसके पत्र संबंधित नगर पालिका नगर निगम नगर परिषद क्षेत्र को भेज दिए जाएंगे!!



उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के पास जन संवाद कार्यक्रम के दौरान पूरे हरियाणा से इस प्रकार की मांग उठ रही थी और जनता की आवाज को सुनते हुए जनता के हितों की रक्षा करते हुए माननीय मुख्यमंत्री ने इस पर एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए हरियाणा सरकार की नई पॉलिसी घोषित कर दी है!!!

इस घोषणा के अनुसार अब जिन भी साथियों ने रिहाइशी इलाकों में काम करने की गतिविधियां शुरू कर रखी हैं चाहे फिर वह डॉक्टर हैं दुकान हैं या और भी किसी प्रकार के काम अपने इलाकों में शुरू कर दिए थे और उन्होंने नगर निगम से नक्शे पास नहीं कराए थे अब वह सब लोग नई पॉलिसी के तहत एक निश्चित राशि भर के इन सब कामों को कानून रुप से अमली जामा पहना सकेंगे!

इससे एक तरफ जहां इन लोगों को निश्चित होकर अपना काम और व्यवसाय करने की राहत मिलेगी वहीं भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी!कुछ लोग क्योंकि इस सब की आड़ में कहीं ना कहीं भ्रष्ट अधिकारी इन सब लोगों को गए बगाहे तंग करते थे और कुछ ब्लैकमेलिंग प्रवृत्ति के व्यक्ति जो आरटीआई की जानकारियां लगाकर ऐसे लोगों को ब्लैकमेल करते थे, उन पर भी अंकुश लगेगा!!

सरकार का यह फैसला लोगों को राहत देने वाला, रोजगार देने वाला और हरियाणा तरक्की की तरफ आगे बढ़ने वाला है!! सचदेवा ने इसके लिए प्रदेश की मनोहर सरकार को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया और धन्यवाद किया कि इस प्रकार के जनहित के निर्णय निश्चित तौर पर जनता में प्रदेश सरकार के प्रति विश्वास पैदा करेंगे और यह सब काम आने वाले समय में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने में लाभकारी होंगे!!!

# ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र, कैथल और जींद जिलों में 21 करोड़ रुपये से अधिक की 21 परियोजनाएं क्रियान्वित

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़ 19 अक्टूबरः हरियाणा सरकार ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत कुरूक्षेत्र, कैथल और जींद जिलों में 21 करोड़ रुपये से अधिक की 21 नई परियोजनाएं क्रियान्वित करेंगी। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इन परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कुल स्वीकृत कार्यों में 2.46 करोड़ रुपये की लागत से गांव चौसाला तहसील कलायत, कैथल में आधारभूत संरचनाओं का नवीनीकरण, बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण, वितरण प्रणाली में सुधार परियोजना है। इसके अलावा 2.66 करोड़ रुपये की लागत से गांव कलाशेर तहसील कलायत, कैथल में नहर आधारित वाटर वर्क्स का निर्माण, पुरानी एसी/पीवीसी जल आपूर्ति पाइप लाइनों को बदलना, जल जीवन मिशन के तहत कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है।

इसके अतिरिक्त 2.92 करोड़ रुपये की लागत से गांव हरिगढ़, जींद में जल आपूर्ति योजना का नवीनीकरण और उन्नयन तथा वितरण पाइप लाइन, 1.45 करोड़ रुपये की लागत से गांव फुल्लियां कलां तहसील नरवाना, जींद में शेष गलियों में जल आपूर्ति पाइप लाइन बिछाना, क्षतिग्रस्त आरसीसी इनलेट चैनल के विरुद्ध आरसीसी इनलेट चैनल का पुनर्निर्माण, बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण कार्य शामिल है। प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त के अलावा, 1.35 करोड़ रुपये की लागत से कैथल के गांव पाई में वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण, 1.32 करोड़ रुपये की लागत से गांव हमीरगढ़, ब्लॉक उझाना तहसील नरवाना, जींद में जल आपूर्ति योजना का उन्नयन और शेष वितरण पाइप लाइन बिछाना शामिल है।

# सिम मध्यप्रदेश से, वेबसाइट नोएडा से, ठग पंजाब का, हरियाणा साइबर क्राइम टीम ने धर दबोचा

## फेक सिम मध्यप्रदेश के जबलपुर से, वेबसाइट यूपी के नोएडा से, कड़ी से कड़ी जोड़ हरियाणा साइबर पुलिस पहुंची आरोपी तक

**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)हरियाणा साइबर पुलिस ने त्योहारों पर लोक लुभावन सपने दिखाकर और बड़ी - बड़ी कंपनियों की वर्षगांठ पर स्क्रैच कूपन देने के बहाने ठगी करने वाले साइबर ठग अमन कुमार पुत्र अशोक कुमार को लुधियाना, पंजाब से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी एक फेक वेबसाइट १ँ्ङ्गा१.ङ्गर्१ चला रहा था जहां दावा किया जा रहा था कि कम्पनी के 155 साल पूरे होने के मौके पर सभी को 1999 रुपए के स्क्रैच कूपन सीधे ग्राहकों के खातों में भेजे जा रहे हैं।

### हर हफ्ते मंगवाता था नया सिम, साइबर थाना पंचकूला में दर्ज किया केस

साइबर पुलिस प्रवक्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी अमन सिंह मात्र 19 साल का है और पंजाब के लुधियाना शहर का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि फेसबुक से उसे एक चैट एप्लीकेशन चैनल का लिंक मिला था जहां से वह एक ग्रुप में जुड़ा था। आरोपी ने उस ग्रुप में से ही बैंक सम्बंधित सभी सुविधाएं जैसे फेक डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड, आदि ऑनलाइन कूरियर के माध्यम से मंगवाई थी। वहीं, आरोपी ने फेक सिम भी ऑनलाइन ही मंगवाई थी। इसके बाद आरोपी ने एक फेक वेबसाइट, टाटा कम्पनी के नाम से बनवाई। इस वेबसाइट पर टाटा कंपनी के मालिकों के फोटो भी लगाए गए थे।

पीड़ित व्यक्ति जैसे ही स्क्रैच कूपन पाने के लिए लिंक पर क्लिक करते और अपनी बैंक की जानकारी अपडेट करते, तुरंत ही रूपए उसके खाते से काट लिए जाते थे। आरोपी ने पुलिस को जानकारी दी कि सिम सप्लाई करने वाला जबलपुर, मध्य प्रदेश से था, और वेबसाइट बनाने वाला नोएडा, उत्तर प्रदेश से था, और दोनों से ही मुख्य आरोपी, एक चैट ऐप के माध्यम से संपर्क करता था। आरोपी हर हफ्ते नई सिम मंगवाता था, ताकि एक बार जिस सिम का उपयोग हो जाए तो उसका उपयोग दोबारा ना करना पड़े। इसके अलावा आरोपी, अलग अलग पेमेंट गेटवे के सहारे ही अन्य आरोपियों के पास लूट के पैसे से उनका हिस्सा भेजता था। साइबर पुलिस हरियाणा के एसपी साइबर अमित दहिया व उनकी टीम ने आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पंचकूला स्थित कोर्ट में पेश किया है, जहां से पुलिस को 5 दिन का रिमांड मिला है। मुख्य आरोपी के खिलाफ एफआईआर 26, 66उ, 66ऊ आईटी एक्ट, 419, 120, 467, 468, 471 आईपीसी की धाराओं में साइबर क्राइम थाना, पंचकूला में मामला दर्ज किया गया है।

साइबर टीम ने उच्च तकनीकों का सहारा लेकर किया आरोपी को ट्रेस, खाता भी किया सीजः एसपी साइबर अमित दहिया ने बताया कि मोडस ऑपरेंडी में सोशल मीडिया चैट ऐप का उपयोग करता था। वहीं साइबर ठगी किट फेक होने के कारण केस में तकनीकी जटिलताएं अधिक थी। साइबर पुलिस हरियाणा ने सभी सबूतों पर काम करते हुए आरोपी तक पहुंची। उन्होंने बताया कि अधिकतर साइबर ठगी की किट - कम पढ़े लिखे गरीब लोगों के नाम होती थी। गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी व नवीन तकनीकों की सहायता से आरोपियों के बारे में सबूत जुटाए गए। आरोपी के खाते को सीज कर दिया गया है। वहीं साइबर पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराध से जागरूक करने के लिए प्रदेश पुलिस द्वारा अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के तौर पर मनाया जा रहा है। साइबर ठगी से बचने के लिए तुरंत अपनी शिकायत 1930 नंबर पर दर्ज करवाएं।

# नवरात्र की धूम: 5 दिन में 9 मंदिरों में पहुंचे 4.87 लाख भक्त, टॉप पर नैना देवी और तारा माता मंदिर

शिमला. हिमाचल प्रदेश में शारदीय नवरात्रों की धूम है. प्रदेश के सभी



शक्तिपीठों पर भक्तों का तांता लगा हुआ है. आलम यह है कि बीते पांच दिन में नवरात्र के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में 4.87 लाख से अधिक श्रद्धालु मां के दर्शन कर चुके हैं. इस दौरान 29.3 हजार से ज्यादा वाहनों की आवाजाही दर्ज की गई है. हिमाचल पुलिस की तरफ से यह आंकड़ा जारी किया गया है. इस दौरान नौ मंदिरों में कुल 29 हजार से अधिक वाहन एंटर हुए हैं.

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहानीय कार्य करने वाली बालिकाओं को किया जायेगा सम्मानित- उपायुक्त सुशील सारवान

## खेल, शिक्षा, सामाजिक कार्य, बहादुरी और मीडिया में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाएं, 3 नवंबर 2023 तक कर सकती है आवेदन

पंचकूला(संदीप शर्मा) हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहानीय कार्य करने वाली बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिन्हें राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त श्री सुशील सारवान ने बताया कि ऐसी बालिकाएं, जिन्होंने खेल, शिक्षा, सामाजिक कार्य, पौधारोपण, बहादुरी और मीडिया के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है, वे अपना आवेदन 3 नवंबर 2023 तक विभाग की ई-मेल sr-cwharyana@gmail.com पर भेज सकते है ।



उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में खेल, शिक्षा, सामाजिक कार्य, बहादुरी और मीडिया क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को 5 लाख 17 हजार रुपये के कुल 47 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खेल के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए 11-11 हजार रुपये के 20 अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक क्षेत्र में 11-11 हजार रुपये के 10 पुरस्कार, सामाजिक कार्य के क्षेत्र में 11-11 हजार रुपये के 2, मीडिया और साहित्य के क्षेत्र में 11-11 हजार रुपये के 2, बहादुरी के लिए 11-11 हजार रुपये के 3, दिव्यांग बालिकाओं द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया और बहुादरी के क्षेत्र में उपलब्धि के लिए 11-11 हजार रुपये के 5 पुरस्कार और बाल देखरेख संस्थानों के बच्चों की उक्त क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धि के लिए 11-11 हजार रुपये के 5 पुरस्कार शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिये दूरभाष नंबर 0172-2560349 पर संपर्क किया जा सकता है।

# आईपीएस लोकेश कुमार ने दिखाई हरी झंडी।

**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा ) एनसीसी कैडेट्स कैंप के आठवें दिन आईपीएस लोकेश कुमार ने कैंप कमांडेंट एवं ग्रुप कैप्टन एस श्रीनिवासन, वारंट ऑफिसर एन हसन की अगुवाई में तोशाम कस्बे में रैली निकाली गई, जिसे आईपीएस लोकेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जहां एयर फोर्स में प्रयुक्त होने वाले एयर क्राफ्ट को प्रदर्शित किया वहीं कैडेट्स ने नशा मुक्ति, जल संरक्षण एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए आम जन को जागरूक करने बारे बैनरों के माध्यम से समझाया।




आईपीएस लोकेश कुमार ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना करने से पहले अपने संबोधन में कहा की युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए । नशा वह बीमारी है, जिससे न केवल शरीर का बल्कि धन का भी नुकसान होता है। उन्होंने आगे कहा कि यदि हम जल का संरक्षण नहीं करेंगे तो हमारी आने वाली पुस्तें पानी की बूंद बूंद के लिए तरसेंगी। इसलिए जल संरक्षण भी आवश्यक है। वहीं पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए जितना पर्यावरण शुद्ध रहेगा उतना मानव जीवन सुखी रहेगा। यह रैली तोशाम स्थित संगम सीनियर सेकेंडरी स्कूल से लेकर बाजार से होते हुए स्कूल प्रांगण में स्कूल प्रबंधक संदीप पंघाल के संबोधन के बाद सम्पन्न हुई। संदीप पंघाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे स्कूल में राष्ट्रीय कैडेट्स कोर द्वारा दस दिन राष्ट्रीय कैडेट्स कैंप का आयोजन हो रहा है।

इस अवसर पर वैपन इंस्ट्रक्टर सार्जेंट नवीन सहरावत एवं जेडब्ल्यूओ दीपक बिष्ट, कैंप कमांडेंट एवं ग्रुप कैप्टन एस श्रीनिवासन, वारंट ऑफिसर एन हसन, जीसीआई प्रिया कुमारी , सार्जेंट बी एस चौहान, सार्जेंट एस नायर, सुदर्शन के साथ साथ संगम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की तरफ से सहयोगियों के रूप में स्कूल प्रबंधक संदीप पंघाल के स्कूल स्टाफ हरदीप पंघाल, अंशुल गौड़ , संजय ढांडा, तीरंदाजी कोच अमूल्य आनंद , मनोज कुमार , विनीत आदि मौजूद रहे है।

# मेरिट पर भर्ती करना ही सरकार का मुख्य ध्येय- मुख्यमंत्री मनोहर लाल

## 21 व 22 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा के लिए चंडीगढ़ व हरियाणा के 17 जिलों में बनाए गए हैं 798 परीक्षा केंद्र

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा में ग्रुप-डी के 13,536 पदों की भर्ती के लिए होने वाली कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी) के नकल रहित सफल संचालन के लिए राज्य सरकार ने कड़े इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने परीक्षा की समुचित तैयारियों की समीक्षा हेतु आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल आयुक्तों, जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, रेंज आईजी के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मेरिट पर भर्ती करना ही सरकार का मुख्य ध्येय है, इसलिए परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए, यह हम सभी की जिम्मेवारी है।

ग्रुप डी पदों के लिए सीईटी परीक्षा 21 और 22 अक्टूबर, 2023 को आयोजित की जाएगी, जिसका संचालन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए 13,75,151 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। सीईटी परीक्षा के लिए चंडीगढ़ समेत प्रदेश के 17 जिलों नामतः पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, कैथल, हिसार, भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा, पलवल, मेवात में नारनौल और रेवाड़ी में 798 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। परीक्षा सुबह और शाम दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। सुबह 10.00 बजे से 11.45 बजे तक और दोपहर 3 बजे से 4.45 तक दो सत्रों में परीक्षा आयोजित होगी। इस प्रकार, एक शिफ्ट में करीब साढ़े 3 लाख बच्चे परीक्षा देने आने की संभावना है।

### परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टाफ की भी होगी अदला-बदली

श्री मनोहर लाल ने निर्देश देते हुए कहा कि पेपर लीक, पेपर आउट, नकल या किसी और के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति परीक्षा देने आया हो, ऐसे मामले न हों, इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टाफ की इस बार अदला-बदली की जाए, ताकि उन्हें स्वयं भी यह न पता हो कि किस परीक्षा केंद्र पर उनकी ड्यूटी लगेगी। साथ ही, परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक व फेस ऑथेंटिकेशन जैसी तकनीकों से परीक्षार्थियों की पहचान की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा के बारे में यह कहा जाता था कि यहां नौकरियां खरीदी जाती हैं। लेकिन हमने मिशन मेरिट का संकल्प लिया और सरकारी भर्तियां बिना किसी पर्ची व खर्ची के देनी शुरू की। इस बार भी मेरिट पर भर्ती करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर जैमर की तैनाती और वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने व निगरानी के लिए अलग से अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि 21 व 22 अक्तूबर को सप्तम व अष्टमी का उत्सव है, इसलिए परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टाफ विशेषकर महिला अध्यापकों के लिए फलाहार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि जिलों में अभ्यर्थियों के लिए ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसके लिए उपायुक्त अपने-अपने जिलों में धर्मशालाओं को चिन्हित कर लें। साथ ही, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के साथ भी समन्वय स्थापित कर पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

### 21 व 22 अक्तूबर को परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए होगी परिवहन की विशेष व्यवस्था

बैठक में बताया गया कि परीक्षा केंद्रों तक सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से 21 व 22 अक्तूबर को परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए परिवहन की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में बसों की उपलब्धता होगी। इसके लिए हरियाणा रोडवेज की 3000 बसें और विभिन्न शिक्षण संस्थानों की बसों का उपयोग किया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों द्वारा एडमिट कार्ड दिखाने पर यात्रा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशनों पर हेल्प डेस्क भी स्थापित किए जाएंगे।

### परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में लगेगी धारा-144

बैठक में बताया गया कि ग्रुप-डी की सीईटी परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा-144 लागू की जाएगी। इसके अलावा परीक्षा के दिन कोचिंग सेंटर और प्रिंटिंग स्टेशनरी की दुकानें भी बंद रखी जाएंगी। परीक्षा केन्द्रों की पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा किसी भी उम्मीदवार को मोबाइल फोन नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पार्किंग की भी कोई सुविधा नहीं होगी।

बैठक में बताया गया कि हर स्कूल पर एक आर्ब्जवर नियुक्त किया गया है। फोन व ब्ल्यूटूथ जैसे कोई भी उपकरण परीक्षा केंद्रों में ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इतना ही नहीं, सिटी कॉर्डिनेटर और ऑब्जर्वर के पास ही मोबाइल फोन रखने की अनुमति होगी। इनके अलावा किसी अन्य स्टाफ के पास फोन नहीं होंगे।

श्री कौशल ने उपायुक्तों को एक निर्देश है कि शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ट्राइसाइकिल और परिवहन के अन्य साधनों को परीक्षा केंद्र के कमरों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित की जाए। हालांकि, इस बार दिव्यांग अभ्यर्थियों को अपने ही जिले में परीक्षा केंद्र दिलाने की सुविधा मुहैया करवाने का प्रयास किया गया है, ताकि उन्हें लंबी दूरी तय न करनी पड़े और किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि दिव्यांग उम्मीदवारों और शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थी के लिए परीक्षा केन्द्र मे बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। इसी प्रकार, लड़कियों को उनके ही या आसपास के जिलों में परीक्षा केंद्र आवंटित करने का प्रयास किया गया है।

बैठक में मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री एके सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष श्री भोपाल सिंह, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विकास गुप्ता, पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी सीआईडी श्री आलोक मित्तल, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव श्री नवदीप विर्क सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रमुख सचिव सूचना श्री संजय प्रसाद ने सूचना विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

लखनऊः 19 अक्टूबर 2023 प्रमुख सचिव सूचना श्री संजय प्रसाद ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलायी एवं निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उन्हें भविष्य के दायित्वों के निर्वहन की शुभकामनाएं दी।

प्रमुख सचिव सूचना श्री संजय प्रसाद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना विभाग कर्मचारियों के द्वारा भरोसा जताते हुए आप सभी को नई जिम्मेदारी दी गई है, जिसका बेहतर ढंग से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। वे अपने दायित्व को निभाते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हैं, जिससे गरीब व्यक्ति को भी समाज की मुख्यधारा में आने का मौका मिलता है।

निदेशक, सूचना श्री शिशिर ने प्रमुख सचिव सूचना द्वारा अपना अमूल्य समय सूचना परिवार के मुखिया के नाते इस कार्यक्रम को देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा श्री प्रमोद कुमार के अलावा महिलाओं के प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती शालिनी तोमर को सलाहकार सदस्य नामित करना हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ रचनात्मक रूप से कर्मचारियों के हितों से संबंधित विषयों को उच्च स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

सूचना विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ में नवनिर्वाचित सदस्यों में श्री कपिल सिंह ने अध्यक्ष पद (निर्विरोध निर्वाचित) की शपथ ली। श्री निखिल मिश्रा एवं श्री राजेश कुमार उपाध्यक्ष, श्री राजकुमार महामंत्री, मो0 सलीम अंसारी कोषाध्यक्ष पद हेतु तथा श्री अंबुज शुक्ला संगठन मंत्री, श्री हरिप्रसाद ऑडीटर, श्री राजेश कुमार भारती संयुक्त मंत्री, श्री प्रणव शुक्ला प्रचार मंत्री सहित श्री राजा भारती, श्री रवि कुमार, श्री पंकज कुमार यादव, श्री आशीष कुमार-2, श्री उमेश कुमार एवं श्री बृजमोहन पाण्डेय ने संघ के सदस्य के रूप में शपथ ली। मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के इतिहास में पहली बार अध्यक्ष श्री कपिल सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। श्री निखिल मिश्रा लगातार

